www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 9 | कारोबार/खेल

रायपुर, मंगलवार, 29 सितंबर 2026 | कृष्ण पक्ष-तृतीया, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 230 | पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

बाढ़ प्रभावित परिवारों के साथ पूरी संवेदनशीलता से खड़ी है सरकार: सीएम साय

■ **मुख्यमंत्री ने सुकमा जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा, पीड़ित परिवारों से मिलकर जाना हाल**

जगदलपुर/सुकमा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज सुकमा जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचकर उनका हाल जाना। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बाढ़ से प्रभावित शबरीनगर, श्रीनगर, लाइनपारा सहित विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने राहत एवं स्वास्थ्य शिविरों में पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याएं एवं आवश्यकताएं जानीं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रभावित परिवारों को भरोसा दिलाया कि संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ उनके साथ खड़ी है। बाढ़ से जिन परिवारों के मकान, घरेलू सामान अथवा अन्य संपत्ति को नुकसान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सुकमा जिले में भारी बारिश

उल्लेखनीय है कि 23 एवं 24 सितंबर को हुई अतिवृष्टि से सुकमा जिले के अनेक क्षेत्रों में बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति निर्मित हुई थी। प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों के साथ स्वास्थ्य शिविर संचालित किए जा रहे हैं। जरूरतमंद परिवारों को तात्कालिक सहायता, सूखा राशन एवं गर्म वस्त्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच के साथ पेयजल स्रोतों का क्लोरीनेशन और आवश्यक स्वच्छता संबंधी उपाय भी किए जा रहे हैं।

■ **राहत शिविर में प्रभावितों को स्वयं भोजन परोसकर सीएम विष्णुदेव साय ने बढ़ाया हौसला**

■ **बाढ़ से हुई क्षति का शीघ्र आकलन कर आरबीसी 6-4 के तहत मुआवजा देने के निर्देश**

19 राहत केंद्रों में प्रभावितों को ठहराया

मुख्यमंत्री साय ने कोंटा क्षेत्र में भी बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लिया। पिछले दिनों लगातार बारिश के कारण सबरी नदी में जलस्तर बढ़ने से नदी किनारे के गांवों के साथ कोंटा नगर पालिका के चार वार्डों में पानी भर गया था। कोंटा क्षेत्र में प्रभावितों के 19 राहत केंद्रों में ठहरने, भोजन, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है। मुख्यमंत्री ने बाढ़ से क्षतिग्रस्त मकानों को देखा और प्रभावित परिवारों से बातचीत की। उन्होंने अधिकारियों को बाढ़ से मकानों, घरेलू सामान तथा अन्य परिसंपत्तियों को हुए नुकसान का प्राथमिकता से आकलन करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि पात्र प्रभावितों को आरबीसी 6-4 के प्रावधानों के तहत मिलने वाली क्षतिपूर्ति राशि शीघ्र प्रदान की जाए।

300 परिवारों को 10-10 हजार रुपये की सहायता

मुख्यमंत्री साय ने बाढ़ के कारण घरों में रखे सामान को नुकसान पहुंचने से प्रभावित परिवारों के लिए अतिरिक्त आर्थिक सहायता के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे करीब 300 प्रभावित परिवारों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 10-10 हजार रुपये की अतिरिक्त सहायता प्रदान की जाएगी। यह राशि आरबीसी 6-4 के तहत पात्रता के अनुसार मिलने वाली सहायता के अतिरिक्त होगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को सामान्य जीवन की ओर लौटने में हर संभव सहयोग दिया जाए। क्षति के आकलन से लेकर सहायता राशि के वितरण तक पूरी प्रक्रिया संवेदनशीलता और तत्परता के साथ पूरी हो। कोई भी पात्र परिवार सहायता से वंचित न रहे।

आज बेबाक

कहते हैं न कि काठ की हांडी बार - बार नहीं चढ़ती। फिर भी कुछ दिमाग से पैदल बुड़बक ऐसी अहमकाना हरकत करने से बाज नहीं आते। काकरोचों ने जंतरमंतर पर प्रदर्शन कर तात्कालीन शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को इस्तीफा देने पर बाध्य क्या कर दिया, टुकड़े - टुकड़े गैंग को यह गलतफहमी हो गई कि जंतरमंतर पर जाकर नारे लगाके और गालीगलौज करके वे ज्ञानेश कुमार तो क्या डोनाल्ड ट्रंप का भी इस्तीफा ले सकते हैं किंतु पासा उल्टा पड़ गया। पुलिस ने ढपली गैंग की तबियत से बैंड बजा दी। सही बात है। अति का अंत तो होता ही है।

आशीष टिकरिहा बने संचालक जनसंपर्क

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन ने प्रशासनिक स्तर पर एक महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए 2021 बैच के आईएएस आशीष कुमार टिकरिहा को वर्तमान दायित्वों के साथ जनसंपर्क संचालक का अतिरिक्त प्रभार दिया है। यह आदेश आज सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया है। आशीष कुमार टिकरिहा वर्तमान में छत्तीसगढ़ वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन के प्रबंध संचालक के पद पर कार्यरत हैं। अब वे अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ जनसंपर्क संचालक का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगे।

गरमा-गरम

आक्रोश: मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, भूपेश बोले- इस्तीफा दें ज्ञानेश कुमार

कांग्रेसियों व पुलिस के बीच झूमाझटकी कलेक्टोरेट का घेराव, बैरिकेड्स भी तोड़े

रायपुर/दुर्ग/रायगढ़/कवर्धा/नवप्रदेश। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेशभर में कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट कार्यालयों का घेराव करने निकले। रायपुर में कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। बाहर पुलिस के साथ उनकी खींचतान होती रही। प्रदेश कांग्रेस के नए प्रभारी सुखदेव भगत भी प्रदर्शन में शामिल हुए।

रायपुर में राजीव भवन में सुखदेव भगत की अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक हुई थी। इसमें नगरीय निकाय चुनाव, जल-जंगल-जमीन, स्मार्ट मीटर और ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन को लेकर चर्चा हुई। स्मार्ट मीटर के मुद्दे पर भी प्रदेश के सभी जिलों में प्रदर्शन की रणनीति बनाई गई। रायपुर में पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि एसआईआर सर्वे के बाद हुए चुनाव और उपचुनाव फिर से कराए जाएं।

जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दुर्ग में काले कपड़े पहनकर निकाली रैली

दुर्ग में काले कपड़े पहनकर निकली रैली में तीनों जिला अध्यक्षों के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे। प्रदर्शन के बाद ज्ञापन देकर कांग्रेसी लौट गए। वहीं पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि ज्ञानेश कुमार को इस्तीफा देना चाहिए। राजनांदगांव जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरोध में प्रदर्शन किया गया।

चुनाव आयुक्त पर एफआईआर की मांग

महासमुंद में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता को हटाने और एफआईआर दर्ज करने की मांग पर जिला कांग्रेस कमेटी ने कलेक्टोरेट का घेराव किया। सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता रैली निकालकर पहुंचे, केंद्र सरकार व चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस से धक्का-मुक्की और झूमाझटकी भी हुई।

15 राज्यों में कांग्रेस का प्रदर्शन

नई दिल्ली/ए.। कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर देश के 15 राज्यों मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, हरियाणा, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, गुजरात, दिल्ली और केरलम में प्रदर्शन किया। इसके अलावा, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर, तेलंगाना, कर्नाटक में भी प्रदर्शन हुए। यूपी के आगरा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सीईसी ज्ञानेश कुमार के घर पर कालिख पोती। राजस्थान के जयपुर में विरोध कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने वाटर कैनन चलाई।

चुनाव आयोग विवाद पर आर-पार के मूड में कांग्रेस, सीडब्ल्यूसी की बैठक आज

नई दिल्ली/ए.। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर उठे विवाद के बीच मंगलवार को इस मुद्दे पर आगे की रणनीति पर चर्चा करेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में बैठक होगी। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सहित चुनाव प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी विचार-विमर्श हो सकता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को कहा कि उन्होंने मंगलवार को कांग्रेस कार्य समिति की बैठक बुलाई है, जिसमें इस मुद्दे पर चर्चा होगी और सभी सदस्य अपने सुझाव देंगे। उन्होंने कहा कि हम इस मुद्दे को गंभीरता से उठाएंगे। यह मुद्दा पूरे देश के लोगों, हमारे लोकतंत्र के अस्तित्व और भारत के भविष्य से जुड़ा हुआ है। इसलिए हम इस विषय को लेकर बहुत गंभीर हैं।

पूर्व सीएम भूपेश की याचिका पर सुको ने हस्तक्षेप से किया इनकार

■ **भूपेश बघेल को बड़ा झटका, 5 अक्टूबर को हाईकोर्ट में होगी सुनवाई**

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पाटन विधानसभा चुनाव से जुड़ी चुनाव याचिका के मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली। भाजपा सांसद विजय बघेल की ओर से दायर चुनाव याचिका को प्रारंभिक स्तर पर खारिज करने की मांग को लेकर भूपेश बघेल सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे, लेकिन शीर्ष अदालत ने मामले को आगे बढ़ने से रोकने से इनकार कर दिया। इसके बाद चुनाव याचिका की कार्यवाही जारी है।

विजय बघेल ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में दायर चुनाव याचिका में 2023 के पाटन विधानसभा चुनाव में भूपेश बघेल के निर्वाचन को चुनौती दी है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि चुनाव के दौरान आचार संहिता और चुनाव संबंधी कानूनी प्रावधानों का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

टीएमसी के नाम और चिन्ह पर 3 महीने में करें अंतिम फैसला: सुको

■ **चुनाव आयोग ने सबूतों और हलफनामों को देखते हुए छह महीने का मांगा था समय**

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को टीएमसी के नाम और सिंबल के मामले पर सुनवाई करते हुए चुनाव आयोग को तीन महीने में फैसला करने का निर्देश दिया है। चुनाव आयोग को विवाद पर अंतिम निर्णय के लिए 'चुनाव चिह्न आदेश' के तहत समय दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि तीन महीने की अवधि चार हफ्ते बाद शुरू होगी। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस के नाम और 'फूल और घास' वाले चुनाव चिह्न को लेकर चल रहे विवाद पर फैसला लेने के लिए चुनाव आयोग के पास 'तीन महीने का समय काफ़ी है। इस मामले में चुनाव आयोग को 'चुनाव चिह्न आदेश' के पैरा 15 के तहत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नेपाल में पहाड़ टूटकर नदी में गिरा, 14 की मौत, रेस्क्यू जारी

काठमांडू/ए.। नेपाल के मुस्तांग जिले में रविवार को भारी बारिश के बीच पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा टूटकर कालीगंडकी नदी में जा गिरा। इस घटना में 14 लोगों की मौत हुई है। वायरल वीडियो में चट्टानों और मिट्टी का पूरा मलबा कुछ ही सेकेंड में ढलान से नीचे आता दिख रहा है। देखते-देखते नदी का रास्ता मलबे से भर गया। राहत और बचाव कार्य जारी है।

इधर, बाढ़ का पानी बढ़ने से नारायण नदी में बंधे एक क्रूज शिप की रस्सी टूट गई। इसके बाद जहाज करीब 100 मीटर तक नदी के बहाव के साथ बहता हुआ चला गया और पुल के पिलर से

टकरा गया। नेपाल 1 महीने में दूसरी बार भीषण बाढ़ से जूझ रहा है। इससे पहले 26 अगस्त को भोटेकोशी नदी में बाढ़ आई थी। इसमें 1453 लोगों की मौत हुई, जबकि 5500 से ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं।

अमेरिका जा रहे तीन भारतीयों का इथियोपिया में अपहरण

अहमदाबाद/ए.। गैरकानूनी तरीके से अमेरिका जा रहे तीन भारतीयों का इथियोपिया में किडनैप कर लिया गया है। तीनों गुजरात के रहने वाले हैं। इनमें दो लड़कियां और एक युवक शामिल है। तीनों 20 सितंबर को गुजरात से रवाना हुए थे। इसी बीच इथियोपिया पहुंचते ही तीनों का अपहरण कर लिया गया। अपहरणकर्ताओं ने तीनों की रिहाई के बदले में इनके परिवार से एक करोड़ रुपए की फिरौती मांगी थी। तीनों के परिवार वालों ने फिरौती की रकम दे दी है, लेकिन इसके बाद भी तीनों से परिवार का संपर्क नहीं हो पा रहा है।

उज्जैन में मस्जिद तोड़े जाने पर हंगामा, पुलिस पर पथराव

अशोक महावर

उज्जैन/नवप्रदेश। उज्जैन में शाही मस्जिद मामले में दायर याचिका मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने रद्द कर दी है। इंदौर बेंच ने कहा है कि सड़क चौड़ीकरण का काम जारी रहेगा। कोर्ट ने मस्जिद के एक हिस्से को तोड़ने की अनुमति देने वाले आदेश पर रोक लगाने से भी इनकार कर दिया।

इससे पहले इसी मस्जिद का एक हिस्सा तोड़े जाने पर सोमवार सुबह जमकर हंगामा हुआ। पुलिस पर पथराव किया गया। जवाब में लाठीचार्ज और आंसू गैस छोड़ी गई। भीड़ को हटाने के दौरान महिला थाना प्रभारी घायल हो गईं।

■ **मस्जिद तोड़ने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका रद्द**

■ **7 पर एफआईआर, इमाम का दावा- मस्जिद 600 साल पुरानी**

■ **सिंहस्थ प्रोजेक्ट के लिए सड़कें चौड़ी की जा रही, पुलिस ने किया लाठीचार्ज**

विवाद के बाद फोर्स तैनात कर दी गई, लेकिन दोपहर होते-होते फिर पथराव होने लगा। पुलिस ने दोबारा लाठीचार्ज कर आंसू गैस छोड़ी। हंगामे के बीच कार्रवाई जारी रही। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सड़क के दायरे में आए 15 धर्म स्थल, 12 हटाए

सिंहस्थ प्रोजेक्ट के तहत उज्जैन में कंठाल चौराहे से गोपाल मंदिर तक डेढ़ किलोमीटर एरिया की सड़क 15 मीटर चौड़ी की जाएगी। इसके लिए 323 मकान तोड़े जाएंगे। इनमें 15 धर्मस्थल हैं। अब तक 12 धर्मस्थल हटाए जा चुके हैं।

शाही मस्जिद का 4 फीट चौड़ा हिस्सा जद में आ रहा

सड़क के दायरे में शाही मस्जिद का भी करीब 9 फीट लंबा और 4 फीट चौड़ा हिस्सा आ रहा है। दस्तावेज में इस मस्जिद के 100 साल से ज्यादा पुरानी होने की पुष्टि होती है। हालांकि, इमाम का दावा है कि यह 600 साल से ज्यादा पुरानी है।

शेयर बाजार : निवेशकों की वेल्थ 7 लाख करोड़ घटी, राष्ट्रपति ट्रम्प के ईरान जंग रोकने से इनकार का असर

सेंसेक्स में 1,124 अंकों की गिरावट, निफ्टी 22,800 से नीचे

नई दिल्ली/ए.। सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में तेज गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों करीब 1.5% की गिरावट के साथ बंद हुए। तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी और बॉन्ड यील्ड बढ़ने से निवेशकों की चिंता बढ़ी। साथ ही, ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते संघर्ष के कारण बाजार का माहौल और खराब हुआ। दिन के आखिर तक सेंसेक्स 1124 और निफ्टी में 360 अंकों की गिरावट देखने को मिली।

सोमवार को सेंसेक्स ने 73,734 के लेवल पर ओपनिंग दी और दिन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

निफ्टी 50 के टॉप गेनर्स और लूजर्स

निफ्टी 50 की कंपनियों में सबसे ज्यादा बढ़त डॉ रेड्डीज में देखने को मिली, जिसमें 1.67 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। इंफोसिस में 0.30 प्रतिशत की बढ़त और एचडीएफसी लाइफ में 0.12 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली। निफ्टी 50 की कंपनियों में सबसे ज्यादा नुकसान टाटा मोटर्स पीवी को हुआ जिसमें 3 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। अडानी एंटरप्राइजेज में 2.93 प्रतिशत की गिरावट, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज में 2.87 प्रतिशत की गिरावट, पावर ग्रिड में 2.84 प्रतिशत की गिरावट रही।

बॉन्ड यील्ड में तेजी

बॉन्ड यील्ड में लगातार बढ़ोतरी जारी रही और यह कई साल के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। इससे शेयर बाजार पर और दबाव बढ़ा। अमेरिका की 10 साल की सरकारी बॉन्ड यील्ड 5.2% से ऊपर चली गई, जो 2004 के बाद सबसे ज्यादा है। 30 साल की अमेरिकी बॉन्ड यील्ड भी 5.5% से ऊपर पहुंच गई। वहीं, 2 साल की बॉन्ड यील्ड 4.9% से ऊपर चली गई। 2 साल की यील्ड में बदलाव से यह पता चलता है कि बाजार को फेड की ब्याज दर बढ़ाने की कितनी उम्मीद है।

ईरान-अमेरिका में तनाव तेल की कीमतों में उछाल

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के सात दिन के युद्धविराम और स्ट्रैट ऑफ हॉर्मुज को फिर से खोलने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। मिडिल ईस्ट में हालिया घटनाओं के कारण तेल की कीमतों में 2% की बढ़ोतरी हुई और यह करीब 107 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई। बाजार को डर है कि तेल की सप्लाई में आगे भी रुकावट आ सकती है। ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स करीब 107 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड फ्यूचर्स करीब 94 डॉलर प्रति बैरल पर था।

एशियन गेम्स की स्वर्ण पदक विजेता टीम की संजू देवी को साय सरकार देगी 51 लाख रुपये

■ **छत्तीसगढ़ की बेटी ने अपनी प्रतिभा और परिश्रम से देश-प्रदेश का मान बढ़ाया: मुख्यमंत्री साय**

रायपुर/नवप्रदेश। एशियन गेम्स 2026 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला कबड्डी टीम की सदस्य और छत्तीसगढ़ की बेटी सुश्री संजू देवी ने आज मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए संजू देवी को बधाई देते हुए उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सुश्री संजू

देवी को 51 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुश्री संजू देवी ने अपने उत्कृष्ट खेल, कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से अंतरराष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 2 से 7 अक्टूबर तक सिंगापुर दौरे पर

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 2 से 7 अक्टूबर तक सिंगापुर प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे भारत-सिंगापुर विकास और कारोबार सम्मेलन में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के दौरे का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ में विदेशी निवेश की संभावनाओं को बढ़ावा देना और प्रदेश की औद्योगिक क्षमता को वैश्विक निवेशकों के सामने रखना है। प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री सिंगापुर के उद्योगपतियों, निवेशकों और कारोबारी प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे।

राम तेरी खारून मैली हो गई, पापियों का पाप धोते-धोते

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की जीवनदायिनी नदी खारून नदी पापियों का पाप धोते-धोते किस कदर प्रदूषित हो चुकी है कि इन चित्रों में देखा जा सकता है।

बाढ़ उतरने के बाद खारून नदी के दोनों किनारे गंदगी से अट गए है। पेड़ों पर फंसे प्लास्टिक, कपड़े, पॉलिथिन देख कर तो ऐसा लगता है कि देख कर लगता है कि इंसानियत के निशान छोड़ते हुए खारून आगे बढ़ गई और पर्यावरण की दिशा में आम आदमी को सोचने मजबूर कर दिया।



सभी विभागीय सचिवों को समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश

मुख्य सचिव ने सभी विभागों के सचिवों के साथ योजनाओं की समीक्षा की

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन राज्य शासन के सभी विभागों के भारसादक सचिवों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में राज्य शासन के विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव एवं सचिवों के साथ महत्वपूर्ण योजनाओं और विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्धारित कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए है। बैठक में धान खरीफविपणन वर्ष के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए गए।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पेयजल योजनाओं और जल संसाधन विभाग को शहरी एवं औद्योगिक क्षेत्रों में जल प्रबंधन और उपचार के लिए बेहतर कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया है। नगरीय विकास विभाग को सिटी वाटर प्लान को विकसित भारत-2047 के विजन के अनुरूप तैयार करने के निर्देश दिए गए। ग्राम सभा के आयोजन के लिए निर्धारित 15 से 22 अक्टूबर की अवधि में आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने को कहा गया। परिवहन विभाग को आगामी समय में ई-व्हीकल को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान देने तथा खाद्य विभाग को सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन पॉलिसी तैयार करने के निर्देश दिए गए।

■ ई-गजट पर निर्देशों की प्रतियां अपलोड करने कहा

मुख्य सचिव ने कहा कि शासन द्वारा बनाए गए सभी विधिक, नियमो, निर्देशों की संदर्भ प्रति ई-गजट पर अपलोड की जाए, ताकि अधिकारियों और संबंधित विभागों को भविष्य में संदर्भ के लिए इनका आसानी से उपयोग किया जा सके। पेंशन से संबंधित मामलों की विभागवार समीक्षा करते हुए विभागध्यक्ष प्रत्येक विभाग को लंबित प्रकरणों की संख्या, उनके निराकरण में लगे समय और प्रगति की रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पीएआर को आईगॉट से लिंक करने तथा प्रत्येक विभाग को कर्मचारियों के क्षमता निर्माण की कार्ययोजना तैयार करने को भी कहा गया।

30 सितंबर तक रिक्त पदों की जानकारी देने के निर्देश

मुख्य सचिव ने कर्मचारी चयन मंडल के लिए विभिन्न विभागों में रिक्त पदों की जानकारी 30 सितंबर तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में लोक सेवा गारंटी अधिनियम, रिफॉर्म उत्सव, 2 अक्टूबर की ग्राम सभाओं की तैयारियों और सेवा सेतु की प्रगति पर भी चर्चा हुई। बताया गया कि वर्तमान में 38 विभागों की 907 सेवाएं सेवा सेतु के माध्यम से ऑनलाइन उपलब्ध हैं। मुख्य सचिव ने फायर सेफ्टी अधिनियम में आवश्यक सुधार की दिशा में कार्यवाही करने के साथ ही 'माय भारत पोर्टल' से संबंधित गतिविधियों को भी गति देने के निर्देश दिए।

जिलों की मॉनिटरिंग पर जोर

मुख्य सचिव ने जिलों में योजनाओं और विभागीय कार्यों की प्रभावी निगरानी के लिए स्कोर कार्ड को अंतिम रूप देने को कहा गया, जिससे कलेक्टरों के स्तर पर प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की जा सके। उन्होंने कहा कि कोर्ट मॉनिटरिंग सिस्टम को प्रभावी बनाने तथा अक्टूबर माह के लिए पारस पोर्टल से संबंधित प्रस्तावों पर आईटी विभाग के साथ समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

पापुनि प्रबंधन की खुली नींद, जल्द शुरू होगी वेबसाइट

■ सिक्योरिटी ऑडिट के नाम पर कई दिनों से बंद पड़ी है पापुनि की वेबसाइट

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के सरकारी विभाग जहां तेजी से डिजिटल व्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं और सरकारी सेवाओं एवं सूचनाओं को ऑनलाइन उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। वहीं छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम की वेबसाइट पिछले कई दिनों से बंद पड़ी है। वेबसाइट बंद होने से निगम से जुड़ी जरूरी जानकारियां ऑनलाइन हासिल करने वाले स्कूलों, शिक्षकों और अभिभावकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले को लेकर नवप्रदेश द्वारा खबर प्रकाशित कर सवाल उठाए जाने के बाद अब पाठ्यपुस्तक निगम प्रबंधन की नींद खुलती नजर आ रही है। प्रबंधन ने वेबसाइट को जल्द शुरू करने का दावा किया है।

मामले को लेकर नव प्रदेश ने पाठ्यपुस्तक निगम की एमडी से स्थिति को लेकर सवाल किया था। एमडी ने मामले को चेक कराने की बात कही। इसके बाद निगम स्तर पर वेबसाइट बंद होने की वजह को लेकर स्थिति स्पष्ट की गई। निगम के प्रबंधक के मुताबिक सर्वर वाली साइट चालू है। लेकिन संबंधित वेबसाइट का सिक्योरिटी ऑडिट अभी नहीं हुआ है। यह ऑडिट दिल्ली से कराया जाना है। ऑडिट पूरा होने के बाद तकनीकी प्रक्रिया पूरी कर वेबसाइट को दोबारा शुरू किया जाएगा।

पाठ्य पुस्तक निगम की वेबसाइट बंद, डिजिटल व्यवस्था पर सवाल

■ सवाल यह कि ऑडिट पहले क्यों नहीं?

निगम प्रबंधन वेबसाइट बंद होने की वजह सिक्योरिटी ऑडिट को बता रहा है। सुरक्षा जांच जरूरी है। लेकिन सवाल यह उठता है कि जब वेबसाइट निगम की महत्वपूर्ण ऑनलाइन व्यवस्था का हिस्सा है तो उसका सिक्योरिटी ऑडिट समय रहते क्यों नहीं कराया गया? क्या वेबसाइट को बंद करने के बाद ही सुरक्षा जांच की जरूरत महसूस हुई? यदि ऑडिट की प्रक्रिया पहले से निर्धारित थी, तो वेबसाइट को लंबे समय तक बंद रखने की नौबत क्यों आई? प्रदेश में सरकारी विभागों को लगातार डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने और आम लोगों को ऑनलाइन सुविधाएं देने की बात कही जा रही है। ऐसे में पाठ्यपुस्तक निगम जैसा विभाग, जिसका सीधा संबंध प्रदेश के सरकारी स्कूलों, विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों से है, उसकी वेबसाइट का कई दिनों तक बंद रहना व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।

डिजिटल छत्तीसगढ़ में वेबसाइट ही ऑफलाइन

एक ओर सरकारी विभागों में ऑनलाइन आवेदन, डिजिटल रिकॉर्ड, पोर्टल और ऑनलाइन सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर पाठ्यपुस्तक निगम की वेबसाइट ही ऑनलाइन उपलब्ध नहीं है। ऐसे में डिजिटल व्यवस्था को लेकर किए जा रहे दावों और जमीन पर दिखाई दे रही स्थिति के बीच अंतर साफ नजर आता है। निगम प्रबंधन का कहना है कि दिल्ली से सिक्योरिटी ऑडिट कराया जाएगा और ऑडिट के बाद जरूरी तकनीकी प्रक्रिया पूरी कर कुछ दिनों में वेबसाइट फिर शुरू कर दी जाएगी। हालांकि, अभी वेबसाइट शुरू होने की कोई निश्चित तारीख नहीं बताई गई है। अब सवाल सिर्फ वेबसाइट कब शुरू होगी, यह नहीं है। सवाल यह भी है कि एक सरकारी वेबसाइट की सुरक्षा व्यवस्था और तकनीकी तैयारियों को लेकर इतनी लंबी कवायद क्यों करनी पड़ी? क्या भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने, इसके लिए निगम ने कोई स्थायी व्यवस्था तैयार की है? फिलहाल लोगों को वेबसाइट बहाल होने का इंतजार है।

नवप्रदेश खबर का असर

मंत्री की पत्नी की कंपनी को कचना की जमीन के बदले सड्डू में 20 करोड़ के प्लॉट का दावा

■ ईएनटी विशेषज्ञ एवं समाजसेवी डॉ.राकेश गुप्ता ने उठाए सवाल

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर विकास प्राधिकरण की लाभांडी-कचना-सड्डू नगर विकास योजना में भूखंडों के आवंटन को लेकर सवाल उठने लगे हैं। योजना से संबंधित फाइनल प्लॉट आवंटन सूची प्राधिकरण की वेबसाइट पर जारी होने के बाद ईएनटी विशेषज्ञ एवं समाजसेवी डॉ. राकेश गुप्ता ने एक मंत्री की पत्नी की कंपनी को कचना में स्थित जमीन के बदले सड्डू में करीब 20 करोड़ रुपये मूल्य का भूखंड दिए जाने का दावा किया है। आरडीए की वेबसाइट पर इस योजना के तहत फाइनल प्लॉट आवंटन सूची संबंधी सूचना 16 सितंबर को प्रकाशित की गई है।

डॉ. गुप्ता के मुताबिक मंत्री की पत्नी निदेशक वाली कंपनी राधिका पैलेस प्राइवेट लिमिटेड को सड्डू में प्लॉट क्रमांक 25 दिया जा रहा है। यह भूखंड 2168 वर्गमीटर यानी करीब 23,327 वर्गफीट क्षेत्रफल का बताया गया है। उनका दावा है कि यह प्रस्तावित 150 फीट चौड़ी एमआर-43 सडक़ के पास स्थित है और सडक़ बनने के बाद इसकी कीमत करीब 10 हजार रुपये प्रति वर्गफीट तक पहुंच सकती है।

इस आधार पर उन्होंने भूखंड की अनुमानित कीमत करीब 20 करोड़ रुपये बताई है।डॉ. गुप्ता ने आरोप लगाया कि राधिका पैलेस प्राइवेट लिमिटेड की करीब 1.33 एकड़ जमीन कचना के नालापारा क्षेत्र में है, जिसका पहुंच मार्ग संकरी बस्ती से होकर जाता है। उन्होंने बताया कि इस जमीन का बाजार मूल्य कुछ लाख रुपये तक सीमित था। उन्होंने दावा किया कि कंपनी की कचना स्थित जमीन को नगर विकास योजना में शामिल करने के बाद उसे प्लॉट क्रमांक 71 दिया गया है, जिसे सार्वजनिक सुविधा के लिए आरक्षित बताया गया है।

आरडीए सीईओ अवनीश शरण बोले- आरोपों की जानकारी नहीं

मामले में आरडीए के सीईओ अवनीश शरण ने कहा कि उन्हें डॉ. राकेश गुप्ता की ओर से लगाए गए आरोपों की जानकारी नहीं है।उन्होंने कहा, 'अगर दावा-आपत्ति आती है तो कमेटी उन आपत्तियों की जांच करेगी। उसके बाद ही फैसला किया जाएगा।'

कचना की जमीन के बदले सड्डू में प्लॉट देने पर सवाल

डॉ. गुप्ता ने छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 50(3)(2)(एफ) और (जी) का हवाला देते हुए कहा कि अंतिम भूखंड मूल भूमि अथवा उससे लगे भूखंड में दिए जाने का प्रावधान है। उनका आरोप है कि इसके विपरीत कचना की जमीन के बदले सड्डू में भूखंड दिया जा रहा है, जो मूल जमीन से करीब एक किलोमीटर दूर है।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि एमआर-43 जैसी प्रमुख सडक़ पर भूखंड पाने वाले कुछ भू-स्वामियों को वहां से हटाकर योजना के अंदरूनी हिस्सों में भूखंड दिए गए हैं। इससे भूखंडों के पुनर्गठन और आवंटन की प्रक्रिया पर सवाल उठते हैं।डॉ. गुप्ता ने पूरे मामले में व्यापक अनियमितता का आरोप लगाते हुए मुख्य सचिव को पत्र लिखकर लाभांडी-कचना-सड्डू नगर विकास योजना को निरस्त करने और मामले की जांच कराने की मांग की है।

न्यूज गैलरी

पीएमएवाई ग्रामीण में 74 हजार से अधिक हितग्राही पात्र, 1393 अपात्र

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 (2024) सर्वे के आधार पर सिस्टम जनरेट प्राथमिकता सूची का ग्रामसभा में अनुमोदन किया गया है। अनुमोदित सूची के अनुसार रायपुर जिले के चार जनपदों में कुल 75 हजार 461 हितग्राहियों में से 74 हजार 68 हितग्राही पात्र तथा 1 हजार 393 हितग्राही अपात्र पाए गए हैं। जिला पंचायत रायपुर से जारी जानकारी के अनुसार अभनपुर जनपद में कुल 18,352 हितग्राहियों में 18,095 पात्र एवं 257 अपात्र, आरंग में 25,814 में 25,138 पात्र एवं 676 अपात्र, धरसींवा में 11,540 में 11,210 पात्र एवं 330 अपात्र तथा तिल्दा में 19,755 हितग्राहियों में 19,625 पात्र एवं 130 अपात्र पाए गए हैं। सूची में अपात्र पाए गए हितग्राही 28 सितंबर से 10 अक्टूबर 2026 तक दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा-आपत्ति ग्रामसभा में आमंत्रित की गई है। निर्धारित समयावधि में प्राप्त लिखित आवेदनों पर जिला स्तरीय समिति द्वारा नियमानुसार विचार किया जाएगा।जिला पंचायत ने स्पष्ट किया है कि समय-सीमा के बाद प्राप्त, त्रुटिपूर्ण अथवा अस्पष्ट आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। पात्र एवं अपात्र हितग्राहियों की सूची संबंधित जिला कार्यालय, विकासखंड कार्यालय एवं ग्राम पंचायत भवन के सूचना पटल पर अवलोकन के लिए चस्पा की गई है।

राज्य मानव अधिकार आयोग में पेंडेंसी घटकर 853 पर पहुंची

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य मानव अधिकार आयोग ने अपनी स्थापना से अब तक 74 हजार से अधिक मामलों का निराकरण किया है। आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष गिरधारी नायक ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य पुनर्गठन के बाद आयोग का गठन 16 अप्रैल 2001 को हुआ था। आयोग अर्धन्यायिक प्रकृति का है। पीड़ित व्यक्ति लिखकर या स्वयं उपस्थित होकर या डाक-ईमेल के माध्यम से आवेदन करते हैं। 16 अप्रैल 2001 से 15 मार्च 2026 तक आयोग ने 74 हजार से अधिक आवेदनों का निराकरण किया है ।वर्तमान में मात्र 853प्रकरण प्रक्रियाधीन हैं। इस तरह प्रतिवर्ष औसतन 2500 से अधिक मामलों का निराकरण किया गया। श्री नायक ने बताया कि आयोग की अनुशांसा पर शासन ने कई मामलों में मुआवजा दिया है। पिछले वर्ष दुर्ग में विचाराधीन बंदी दुर्गेश यादव बुद्ध पल्लव की जेल में मौत पर 5-5 लाख वहीं चिकित्सकीय लापरवाही में राखी बोरकर और उनकी नवजात की मौत पर 5 लाख मुआवजे का आदेश जारी किया।

जूनियर डॉक्टर्स के वेतन और अनुबंध राशि कम करने की मांग पर हुई चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात कर अपनी मांगों के संबंध में चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने अनुबंधित सेवा की अवधि, चिकित्सकों के मानदेय, अनुबंध राशि, उच्च अध्ययन के लिए अनापत्ति पत्र और सुपर-स्पेशियलिटी विशेषज्ञों के लिए अलग कैडर के गठन से जुड़े विषय मंत्री के समक्ष रखे। एसोसिएशन ने मांग की कि अनुबंधित पीजी चिकित्सा अधिकारियों का वेतन पीजी के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को मिलने वाले स्टाइपेंड से अधिक होना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने एमबीबीएस के लिए वर्तमान में निर्धारित अनुबंध राशि कम करने का आग्रह भी किया। इसके साथ ही अनुबंधित सेवा की अवधि दो वर्ष से घटाकर एक वर्ष करने तथा उच्च अध्ययन के लिए अनापत्ति पत्र की प्रक्रिया सरल बनाने की मांग रखी गई। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना। उन्होंने कहा कि पीजी चिकित्सा अधिकारियों के वेतन और अनुबंध राशि सहित सभी मांगों पर शासन स्तर पर विचार किया जाएगा। जो मांगें उचित और नियमों के अनुरूप पाई जाएंगी, उन पर आवश्यक निर्णय लिया जाएगा।श्री जायसवाल ने चिकित्सकों से कहा, 'चिकित्सा सेवा मानवता की सबसे बड़ी सेवाओं में से एक है। आप सभी पूरी लगन से अध्ययन करें और बेहतर चिकित्सक बनकर प्रदेश के लोगों की सेवा करें। मरीजों का उपचार और उनकी देखभाल हमारी पहली जिम्मेदारी है। आप अपना कार्य निरंतर जारी रखें, ताकि उपचार के लिए आने वाले किसी भी मरीज को परेशानी न हो। सरकार चिकित्सकों और चिकित्सा विद्यार्थियों के हितों के प्रति संवेदनशील है। 'स्वास्थ्य मंत्री के साथ हुई चर्चा से प्रतिनिधियों ने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने अपनी मांगों पर सकारात्मक समाधान निकलने की उम्मीद जताई है।

जाम लगने से दोपहिया-चारपहिया वाहन चालक हुए खासे परेशान

झांकी से पहले जीई रोड सहित कई मार्गों पर जाम, सड़क पर लगी कतार

■ पुलिस की तैनाती के बावजूद वाहन चालक गलियों में भटकते रहे

रायपुर/नवप्रदेश। गणेश उत्सव के समापन और विसर्जन झांकियों को लेकर राजधानी रायपुर में तैयारियां के बीच कई मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक बाधित रहा । शहर के कई इलाकों में गणेश झांकियों की सजावट और तैयारियों के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। जीई रोड, रामसागर पारा, एमजी रोड, स्टेशन रोड, सहित शहर के कई इलाकों में शाम 4 बजे से ही ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित हो गई ।गंज थाना क्षेत्र में मुख्य मार्गों पर सजावट किए जाने से सोमवार को देवेंद्र नगर चौक पर लंबा जाम लग गया। चौक के चारों तरफ से आने वाले वाहन काफी देर तक जाम में फंसे रहे, जिससे वाहन चालकों और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

देवेंद्र नगर चौक पर बिगड़ी यातायात व्यवस्था: सोमवार को देवेंद्र नगर चौक पर गणेश झांकी की सजावट के चलते यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई। चौक के अलग-अलग रास्तों से आने वाले वाहन एक-दूसरे के पीछे फंसते चले गए। देखते ही देखते सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम का असर आसपास के मार्गों पर भी दिखाई दिया।

वाहन चालकों को कुछ दूरी तय करने में काफी समय लगा। कई लोग लंबे समय तक अपने वाहनों में फंसे रहे। यातायात प्रभावित होने के कारण स्थानीय लोगों और रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को भी परेशानी हुई।

सड़क पर सजावट से बढ़ा दबाव

गणेश झांकियों की तैयारियों के दौरान सड़क पर सजावट का सामान, ढांचे और अन्य सामग्री लगाए जाने से वाहनों के गुजरने की जगह सीमित हो गई। मुख्य मार्ग पर सामान्य दिनों की तुलना में यातायात का दबाव पहले से अधिक रहता है। ऐसे में सड़क के हिस्से के घिर जाने से जाम की स्थिति और गंभीर हो गई। स्थानीय स्तर पर लोगों का कहना है कि झांकी की तैयारियों के लिए सड़क का इस्तेमाल किए जाने से पहले यातायात व्यवस्था का ध्यान रखा जाना जरूरी है, ताकि आयोजन की तैयारियों के साथ आम लोगों का आवागमन भी प्रभावित न हो।

विसर्जन झांकी के दौरान और बढ़ा यातायात का दबाव

गणेश उत्सव के समापन के साथ ही राजधानी में विसर्जन झांकियों का आयोजन के कारण भारी भीड़ उमड़ने से यातायात का दबाव और बढ़ गया। ऐसे में झांकियों की तैयारियों के लिए मुख्य सड़कों को घेरने से यातायात व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव की स्थिति रही। जिला प्रशासन और यातायात पुलिस के लिए झांकी आयोजनों के दौरान मुख्य मार्गों पर सामान्य आवागमन को लेकर काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। रायपुर से दुर्ग मार्ग, जीई रोड, स्टेशन रोड और तेलीबांधा मार्ग में काफी भीड़ रही। खासकर देवेंद्र नगर चौक जैसे व्यस्त इलाकों में वैकल्पिक यातायात व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग परेशान हुए।

छत्तीसगढ़ में कांग्रेसियों ने सीईसी का जलाया पुतला

■ कलेक्ट्रेट का घेराव, काले कपड़ों में रैली, बैरिकेड्स तोड़े, भूपेश बोले- इस्तीफा दें ज्ञानेश कुमार

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेशभर में कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट कार्यालयों का घेराव करने निकले। रायपुर में कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। बाहर पुलिस के साथ उनकी खींचतान होती रही। प्रदेश कांग्रेस के नए प्रभारी सुखदेव भगत भी प्रदर्शन में शामिल हुए।

दुर्ग में काले कपड़े पहनकर निकली रैली में तीनों जिला अध्यक्षों के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे। प्रदर्शन के बाद ज्ञापन लौटकर कांग्रेसी लौट गए हैं। वहीं पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि ज्ञानेश कुमार को इस्तीफा देना चाहिए।रायगढ़ में भी कांग्रेस का प्रदर्शन खत्म हो गया। कलेक्ट्रेट से कुछ दूर पुलिस ने बैरिकेड्स तोड़कर आगे बढ़ रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोक दिया। इसके बाद कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह और ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त करने की मांग की।रायपुर में इससे पहले राजीव भवन में सुखदेव भगत की अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक हुई थी। इसमें नगरीय निकाय चुनाव, जल-जंगल-जमीन, स्मार्ट मीटर और ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन को लेकर चर्चा हुई। स्मार्ट मीटर के मुद्दे पर भी प्रदेश के सभी जिलों में प्रदर्शन की रणनीति बनाई गई।

राज्यस्तरीय रोजगार मेला 7 एवं 8 अक्टूबर को रायपुर में

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश के युवाओं को उनकी योग्यता और कौशल के अनुरूप रोजगार से जोड़ने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा 07 एवं 08 अक्टूबर 2026 को सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, बूढ़ापारा, रायपुर में दो दिवसीय वृहद राज्यस्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

रोजगार मेले के दूसरे दिन 08 अक्टूबर को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में चयनित युवाओं को ऑफर लेटर वितरित किए जाने प्रस्तावित हैं। रोजगार मेले के माध्यम से प्रदेश के शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को स्थानीय उद्योगों के साथ राष्ट्रीय स्तर की कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। मेले में मैन्युफैक्चरिंग, टेक्निकल, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल, ऑटोमोबाइल, सेल्स एवं मार्केटिंग, बैंकिंग एवं फाइनेंस, ऑफिस वर्क एवं मानव संसाधन, कस्टमर सर्विस, हेल्थ एंड केयर, सिक्योरिटी, लॉजिस्टिक्स एवं डिलीवरी सहित विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।रिक्तियों में मशीन ऑपरेटर, असेंबली ऑपरेटर, फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रिक मीटर टेक्नीशियन, मेंटेनेंस इलेक्ट्रिशियन, मैकेनिकल इंजीनियर, क्वालिटी इंस्पेक्टर, सेल्स एग्जीक्यूटिव/ऑफिसर, कंप्यूटर ऑपरेटर, कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव, टेलीकॉलर, रिलेशनशिप मैनेजर, नर्सिंग स्टाफ, केयर टेकर, सुरक्षा गार्ड, सुरक्षा सुपरवाइजर, ड्राइवर, डिलीवरी बॉय, बाइक राइडर, पिकर-पैकर तथा विभिन्न ट्रेडों में अप्रेंटिस एवं ट्रेनी सहित अनेक पद शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ हॉकी लीग: चयन ट्रायल के पहले दिन 223 खिलाड़ी मैदान में उतरे

■ उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने खिलाड़ियों से की मुलाकात

■ सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में पहले सीजन के लिए दो दिवसीय चयन ट्रायल शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ हॉकी लीग (सीएचएल) के पहले सीजन के लिए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल सोमवार को रायपुर के सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के पिच-1 पर शुरू हुआ। ट्रायल के लिए पंजीकृत 373 खिलाड़ियों में से 223 खिलाड़ियों ने पहले दिन उपस्थित होकर ट्रायल में भाग लिया।

उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने

ट्रायल स्थल पहुंचकर खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। उन्होंने मैदान पर खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनसे बातचीत की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में हॉकी की जड़ें बहुत गहरी हैं। इस ट्रायल में खिलाड़ियों का उत्साह इसका प्रमाण है। आज मैंने मैदान पर स्वयं उनके जुनून को देखा। छत्तीसगढ़ हॉकी लीग का उद्देश्य ऐसे ही युवा खिलाड़ियों को एक बड़ा मंच देना है, जहाँ वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के साथ मैदान साझा करेंगे। हमारा लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़ की हर खेल प्रतिभा को राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक आगे बढ़ने का अवसर मिले। उन्होंने ट्रायल में भाग ले रहे खिलाड़ियों शुभकामनाएं दीं।

छत्तीसगढ़ हॉकी लीग में खेलने वाली छह टीमों के खिलाड़ियों के चयन के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा इस चयन ट्रायल का आयोजन किया गया है। ट्रायल की सम्पूर्ण प्रक्रिया छत्तीसगढ़ हॉकी संघ द्वारा निर्धारित नियमों एवं मापदंडों के अनुसार संचालित की जा रही है।ट्रायल का संचालन खेल अधिकारियों, विशेषज्ञों, हॉकी संघ और वरिष्ठ खिलाड़ियों के पैनल की देखरेख में किया गया।

पैनल में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के खेल अधिकारी श्री दीनू प्रसाद पटेल, रायपुर की वरिष्ठ हॉकी प्रशिक्षक श्रीमती रश्मि संध्या एक्का, बिलासपुर के वरिष्ठ हॉकी प्रशिक्षक श्री राकेश टोप्पो, छत्तीसगढ़ हॉकी संघ की ओर से अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी श्री मृणाल चौबे, राजनांदगांव से श्री अनुराग श्रीवास्तव तथा वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी अमिताभ मानिकपुरी शामिल हैं।29 सितम्बर को भी सुबह 9 बजे से चयन ट्रायल जारी रहेगा। ट्रायल पूर्ण होने के बाद चयनित खिलाड़ियों की सूची और चयन प्रक्रिया का प्रतिवेदन खेल संचालनालय को सौंपा जाएगा, जिसके आधार पर लीग की छह टीमों का गठन किया जाएगा।

राजनीति : प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक नए प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत ने मीडिया में दिया बयान

जिम्मेदारी नहीं निभाने वाले बदले जाएंगे: सुखदेव भगत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंचे कांग्रेस के नए प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत के बयानों ने संगठन में आने वाले समय में बदलावों को हवा दे दी है। उन्होंने साफ कहा कि पार्टी संगठन में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभाएगा, उन्हें रिप्लेस कर दिया जाएगा।

प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर पहुंचे हैं। सोमवार को कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय राजीव भवन में प्रदेश कार्यकारिणी और कनेक्ट सेंटर की बैठक हुई। साथ ही आने

वाले दिनों में विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति तय की गई। बैठक में उनके अलावा नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और अन्य प्रमुख नेता शामिल हुए।

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी श्री भगत ने कहा कि सभी ने जमीनी सुझाव दिया है। सबके दीर्घ अनुभव और वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में हमें आने वाले हमारा लक्ष्य प्रदेश की जनता को भाजपा के कुशासन से मुक्ति दिलाना है। 2028 के विधानसभा और 2029 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को विजयी बनाना है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की असीम संभावना है, राज्य में भाजपा की सरकार ने जनता का भरोसा खो दिया है। बिजली के मुद्दों, स्मार्ट मीटर से मची लूट, राज्य के जल, जंगल, जमीन की बंदरबांट, बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों को लेकर हम जनता के बीच जायेंगे। प्रदेश में कांग्रेस का संगठन मजबूत है तथा हमारा कार्यकर्ता, नेता सक्रिय है। हम प्रदेश से जनविरोधी सरकार को उखाड़ने को तत्पर है। जनता भी कांग्रेस की ओर बड़ी उम्मीद से देख रही है।

जो जिम्मेदारी नहीं निभा रहे, उन्हें रिप्लेस किया जाएगा: सुखदेव

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत ने कहा कि अलग-अलग बैठकों में संगठन के काम काज को लेकर चर्चा की गई है। डेटा की जानकारी ली जा रही है, जिसके बाद समीक्षा की जाएगी। जो पार्टी की ओर से मिली जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभा रहे हैं, उन्हें रिप्लेस कर दिया जाएगा। सभी को एकजुट होकर पार्टी का काम करने के निर्देश दिए गए हैं। पार्टी संगठन में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

हमारा लक्ष्य जनता को भाजपा के कुशासन से मुक्ति दिलाना है

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, राष्ट्रीय प्रभारी सचिव एस.ए. सम्पत कुमार, जरिता लेतफलांग, विजय जांगिड़ की उपस्थिति में प्रदेश कार्यकारणी की तथा विभाग, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ अध्यक्षों की बैठक तथा अनुशासन समिति की बैठक लिया तथा विभिन्न सांगठनिक विषयों पर चर्चा किया। उन्होंने कार्यकारणी तथा मोर्चा, प्रकोष्ठ के अध्यक्षों से उनके काम काज की विस्तृत जानकारी लिया।

नवप्रदेश

रायपुर, मंगलवार, 29 सितंबर 2026

Email: navpradesh@gmail.com

सुविचार

हर इंसान अपनी जिंदगी की किताब का लेखक है। पन्ने खाली हैं लेकिन कलम आपके हाथ में है। आज जो लिखेंगे वही कल आपकी किस्मत बनेगी।

देश का माहौल बिगाड़ने की साजिश

एफआईआर को लेकर चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर विपक्ष द्वारा विरोध जताने और हंगामा खड़ा करने की कोशिशों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए केन्द्रीय मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा है कि विपक्ष देश का माहौल बिगाड़ने की साजिश रच कर रहा है। जेपी नड्डा की यह आशंका सही है तो वाकई यह देश के लिए गंभीर चिंता का विषय है और सरकार को सतर्क हो जाना है। देश का माहौल बिगाड़ने की मंशा रखने वालों को बेनकाब करना चाहिए तथा उनके खिलाफ उचित कार्रवाई करने से नहीं हिचकना चाहिए। विपक्ष को सरकार के फैसलों का विरोध करने का अधिकार है। वह सरकार को घेर सकती है और आरोपों के कटघरे में खड़ा कर सकता है लेकिन संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम कर यदि देश का माहौल बिगाड़ने का साजिश रचता है तो उसे भला कैसे स्वीकारा जा सकता है। जेपी नड्डा का कहना है कि विपक्ष सत्ता हथियाना चाहता है इसलिए झूठे और मनगढंत आरोप लगाकर माहौल खराब कर रहा है। यदि ऐसा है तो सवाल यह उठता है कि सरकार हाथ पर हाथ धरकर तमाशा क्यों देख रही है। मामूली जख्म को नासूर क्यों बनने दे रही है? सरकार के जिम्मेदार लोग सिर्फ इस तरह के बयान देकर अपनी जिम्मेदारी से बरी नहीं हो सकते। यदि देश का माहौल बिगड़ता है और शांति भंग होती है तो इसके लिए माहौल बिगाड़ने वाले तो जिम्मेदार होंगे ही सरकार भी अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकती जो सब कुछ देखते और समझते हुए भी मूकदर्शक बनकर बैठी रही। जहां तक मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर लगाए जा रहे आरोपों का प्रश्न है तो तीनों चुनाव आयुक्तों ने स्पष्ट कर दिया है कि उनके बीच कोई मतभेद नहीं है। इसके बाद इस विवाद का पटाक्षेप हो जाना चाहिए था लेकिन विपक्षी पार्टियां खासतौर पर भारतीय कॉकरोच पार्टी इसे लेकर आंदोलन तेज करने पर उतारू है। गौरतलब है कि भारतीय कॉकरोच पार्टी के संस्थापक अभीजित दीपके ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया था कि वे अपने पद से इस्तीफा दे दें अन्यथा कॉकरोच देशव्यापी आंदोलन करेंगे। इसके तत्काल बाद डफली गैंग ने जंतर मंतर पर पहुंच कर मोर्चा खोल दिया और फिर से आपत्तिजनक नारे लगाने लगे लेकिन इस बार दिल्ली पुलिस ने उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की। नतीजतन उनका विरोध प्रदर्शन फ्लाप शो साबित हुआ। इस बीच कांग्रेस पार्टी ने भी देश के कई राज्यों में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से इस्तीफे की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। आंदोलन प्रदर्शन तक तो बात समझ में आती है लेकिन विपक्षी के कई नेताओं ने ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विवादास्पद बयानबाजी भी शुरू कर दी। वीआईपी पार्टी के अध्यक्ष मुकेश सहनी जिन्हें ज्ञानेश कुमार के अलावा अन्य दो चुनाव आयुक्तों का नाम भी पता नहीं है उन्होंने बयान दिया है कि यदि उनके लिए एक खून माफ होता तो वे ज्ञानेश कुमार को गोलीमार देते। इसी तरह पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने कहा है कि ज्ञानेश कुमार को बिजली के खंभे से लटकाकर फांसी दे देनी चाहिए। इस तरह के बयान देना इन जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों की कलुषित मानसिकता को दर्शाता है और इस तरह के बयानों से ही माहौल खराब होता है। विपक्ष के नेताओं को ऐसी आपत्तिजनक बयानाजी से बचना चाहिए ताकि देश में माहौल खराब न हो।

फिर किया कोहली ने विराट प्रदर्शन

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ चल रही एक दिवसीय क्रिकेट के पहले मैच में ही 88 बालों पर 139 रनों की धुंआधार पारी खेलकर वनडे मैंचों में सबसे तेज 15 हजार रन पूरे करने का नया विश्व कीर्तिमान रच दिया। यह उनका वनडे मैचों में 55वां शतक है। उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम के ही दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा है जिन्होंने तीन सौ तीन मैचों में यह उपलब्धि हासिल की थी। विराट कोहली ने अपने इस विराट प्रदर्शन से और भी कई रिकॉर्ड तोड़े हैं। वे दुनिया की दो टीमों के खिलाफ दस दस शतक जमाने वाले पहले बल्लेबाज बन गये हैं। भारत में खेलते हुए विदेशी टीमों के खिलाफ सबसे ज्यादा 43 शतक लगा चुके सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड की भी उन्होंने बराबरी कर दी। वहीं वेस्टइंडीज के खिलाफ सबसे ज्यादा 13 शतक लगाने वाले महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर के रिकॉर्ड की भी उन्होंने बराबरी कर ली। वेस्टइंडीज के खिलाफ इस वनडे सीरिज में यदि वे एक और शतक लगा देते हैं तो वे सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर दोनों का ही रिकॉर्ड ध्वस्त कर देंगे। विराट कोहली निश्चित रूप से भारतीय क्रिकेट टीम के सर्व कालीन महान बल्लेबाज बन सकते हैं। अभी उनमें बहुत क्रिकेट बाकी है। वे और कुछ साल क्रिकेट खेल सकते हैं तथा और भी कई विश्व रिकॉर्ड कायम कर सकते हैं। उन्होंने कहा है कि अगामी विश्व कप भारत को जिताना उनका लक्ष्य है। जिस तरह वे क्रिकेट खेल रहे हैं उसे देखते हुए कोई बड़ी बात नहीं कि वे अपने बल्ले के दम पर आगामी विश्व कप भारत की झोली में डालने में कामयाब हो जायें।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1650 - इंग्लैंड में पहले मैरिज ब्यूरो की शुरुआत हुई। 1836 - मद्रास चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की स्थापना हुई। 1911 - इटली ने ऑटोमन साम्राज्य के ख़िलाफ़ युद्ध की घोषणा की। 1915 - टेलीफोन से पहला अंतरमहाद्वीपीय संदेश भेजा गया। 1927 - अमेरिका और मैक्सिको के बीच टेलीफोन सेवा की शुरुआत हुई। 1959 - आरती साहा ने इंग्लिश चैनल को तैरकर पार किया। 1962 - कोलकाता में बिड़ला तारामंडल खुला। 1971 - बंगाल की खाड़ी में चक्रवातीय तूफान से करीब 10 हज़ार लोगों की मौत हुई। 1977 - सोवियत संघ ने स्पेस स्टेशन साल्युत 6 को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया। 1970 - मिस्र के राष्ट्रपति गमाल अब्दुल नासिर का निधन। 2000 - चीन की मुन्चोनाक कोयला खान में 100 लोगों की मृत्यु। 2001 - संयुक्त राष्ट्र ने आतंकवाद विरोधी अमेरिकी प्रस्ताव पारित किया। 2002 - बुसान में 14वें एशियाई खेलों का उद्घाटन। 2003 - ईरान ने यूरेनियम परिशोधन कार्यक्रम जारी रखने का निर्णय लिया। 2006 - विश्व की पहली महिला अंतरिक्ष पर्यटक ईरानी मूल की अमेरिका नागरिक अनुशेह अंसारी पृथ्वी पर सकुशल लौटीं।

पूर्वजों की स्मृति, संस्कारों की विरासत और आशीर्वाद का पर्व है पितृ पक्ष

योगेश कुमार गोयल

हिन्दू धर्म में पितृ पक्ष (श्राद्ध) को बहुत अहम माना गया है। श्राद्ध का अर्थ होता है 'श्रद्धापूर्वक'। हमारे संस्कारों और पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने को ही श्राद्ध कहा जाता है। सरल शब्दों में कहें तो दिवंगत परिजनों को उनकी मृत्यु तिथि पर श्रद्धापूर्वक याद किया जाना जाना ही श्राद्ध है। हिन्दू पंचांग के अनुसार 10 अक्टूबर को सर्व पितृ अमावस्या के दिन पितृपक्ष का समापन होगा। ब्रह्मपुराण के अनुसार उचित काल या स्थान पर पितरों के नाम जो भी वस्तु उचित विधि द्वारा श्रद्धापूर्वक ब्राह्मणों को दी जाए, वह श्राद्ध कहलाता है। पितृ पक्ष को हिन्दू धर्म में 'महालय' या 'कनागत' के नाम से भी जाना जाता है। माना जाता है कि पितृ पक्ष के दौरान पिंडदान, तर्पण कर्म और ब्राह्मण को भोजन कराने से पूर्वज प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं।

पितृ पक्ष में लोग अपने पूर्वजों को याद कर उनकी आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध कर्म, पिंडदान और तर्पण करते हैं। दरअसल हिन्दू धर्म में मृत्यु के पश्चात् पितरों की याद में श्राद्ध किया जाता है और उनकी मृत्यु की तिथि के अनुसार ही श्राद्ध की तिथि निर्धारित की जाती है। पिंडदान करने के लिए हरिद्वार और गया को सर्वोत्तम माना गया है। वैसे हिन्दू धर्म के अलावा ईसाई, इस्लाम और बौद्ध धर्म में भी अपने पूर्वजों को याद रखने की प्रथा है। पश्चिमी जगत में जहां पूर्वजों की स्मृति में मोमबत्तियां जलाने की प्रथा है, वहीं ईसाई धर्म में व्यक्ति के निधन के चालीस दिनों पश्चात् सामूहिक भोज की रस्म की जाती है। इस्लाम में चालीस दिनों बाद कब्र पर फातिहा पढ़ने और बौद्ध धर्म में भी पूर्वजों की याद में कुछ ऐसे ही प्रावधान देखने को मिलते हैं। हिन्दू धर्म में मान्यता है कि पितृ पक्ष के दिनों में यमराज आत्मा को मुक्त कर देते हैं ताकि वे अपने परिजनों के यहां जाकर तर्पण ग्रहण कर सकें। ऐसी ही मान्यताओं के अनुसार पितृ पक्ष के दिनों में पितर नीचे पृथ्वी पर आते हैं और बिना किसी आव्हान के अपने वंशजों के घर किसी भी रूप में जाते हैं। ऐसे में यदि उन्हें तृप्त नहीं किया जाए तो उनकी आत्मा नाराज होकर अतृप्त लौट जाती है। माना गया है कि यदि पितर नाराज हो जाएं तो जिंदगी मुसीबतों से भर जाती है। इसलिए शास्त्रों में पितरों का श्राद्ध विधिपूर्वक करना जरूरी बताया गया है।

मान्यता है कि यदि पितर खुशी-खुशी वापस जाते हैं तो अपने वंशजों को दिए गए उनके आशीर्वाद से घर-परिवार में सुख-समृद्धि में बढ़ोतरी होती है। पितृ पक्ष के दौरान शुभ और मांगलिक कार्य वर्जित रहते हैं। पितृ पक्ष में सगाई, विवाह, मुंडन, गृहप्रवेश, परिवार के लिए महत्वपूर्ण चीजों की खरीददारी, नए कपड़े खरीदना, कोई नया कार्य शुरू करना इत्यादि कोई भी शुभ कार्य करना अच्छा नहीं माना जाता। जिंदगी में सफलता के लिए मेहनत, किस्मत, ईश्वरीय कृपा के साथ-साथ पूर्वजों का आशीर्वाद भी बेहद जरूरी होता है और धर्म एवं ज्योतिष शास्त्र के अनुसार पूर्वजों को सम्मान देने से वे प्रसन्न होते हैं तथा पूरे परिवार पर कृपा करते हैं। इसीलिए हमारे दिवंगत परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पितृ पक्ष में तर्पण-श्राद्ध किया जाता है। पितृ पक्ष में पितरों को जल देने की विधि को तर्पण कहा जाता है।

ज्योतिष शास्त्र में पितृ दोष को अशुभ फल देने वाला माना गया है और शास्त्रों के अनुसार पितृ पक्ष में पितरों का तर्पण करने से पितृ दोष से आने वाली परेशानियां दूर होती हैं तथा पितरों का आशीर्वाद मिलता है। देव ऋण, ऋषि ऋण तथा पितृ ऋण का हिन्दू धर्म में विशेष महत्व है और पितृ पक्ष में माता-पिता के प्रति तर्पण करके श्रद्धा व्यक्त की जाती है क्योंकि पितृ ऋण से मुक्त हुए बिना जीवन निरर्थक माना जाता है। सनातन धर्म के अनुसार देव ऋण, ऋषि ऋण और पितृ ऋण से मुक्ति पाए बिना व्यक्ति का पूर्ण कल्याण होना असंभव है।

ऋषि ऋण से स्वाध्याय के जरिये, देवऋण से यज्ञ के जरिये और पितृ ऋण से श्राद्ध तथा तर्पण द्वारा मुक्ति प्राप्त हो सकती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार श्राद्ध पक्ष में पितरों से संबंधित कार्य करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। महर्षि वेद व्यास के अनुसार जो व्यक्ति श्राद्ध द्वारा अपने पितरों को संतुष्ट करता है, वह पितृ ऋण से मुक्त होकर ब्रह्मलोक को जाता है।

महर्षि जाबालि के अनुसार अपने पितरों का श्राद्ध करने वाले व्यक्ति को पुत्र, आयु, आरोग्य, ऐश्वर्य और इच्छित फल की प्राप्ति होती है। श्राद्ध पक्ष के दौरान दिन में सोना, असत्य भाषण, रति क्रिया, सिर और शरीर पर तेल, साबुन, इत्र आदि लगाना, मदिरापान करना, लड़ाई-झगड़ा, वाद-विवाद, अनैतिक कृत्य तथा किसी भी जीवधारी को कष्ट पहुंचाना निषेध माना गया है। पितृपक्ष को लक्ष्मी और ज्ञान की साधना के लिए उत्तम काल माना गया है। पितरों के निमित्त आयोजित किए जाने वाले पितृ पक्ष को आत्मबोध के लिए भी अति उत्तम तथा जीवन के संघर्ष को उत्कर्ष में परिवर्तित करने का समय माना गया है। हिन्दू धर्म ग्रंथों के अनुसार श्रद्धा से किया गया श्राद्ध पूर्वजों तक पहुंचे या न पहुंचे लेकिन यह जीवन में उन्नति और प्रगति के द्वार अवश्य खोल सकता है।

पितृ पक्ष का वास्तविक संदेश केवल कर्मकांड तक सीमित नहीं है बल्कि यह हमें अपनी जड़ों, पारिवारिक परंपराओं और पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता का बोध कराता है। आधुनिक जीवन की आपाधापी में जब परिवार और रिश्तों के बीच दूरी बढ़ रही है, तब श्राद्ध और तर्पण जैसी परंपराएं हमें अपने अतीत से जोड़ने का अवसर देती हैं। पूर्वजों को स्मरण करना उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के साथ-साथ उनके जीवन-संघर्षों, संस्कारों और आदर्शों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम भी है। इस अवसर पर जरूरतमंदों को भोजन कराना, अन्न-वस्त्र दान करना, पशु-पक्षियों के लिए भोजन-पानी की व्यवस्था करना और परिवार में सद्भाव बनाए रखना भी श्रद्धा की सार्थक अभिव्यक्ति मानी जा सकती है। वस्तुतः पितृ पक्ष हमें यह स्मरण कराता है कि हमारा वर्तमान अकेले हमारा बनाया हुआ नहीं है, इसके पीछे अनेक पीढ़ियों का परिश्रम, त्याग और संस्कार जुड़े हैं। इसलिए पितरों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना अपनी सांस्कृतिक विरासत और मानवीय मूल्यों को जीवित रखने का भी संकल्प है।

आखिर 'एसआईआर' कैसे बना 'सर-दर्द'?

राजीव खंडेलवाल

"सिर (सर)-दर्द'' की दवाई ''सेरिडान'', ''एनासिन'' हम रेडियो टीवी के विज्ञापन में सुनते रहे हैं। इसे लेने से तत्काल आराम, पर "लत" बनी तो? लीवर ख़राब। लोकतंत्र जिसकी आधार-भूत संरचना विभिन्न संवैधानिक संस्थाओंद्ध लोकसभा, विधानसभाओं के शुद्ध, पारदर्शी व समावेशी मतदाता सूची के आधार पर चुनाव कराए जाने का दायित्व संवैधानिक व्यवस्था (तंत्र) चुनाव आयोग का "अंपायर" के रूप में, "खिलाड़ी" के रूप में नहीं है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में वर्ष 2025 में बिहार चुनाव के पहले, पहली बार ''सर'' विशेष गहन पुनरावलोकन" की कवायद की। इसके पूर्व मतदाता सूची को अपग्रेड करने जो भी कार्य हुआ, वह विशेष गहन पुनरावलोकन नहीं था। जब दर्द के इलाज की प्रक्रिया से ही नया दर्द पैदा होने लगे, सवालों के घेरे में आ जाए, तब ÷प्रक्रिया पर प्रश्न उठना स्वाभाविक ही है"। दुर्भाग्य वश चुनाव आयोग की कार्रवाई सर से उत्पन्न दर्द का इलाज दूसरी संवैधानिक संस्था (तंत्र) '' न्यायालय '' भी नहीं कर सकी। यद्यपि बिहार में की गई ''सर'' की कार्रवाई को संवैधानिक मान्यता प्रदान की।

आखिर एसआईआर है क्या?

आयोग के अनुसार इसका मूल उद्देश्य साफ है– कोई पात्र नागरिक मतदाता सूची से बाहर न रह जाए और कोई अपात्र व्यक्ति (मृत, स्थानांतरित, डुप्लीकेट) सूची में न रहे।

प्रक्रिया

BLO अर्थात Booth Level Officer घर-घर जाकर Enumeration Form उपलब्ध कराते हैं। पुराने रिकॉर्ड वर्ष (2002-04 की मतदाता सूची) से नामों का मिलान कर प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित होती है। फार्म 6 नाम जोड़ने, फॉर्म 7 नाम हटाने और फॉर्म 8 नाम सुधारने के लिए भरकर दावे और आपत्तियां की जाती हैं। तत्पश्चात आवश्यक होने पर नोटिस दिया जाकर सुनवाई के पश्चात अंतिम सूची प्रकाशित की जाती है।

शुद्धिकरण हो, लेकिन बहिष्करण नहीं

मतदाता सूची का शुद्धिकरण आवश्यक है। लेकिन प्रश्न यह है कि शुद्धिकरण की प्रक्रिया में कहीं पात्र नागरिक ही सूची से बाहर न हो जाए।

बिहार में 24 जून 2025 को लगभग 7.89 करोड़ मतदाता थे। प्रारूप सूची में लगभग 65 लाख नाम शामिल नहीं किए गए। बाद में दावे-आपत्तियों के बाद अंतिम सूची में 3.66 लाख और नाम हटे, जबकि लगभग 21.53 लाख नए मतदाता जोड़े गए। अंतिम सूची में लगभग 7.42 करोड़ मतदाता रहे।

65 लाख नामों में आयोग ने मृत्यु, स्थायी पलायन, अनुपस्थिति और दूसरे स्थान पर पंजीकरण जैसी श्रेणियाँ बताईं। लेकिन स्थाई प्लान किए गए मतदाताओं का दूसरे स्थान पर पंजीकरण हुआ इसकी कोई जानकारी नहीं दी।

सुप्रीम कोर्ट की भूमिका।

बिहार के चुनाव संपन्न हो जाने के काफी समय बाद 27 मई 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने बिहार की स्ढ्ढक्रको न केवल संवैधानिक बल्कि पूरी प्रक्रिया को भी वैध ठहराया। यद्यपि उच्चतम न्यायालय के उक्त निर्णय के गुण दोष पर गंभीर विवाद है, जिस पर अलग बहस की सकती है।

' घुसपैठिए' कहाँ हैं?

SIR को लेकर सार्वजनिक विमर्श में एक बड़ा तर्क यह रहा कि इसका उद्देश्य अवैध विदेशी या घुसपैठिए मतदाताओं की पहचान करना भी है। जैसा की गृहमंत्री ने विरोध करने वालों को यह कहा था कि "क्या आप घुसपैठियों को वोट का अधिकार देना चाहते हैं?" दुर्भाग्य वश इस पूरी प्रक्रिया में पूर्व चुनाव आयुक्त कुरैशी के रेफरेंस एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 500 से कम घुसपैठियों की ही पहचान हो पाई? जिसमें 150 बांग्लादेशी थे और शेष नेपाल से शादी करके आए थे। उनके विरुद्ध क्या कानूनी कार्रवाई की गई? जानकारी "पब्लिक डोमेन" में नहीं है। इसलिए आँकड़ों को राजनीतिक नारे की तरह नहीं, बल्कि प्रमाणित प्रशासनिक परिणाम के रूप में सामने रखना चाहिए।

प्रचलित सिद्धांतों के उलट ?

वास्तव में इस पूरी कवायत में चुनाव आयोग ने इस मूल सिद्धांत को ही पलट दिया कि मतदाता सूची में मतदाता का नाम जोड़ने का कार्य चुनाव आयोग का है, ''मतदाता का नहीं''। भारत में जन्म लेते ही 18 वर्ष की आयु होने पर एक नागरिक मतदाता हो जाता है, इस मान्य सिद्धांत को भी इस प्रक्रिया ने खंडित किया है। लगातार व समय-समय पर चुनाव आयोग की मतदाता सूची बनाने की प्रक्रिया का अर्थ भाव सर की प्रक्रिया चालू होने के पूर्व तक इंक्लूसिव होता था, एक्सक्लूसिव नहीं। राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव आयोग मतदाता बनाने का अभियान चलाता था। लेकिन सर की प्रक्रिया में खासकर फार्म 6 जो मतदाता को सूची में जोड़ने के लिए है, में जो संशोधन गैर कानूनी रूप से किया गया, उससे लाखों मतदाता सूची में आने से वंचित हो गए। देश के कुल लगभग 98 करोड़ मतदाताओं में से लगभग 15% मतदाता इन प्रक्रियाओं के चलते फिलहाल मतदाता सूची से बाहर है।

निष्कर्ष।

चुनाव आयोग ने नई मतदाता सूची बनाते समय वर्ष 2002 को जो आधार वर्ष बनाया है, उसका कोई भी कानूनी आधार नहीं बतलाया है। इस कारण से वर्ष 2002 की मतदाता सूची से मैपिंग करने के कारण लाखों की संख्या में मतदाता सूची से नाम हटे। मैपिंग पर चर्चा अगले लेख में की गई है। यही कारण है कि बिहार से निकला 'स्ढ्ढक्र' केवल मतदाता सूची का प्रशासनिक अभियान नहीं रहा। वह धीरे-धीरे संविधान, मताधिकार, नागरिकता, प्रशासनिक प्रक्रिया और न्यायिक निगरानी की बहस बन गया। और यही 'सर' आगे चलकर पश्चिम बंगाल, गोवा और अन्य राज्यों में एक बड़े 'सर-दर्द' का रूप लेने लगा।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

लोग कहते हैं कि हमें खुद को बेहतर बनाना चाहिए दूसरों से क्या मतलब। लेकिन कभी-कभी या अक्सर ही ऐसा होता है कि हम लाख बेहतर हों, या हमने कोई गलती न की हो किंतु एक दूसरा बुरा व्यक्ति आपके जीवन को तहस-नहस कर देगा। न जाने कितने तरीकों से आपको क्षति पहुंचाएगा। चोरी, बेईमानी , हत्या, बलात्कार, लूट-पाट कितने ही तरह से आपका जीना दूभर कर देगा। हमने अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए अथक परिश्रम किया लेकिन एक पल में सब कुछ खत्म कर देता है एक गलत इंसान।
– प्रियंका प्रियदर्शनी

चिता जलते ही मोह खत्म हो जाता है । आँखों में जो रिश्तों के आंसु बहते हुए चिता के साथ सुख जाते है। बस बीते लम्हों की यादें कुछ दिन तक जेहन में रहती है ।धीरे धीरे श्राद्ध की अंतिम दिनों में रिश्ते ही खत्म हो जाते हैं।
– लक्ष्मी नारायण लहरे

देश में जहां धर्म,जाति के ठेकेदार देश दुनिया को बर्बाद करने में लगे है,लेकिन चंद समझदार लोग है,जिनसे शांति कायम है,वे लोग उद्देश्य पर जीते है,कर्मठता पर चलते है,जाति,धर्म नहीं पूछा करते,बस वे लोग प्यार करते है एक दूसरे से जिनके तन में लाल र क्त बहता है।
– शत्रुंजय तिवारी

पेड़ खो रहा था पत्ते पका फल लटका पड़ा था,आज सुबह सुरज की रौशनी में! पैनी नजर चोंच मारने को थी आतुर! दोपहर भर चमकता तूफानी शाम भी न थी वो झड़ना तय है सृष्टि में मिट्टी हो जाना ही अंतिम नियति! पेड़ था 'शायद' शोकाकुल चुपचाप खड़ा हुआ पत्ते तो झुम ही रहे थे! **– सरिता खोवाला**

फूंक मारने से दीपक बुझ सकता है किंतु अगरबत्ती जो महकता है, उसे कोई बुझा नहीं सकता। वो एक दिन खुद बुझ जाते हैं। जीवन में भी यही अंतर है, दिखावे की रोशनी थोड़ी देर चमकता है। परंतु अच्छे कर्मों की खुशबू लंबे समय तक रहती है। चुकी रोशनी बनने से पहले खुशबू बना सीखो तथा रोशनी को अंधेरा मिटा सकता है किंतु सच्ची खुशबू कभी नहीं बुझ, मिटती नहीं है।
– गौरी पटले

ज़िंदगी, तू गुलज़ार रहे थोड़े में भी आबाद रहे, शिकवा करूँ जब-जब, तब-तब तू मुस्कुराती रहे। राही हूँ मैं तेरी राह का, थक न जाऊँ, तू इसका ख़याल रखे। तुझसे ही मेरा वजूद हैं। तेरे होने से ही हमारा होना बरकरार रहे। कितने ख़्वाबों को दफ़्न किया, तेरे आग़ोश में मेरी ये जान महफ़ूज़ रहे। सफ़र अच्छा हो या बुरा,तेरे होने से हम हर हाल में महफ़ूज़ रहें।
– प्रीति श्रीवास्तव

सबसे हंसकर बात करो,पूछो सबके हाल। सबसे ही करो प्रेम,तुम जीवन मे हर हाल।। वक्त नही करता सुनो,कभी कोई तकरार। इंसा फिर क्यूँ बिछा रहे,साजिशों के जाल।। सुख दुख जीवन मे सबके,आते जाते हैं। मत किसी के दुख पे करना कभी सवाल।। आज जिंदगी गाती हैं,हंसती मुस्काती। कल जाने आ ले जाये किसको बैरी काल।। प्रेम प्रीत की डोर से बांधो रिश्ते मीत। वरना जीवन मे सदा रह जायेगा मलाल।।
– डॉ सविता वर्मा

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष: आज के दिन आपका स्वभाव अटपटा रहेगा कहेंगे कुछ करेंगे उसके विपरीत। शारीरिक चुस्ती दिन भर बनी रहेगी।

वृष: आज का दिन भी आपके प्रतिकूल रहने वाला है प्रत्येक कार्य में सावधानी बरतें हानि आज किसी न किसी रूप में अवश्य होगी।

मिथुन: आज का दिन आपके लिए लाभदायक सिद्ध होगा बीते दिनों से जिस कार्य को लेकर भागदौड़ कर रहे थे आज उसके पूर्ण होने की संभावना है।

कर्क: आज का दिन शुभफल प्रदान करने वाला रहेगा। आज आपको अपने आस पास के लोगो से अति महत्त्वपूर्ण बाते सीखने को मिलेंगी।

सिंह: आज के दिन के कुछ भाग को छोड़कर शेष शांति से बिताएंगे रहेगा। आज आपका ध्यान आध्यात्मिक एवं गूढ़ रहस्यों को जानने के लिये प्रेरित होगा लेकिन अन्य व्यस्तता के चलते इसके लिये ज्यादा समय नही निकाल पाएंगे।

कन्या: आज का दिन आपके लिए अशुभ रहेगा। प्रातः काल से ही शरीर अस्वस्थ रहने से आलस्य छाया रहेगा अति क्रोध एवं पेट की समस्याओं से ग्रसित रहेंगे जिससे कार्य करने का मन नही करेगा।

तुला: आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आप अपने कुशल व्यवहार से हानि को भी लाभ में बदलने की क्षमता रखेंगे परन्तु आज आपका दिमाग आर्थिक विषयो में अधिक भटकने के कारण सार्वजनिक क्षेत्र पर सम्मान में कमी भी आ सकती है।

वृश्चिक: आपका आज का दिन मिश्रित फलदायक रहेगा। आज दिन के पूर्वार्ध में प्रत्येक कार्य उत्साह से करेंगे धन संबंधित आवश्यकताओं की पूर्ति भी समय से होने पर कार्य करने में दिलचस्पी बढ़ेगी।

धनु: आज का दिन भी आपके अनुकूल रहेगा। आज आपके व्यवहार कुशलता से सामाजिक व्यक्तित्त्व निखरेगा जिसका प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष लाभ शीघ्र ही देखने को मिलेगा।

मकर: आज का दिन आपको प्रतिकूल फल देगा। आज आपका अथवा किसी परिजन का स्वास्थ्य अचानक बिगड़ने से मानसिक चिंता बढ़ेगी अतिरिक्त भागदौड़ होने से कार्य व्यवसाय को उचित समय नही दे पाएंगे।

कुंभ: आज का दिन आपको धन लाभ कराएगा। आज दिन भर स्वास्थ्य उत्तम रहने से कार्यो को ज्यादा गंभीर होकर करेंगे। सहयोग भी बिना मांगे मिलने से अधूरे कार्य सरलता से पूर्ण होंगे।

मीन: आज के दिन आपका संतोषि स्वभाव केवल दिखावा मात्र ही रहेगा अंदर ही अंदर उथल पुथल लगी रहेगी।

QUIZ TIME

1. किस विदेशी व्यक्तित्व को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का दो बार अध्यक्ष बनने का गौरव प्राप्त हुआ था?
2. मेखला चादर किस राज्य की पारंपरिक पोशाक है?
3. पहली बोलती फिल्म आलम आरा किस वर्ष में बनाई गई थी?
4. धूम्र बम बनाने में किसका उपयोग किया जाता है?
5. हाल ही में चर्चा में रही संकल्प से सिद्धि का मोदी युग पुस्तक के लेखक कौन है?

उत्तरमाला- 1 सर विलियम वेडरबर्न 2 असम 3 1931 4 फास्फोरस 5 घनश्याम तिवारी

RamaQuiz

पहेली

शब्द सामर्थ्य -174

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 173 का हल

न्यूज गैलरी

गढ़डोंगरी में मावली शीतला माता सेवा समिति का गठन

नगरी/नवप्रदेश। गढ़डोंगरी रैयतवारी, नयापारा, गोहनपारा एवं गढ़डोंगरी माल के ग्रामीणों की संयुक्त बैठक आयोजित कर गढ़ मावली शीतला माता सेवा समिति का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। समिति में रामदयाल यादव को उपाध्यक्ष, लालदास मानिकपुरी को सचिव, भोलाराम मरकाम को सहसचिव तथा गाड़ाराय मरकाम को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं पचकौड़ राम ध्रुव एवं रामलाल मरकाम को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। देव समिति के कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी नारायण बिशेन को दी गई। इस अवसर पर देवलाल मरकाम, रामकुमार मरकाम, कृष्ण कुमार यादव, संग्राम मरकाम, बलराम नेताम, मूलचंद मरकाम, शिवकुमार ध्रुव, घनश्याम, कचरू, शिवलाल, मदनलाल, दुर्योधन अंकुरी, फागुराम, खम्मन देवांगन, मनोहर सोनवानी, रामजी, ईश्वर, गुलशन कुमार, संजय, रामेश्वर, वेणीलाल, राजकुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया हो सरल : तरुण व्यवहार

बागबाहरानवप्रदेश। नवीन राशन कार्ड बनाने और परिवार के सदस्यों के नाम जोड़ने, काटने व संशोधन की प्रक्रिया को सरल करने की मांग जनपद पंचायत बागबाहरा के उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार ने की है। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड जैसी मूलभूत सुविधा के लिए ग्रामीणों को जाति, आय, निवास और जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इससे गरीब और ग्रामीण परिवारों का समय और पैसा दोनों खर्च हो रहे हैं। तरुण व्यवहार ने कहा कि विशेष रूप से शादी के बाद परिवार में शामिल होने वाली नवविवाहित महिलाओं का नाम राशन कार्ड में जोड़ने के दौरान दस्तावेजों की कमी के कारण परेशानी होती है। कई बार जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र या अन्य जरूरी दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने से प्रक्रिया लंबी हो जाती है। वहीं परिवार के किसी सदस्य का नाम हटाने अथवा एक राशन कार्ड से दूसरे में स्थानांतरित कराने के लिए भी लोगों को परेशान होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि मजदूर, किसान, बुजुर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अलग-अलग कार्यालयों में आवेदन और सत्यापन की प्रक्रिया मुश्किल साबित हो रही है। शासकीय रिकॉर्ड में पहले से उपलब्ध जानकारी के लिए भी बार-बार दस्तावेज मांगे जाने की अनिवार्यता कम होनी चाहिए। ग्राम पंचायत स्तर पर आवेदनों के निराकरण की व्यवस्था पारदर्शी और समयबद्ध बनाई जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को अनावश्यक औपचारिकताओं के कारण खाद्य सुरक्षा के लाभ से वंचित न होना पड़े।

राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान महा परीक्षा का आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर एवं राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान परिषद रायपुर के निर्देशन में राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान महा परीक्षा का आयोजन जिला साक्षरता मिशन धमतरी के द्वारा आयोजित किया गया है। जिला -धमतरी के सभी विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इस महापरीक्षा में 15 से 65 साल के वहीं लोग शामिल हुए हैं जो किसी कारण से विद्यालय में नियमित विद्या अध्ययन नहीं कर पाए। उल्लास -नवभारत साक्षरता कार्यक्रम महापरीक्षा के मानिटरिंग के लिए डाइट नगरी के संकाय सदस्य डी के साहू ने नगरी विकास खंड के शासकीय प्राथमिक शाला चुरियारा-19 डमकाडीह, शासकीय प्राथमिक शाला चुरियाराडीह नगरी एवं शासकीय प्राथमिक शाला राईस मील पारा नगरी का निरीक्षण किया तथा भूपेंद्र साहू व्याख्याता ने कुरुद विकास खंड के शासकीय प्राथमिक शाला संजय नगर कुरुद एवं शासकीय नवीन बालक प्राथमिक शाला कुरुद का निरीक्षक किया तथा डाइट नगरी के उल्लास केन्द्र प्रभारी देवकुमार साहू ने धमतरी विकास खंड के परीक्षा केंद्र भोथली का निरीक्षण किया। सभी परीक्षा केंद्र में बैठक व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था , दीवार लेखन व्यवस्था संतोषप्रद पाये गए।

नियमों का उल्लंघन करने वाले 23 वाहन चालकों पर कार्रवाई

बेमेतरा/नवप्रदेश। यातायात पुलिस बेमेतरा द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 23 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 12 हजार 8 सौ रुपये का समन शुल्क लिया गया। चौकी देवकर में 01 चालान में 01 वाहन चालक, यातायात बेमेतरा में 22 चालान में 22 वाहन चालको के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें जिसमें बिना सीट बेल्ट, बिना हेलमेट, घातक स्थिति में वाहन खडी करना, मौके पर कागजात पेश न करना, बिना नंबर एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 23 प्रकरण में 12,800/- रूपये समन शुल्क लिया गया।

डोंगरगढ़ में गणेश विसर्जन के साथ भव्य झांकियों ने बांधा समां

करीब 15 झांकियां निकलीं, रात 10 बजे से सुबह 8 बजे तक चलता रहा प्रदर्शन

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। गणेश उत्सव के समापन अवसर पर 27 सितंबर की रात से 28 सितंबर की सुबह तक डोंगरगढ़ शहर में गणेश विसर्जन के साथ विभिन्न समितियों द्वारा भव्य झांकियां प्रस्तुत की गईं। शहर में करीब 15 झांकियां निकाली गईं, जिनका प्रदर्शन रात करीब 10 बजे से सुबह 8 बजे तक चलता रहा।

झांकियों को देखने के लिए डोंगरगढ़ शहर के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों सहित विभिन्न उम्र वर्ग के लोगों ने देर रात तक झांकियों का आनंद लिया।

इसी क्रम में एकता मंच, डोंगरगढ़ द्वारा झांकी समितियों के लिए पुरस्कारों की घोषणा की गई है। इसमें प्रथम पुरस्कार ?9,101 एवं चैलेंज कप गणेश उत्सव समिति कालका पारा की महाभारत झांकी को दिया जाएगा।

द्वितीय पुरस्कार ?5,101 एवं चैलेंज कप युवा व्यापारी संघ की स्क्वीड संहार झांकी को दिया जाएगा।

वहीं तृतीय पुरस्कार ?3,101 एवं चैलेंज कप गणेश समिति स्टार क्लब की कांतारा झांकी को दिया जाएगा। इसके अलावा आकर्षण मूर्ति के लिए ?2,101 एवं मोमेंटो गणेश समिति कालका पारा को प्रदान किया जाएगा।

पुरस्कार वितरण आज शाम

पुरस्कार वितरण समारोह 28 सितंबर 2026, सोमवार को शाम 7 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन एकता मंच, रेलवे चौक, डोंगरगढ़ में होगा।

पुलिस प्रशासन ने संभाली व्यवस्था : गणेश विसर्जन और झांकी जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर मौजूद रही। भीड़ और जुलूस की व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन के साथ आयोजन समितियों ने भी सहयोग किया। इसके बाद गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

केदार धाम में वीर क्लब के गणपति को भावुक विदाई : डोंगरगढ़ के शुक्रवारी पारा स्थित केदार धाम में वीर क्लब द्वारा स्थापित गणेश प्रतिमा का भी विसर्जन किया गया। विसर्जन के दौरान वीर क्लब के सदस्यों और समिति से जुड़े लोगों की आंखें नम नजर आईं।

श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरया÷ और ÷वीर क्लब के राजा जय हो÷ के जयकारों के बीच गणेश प्रतिमा को भावुक विदाई दी। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और पूरा माहौल भक्तिमय नजर आया।

> **धार्मिक और पौराणिक विषयों पर सजी झांकियां**
>
> विभिन्न समितियों द्वारा धार्मिक और पौराणिक विषयों पर आकर्षक झांकियां तैयार की गई थीं। झांकियों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु और समिति के सदस्य शामिल रहे। शहर के प्रमुख मार्गों पर झांकियों को देखने के लिए लोगों की भीड़ नजर आई।

जेवरतला के आश्रित ग्राम मुड़पार में बाढ़

गुरुर/नवप्रदेश। पीड़ितों से मिलने के लिए क्षेत्र के जनपद सदस्य डॉ हरिकृष्ण गंजीर सभापति जनपद पंचायत गुरुर ने नाला पार कर सभी के यहां जाकर बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात किया और सभी का हाल-चाल जाने और प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानने का प्रयास किया डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने बताया चार-पांच लोगों के घर पानी भर गया था उनको रात मे हीं पंच और कोटवाल लोगों के माध्यम से उन्हें आंगनवाड़ी में रहने के लिए व्यवस्था किया गया फिर जनपद सदस्य एवं सरपंच के माध्यम से उन परिवारों को भोजन के लिए व्यवस्था कराया गया और साथ में पीड़ित परिवारों के लिए सब्जी की व्यवस्था किया गया।

ज्ञानेश कुमार के कार्यकाल में लिए गए फैसलों और मतदाता सूची में बदलाव की स्वतंत्र समीक्षा की मांग

मुख्य निर्वाचन आयुक्त को हटाने की मांग

- कांग्रेस ने घेरा कलेक्टोरेट
- कांग्रेस चौक पर पुतला दहन के बाद रैली, न्यायालय मोड़ पर पुलिस से झूमाझटकी

महासमुंद/नवप्रदेश। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने तथा उनके कार्यकाल में लिए गए निर्णयों और मतदाता सूची में किए गए बदलावों की व्यापक एवं स्वतंत्र समीक्षा की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को जोरदार प्रदर्शन किया। खल्लारी विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में जिलेभर से जुटे कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर कलेक्टोरेट का घेराव किया और जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन से पहले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नेहरू चौक पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। इसके बाद बड़ी संख्या में कार्यकर्ता रैली के रूप में कलेक्टोरेट की ओर रवाना हुए। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पद से हटाने और निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग को लेकर नारे लगाए।

कांग्रेस के पूर्व निर्धारित कलेक्टोरेट घेराव को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के लिए तीन स्थानों पर बैरिकेडिंग की थी। रैली जैसे ही न्यायालय मोड़ पहुंची, पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोक दिया। इस दौरान कुछ देर तक पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झूमाझटकी की स्थिति बनी रही। कार्यकर्ताओं ने मौके पर जमकर नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के साथ ही उनके कार्यकाल में लिए गए निर्णयों तथा मतदाता सूची में किए गए बदलावों की व्यापक एवं स्वतंत्र समीक्षा की मांग कर रही है। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए। प्रत्येक मतदाता को यह भरोसा होना चाहिए कि उसका नाम मतदाता सूची में सुरक्षित है और किसी भी बदलाव में निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया गया है।

यादव ने कहा कि कांग्रेस निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली, विशेष गहन पुनरीक्षण, मतदाता सूची में बदलाव और चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर लगातार सवाल उठा रही है। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों पर निष्पक्ष समीक्षा से ही मतदाताओं के बीच विश्वास कायम किया जा सकता है।

प्रदर्शन में सरायपाली विधायक चातुरी नंद, पूर्व विधायक देवेंद्र बहादुर सिंह, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, गणेश शर्मा, समीम खान, गौरव चंद्राकर सहित विभिन्न ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के पदाधिकारी, सदस्य और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

> **मतदाता सूची में बदलाव की स्वतंत्र समीक्षा जरूरी : यादव**
>
> जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता सूची और चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता बेहद महत्वपूर्ण है। निर्वाचन आयोग से जुड़े जिन मुद्दों को कांग्रेस लगातार उठा रही है, उनकी व्यापक और स्वतंत्र समीक्षा होनी चाहिए, ताकि मतदाताओं के बीच किसी तरह का संदेह न रहे।

विसर्जन झांकी के उत्सव में सराबोर हुई संगीत नगरी

गरूणवध, रामसेतू निर्माण विष्णु अवतार की जीवंत झांकी ने मोहा मन

खैरागढ़/नवप्रदेश। गणेशोत्सव पर्व के दौरान शहर मे रविवार रात निकाली गई विसर्जन झांकी ने पूरी संगीत नगरी को सराबोर कर दिया । झांकी के उत्साह मे शहर मे रात भर मेले जैसा माहोल रहा। शहर के अलावा ग्रामीण इलाको से भी बड़ी संख्या मे पहुँचे लोगो ने रात भर झांकी को निहारने जगह जगह डेरा जमाया । देररात तक चली झांकी प्रदर्शन से बख्शीमार्ग, गोलबाजार, ईतवारीबाजार, तुरकारीपारा सहित अन्य इलाके भी खचाखच भरे रहे ।

राजीव चौक से शुरू हुई झांकी : रविवार रात को विसर्जन झांकी का क्रम राजीव चौक से शुरू हुआ । फतेह मैदान स्थित रिद्धी सिद्धी गणेशोत्सव समिति, तुरकारीपारा गणेशोत्सव समिति, ईतवारीबाजार, धरमपूरा, बरेठपारा, किलापारा अमलीपारा सहित अन्य समितियो की झांकी के विसर्जन का क्रम चला । इस दौरान पुलिस प्रशासन आवाजाही के साथ झांकी की व्यवस्था बनाने मे रात भर मुस्तैद रही । राजीव चौक से शुरू हुई विसर्जन झांकी गोलबाजार, मस्जिद चौक, बख्शीमार्ग, ईतवारीबाजार, तुरकारीपारा, पूराना स्टैण्ड, टैम्पोचोक होते मुस्का रपटा घाट पहुँचीं जहाँ विधिविधान से गणेश प्रतिमाओ के विसर्जन का क्रम सुबह तक चलता रहा ।

गरूण वध, रामसेतू से लेकर विष्णु अवतार की झांकी ने मोहा मन : देररात तक धूम मचाने निकली झांकी मे गरूण वघ, रामसेतू निर्माण में गिलहरी का योगदान, भगवान राम द्वारा रामेश्वरम की पूजा, सती दहन, दक्ष वघ, शिवबारात, शिवपार्वती विवाह, विष्णु अवतार सहित अन्य जीवंत झांकियो ने शहरवासियो का जमकर मन मोहा।

बिजली खंभे की रोशनी पर किरवई-दामाखेड़ा में ताश पर दांव लगाते 6 जुआरी गिरफ्तार

पुलिस ने दो फड़ों पर की कार्रवाई

सिमगा/नवप्रदेश। बलौदाबाजार। बाजार की रोशनी में ताश के पत्तों पर दांव लगाना जुआरियों को भारी पड़ गया। थाना सिमगा पुलिस ने किरवई और दामाखेड़ा में एक के बाद एक दबिश देकर जुआ खेल रहे 6 लोगों को रंगे हाथ पकड़ लिया। पुलिस की कार्रवाई से दोनों जगह जुआ फड़ में हड़कंप मच गया।

किरवई में बिजली खंभे के नीचे सजाया था फड़

पहली कार्रवाई ग्राम किरवई के मवेशी बाजार में हुई। मुखबिर से सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी की। मौके पर बिजली खंभे की रोशनी में ताश के पत्तों पर रुपए लगाकर काटपत्ती खेलते तीन लोग मिले। पुलिस ने जितेंद्र साहू, मुकेश कुमार साहू और त्रिभुवन गेंढरे को पकड़कर उनके कब्जे से ?2,540 नकद और 52 पत्ती ताश जब्त की।

दामाखेड़ा में भी चल रहा था दांव-पेच

इसके बाद पुलिस टीम ने दामाखेड़ा के साप्ताहिक बाजार में दबिश दी। यहां भी तीन लोग ताश पर रुपए लगाकर जुआ खेलते मिले। पुलिस ने शंकर लाल सोनवानी, रेवाराम सोनवानी और ठाकुर राम साहू को मौके से गिरफ्तार किया। इनके पास से ?2,550 नकद और 52 पत्ती ताश बरामद की गई।

दो फड़, 6 आरोपी और ?5 हजार से ज्यादा जब्त

दोनों कार्रवाई में पुलिस ने कुल ?5,090 नकद और 104 ताश की पत्तियां जब्त की हैं। आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस ने जुआ-सट्टा समेत अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई जारी रखने की बात कही है। साथ ही आम लोगों से ऐसी गतिविधियों की सूचना दृष्टि हेल्पलाइन 94792 20392 पर देने की अपील की गई है।

पिथौरा में आवारा श्वानों का खौफ, झुंड बनाकर सड़कों पर घूम रहे सैकड़ों कुत्ते

राहगीरों और बच्चों पर मंडरा रहा खतरा

पिथौरा/नवप्रदेश। नगर में आवारा श्वानों की बढ़ती संख्या उग्रता ओर आक्रमकता से रहवासी दहशत के साए में हैं। नगर के रिहायशी गलियों तक सैकड़ों की तादाद में आवारा कुत्ते झुंड बनाकर घूमते नजर आ रहे हैं। दिन-ब-दिन बढ़ती इनकी तादाद के चलते अब जान-माल के भारी नुकसान का अंदेशा गहराने लगा है,जिससे स्थानीय नागरिकों में प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर आक्रोश पनप रहा है।

नगर का बस स्टैंड, मुख्य बाजार, पुराना अस्पताल मार्ग, वार्ड क्रमांक 12 गार्डन के पास और विभिन्न आवासीय कॉलोनियों में श्वानों की बढ़ती संख्या ने लोगों की आवाजाही को जोखिम भरा बना दिया है। हालत यह है कि किसी भी गली या चौराहे से गुजरते समय कुत्तों के 8 से 10 के झुंड राहगीरों पर भौकते है कभी कभी उग्र हो जाते है।

सबसे अधिक खतरा बाइक और स्कूटी चालकों के लिए बना हुआ है। वाहन गुजरते ही कुत्तों का झुंड अचानक उनके पीछे दौड़ पड़ता है। हड़बड़ाहट और घबराहट में कई चालक अनियंत्रित होकर गिर रहे हैं, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों में दहशतः सुबह स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों और टहलने निकलने वाले बुजुर्गों का सड़कों पर निकलना दहशत भरा हो गया है।

शाम ढलते ही आवारा स्वान झुण्ड विकराल हो जाते है। गलियों मे सड़को पर स्वनो का झुण्ड आक्रमक हो जाता है जिसके कारण रात में सुनसान सड़कों पर निकलना किसी खतरे से खाली नहीं रह गया है। अस्पताल के आसपास बढ़ता जमावड़ाः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और कचरा डंपिंग स्थलों के आसपास कुत्तों का सबसे ज्यादा जमावड़ा रहता है।

सार्वजनिक स्थानों पर चाकू दिखाकर लोगों में दहशत फैलाने वाले दो युवक गिरफ्तार

अलग-अलग स्थानों पर पुलिस ने की कार्रवाई, दोनों आरोपियों से चाकू बरामद

छुईखदान/नवप्रदेश। सार्वजनिक स्थानों पर चाकू दिखाकर लोगों को डराने-धमकाने और दहशत फैलाने की सूचना पर छुईखदान पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो युवकों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से स्टील के चाकू बरामद कर उन्हें गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायालय के आदेश पर उन्हें उपजेल सलोनी भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, पहली कार्रवाई शासकीय अस्पताल के सामने की गई। यहां विक्रम दास मानिकपुरी (30), निवासी वार्ड क्रमांक 11, टिकरीपारा छुईखदान आने-जाने वाले लोगों को चाकू दिखाकर डराने-धमकाने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी के कब्जे से एक स्टील का चाकू बरामद किया गया। मामले में अपराध क्रमांक 362/2026, धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

इसी तरह दूसरी कार्रवाई प्रतिक्षालय के पास की गई, जहां बिरेन्द्र नेताम (21), निवासी वार्ड क्रमांक 15, टिकरीपारा छुईखदान पर आने-जाने वाले लोगों को चाकू दिखाकर डराने-धमकाने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी के कब्जे से एक स्टील का बटनदार चाकू बरामद किया। उसके खिलाफ अपराध क्रमांक 363/2026, धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेएमएफसी न्यायालय छुईखदान में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर दोनों को उपजेल सलोनी भेज दिया गया। कार्रवाई में छुईखदान पुलिस स्टाफ की भूमिका रही।

कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री पर जनता को असली मुद्दों से भटकाने का लगाया आरोप

मन की बात में महंगाई के 'म' तक पर चर्चा नहीं: आलोक चंद्राकर

कहा- त्योहारों से पहले बढ़ती महंगाई से गरीब-मध्यम वर्ग परेशान

महासमुंद/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महासचिव एवं छत्तीसगढ़ जीव-जंतु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष आलोक चंद्राकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री जनता से जुड़े बुनियादी मुद्दों, विशेषकर महंगाई, पर चर्चा करने के बजाय ऐसे विषयों पर बात करते हैं, जिनका आम आदमी की रोजमर्रा की परेशानियों से सीधा संबंध नहीं है।

चंद्राकर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री का दायित्व जनता को वास्तविक मुद्दों से भटकाना नहीं, बल्कि उनकी समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई लगातार बढ़ रही है, लेकिन प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम में आज तक इस मुद्दे पर गंभीर चर्चा नहीं हुई। उन्होंने कहा कि खाने-पीने की वस्तुओं, पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, निर्माण सामग्री, परिवहन, इलाज और दवाइयों की बढ़ती कीमतों का सीधा असर आम परिवारों के बजट पर पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि परिवारों की बचत घट रही है और कर्ज का बोझ बढ़ रहा है। ऐसे समय में त्योहारी सीजन से पहले घरेलू इलेक्ट्रॉनिक सामानों के दाम बढ़ने की खबरें आम उपभोक्ताओं की चिंता और बढ़ा रही हैं।

इलेक्ट्रॉनिक सामानों की कीमत बढ़ने का दावा

चंद्राकर ने दावा किया कि तांबा और एल्युमीनियम जैसे कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि का हवाला देते हुए कंपनियां 1 अक्टूबर से एलईडी टीवी, वाशिंग मशीन, फ्रिज और एसी जैसे इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के दाम 5 से 10 प्रतिशत तक बढ़ाने की तैयारी में हैं। उन्होंने प्याज की कीमतों में अगस्त के दौरान 48.27 प्रतिशत तक वृद्धि का भी उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि सब्जियों से लेकर घरेलू उपयोग के सामान तक बढ़ती कीमतों का असर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। त्योहारी मौसम में जब परिवार अतिरिक्त खर्च की तैयारी करते हैं, उस समय आवश्यक वस्तुओं और घरेलू उपकरणों की कीमतों में बढ़ोतरी उनकी आर्थिक परेशानी बढ़ा सकती है।

'महंगाई पर प्रधानमंत्री कब करेंगे मन की बात?' : चंद्राकर ने प्रधानमंत्री से सवाल किया कि जनता को महंगाई से राहत देने के लिए सरकार की क्या ठोस योजना है और 'मन की बात' में आम लोगों की आर्थिक परेशानियों पर चर्चा कब होगी?

> **पत्रकार वार्ता को लेकर भी साधा निशाना**
>
> चंद्राकर ने प्रधानमंत्री पर पत्रकारों के सवालों से बचने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके अनुसार मोदी सरकार के कार्यकाल में नियमित पत्रकार वार्ता के जरिए सीधे सवालों का सामना करने की परंपरा कमजोर हुई है। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े सवालों पर सरकार को जवाबदेही के साथ अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

11 बार हड्डियां टूटने के बाद भी नहीं डिगा इरादा, इंटरनेशनल चैंपियन बने प्रेमराजन रौतिया

परमीत सिंह माटा

पिथौरा/नवप्रदेश। कहते है 'मंजिलें उन्हीं को मिलती हैं जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है'– इस कहावत को महासमुंद जिले के पिथौरा के होनहार पावरलिफ्टर प्रेमराजन रौतिया ने चरितार्थ कर दिखाया है। शरीर की 11 हड्डियां टूटने के असहनीय दर्द और खेल करियर खत्म कर देने वाली गंभीर चोटों से उबरकर प्रेमराजन आज अंतरराष्ट्रीय पटल पर देश का मान बढ़ा रहे हैं।

नेपाल में अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीतने के बाद अब उनका चयन संयुक्त भारतीय खेल फाउंडेशन (SBKF) द्वारा आयोजित 'एसबीकेएफ इंटरनेशनल गेम्स 2026' के लिए हुआ है। वे आगामी 25 से 30 अक्टूबर तक थाईलैंड के पटाया शहर में आयोजित होने वाली इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में 105 किलोग्राम भारवर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

बचपन का सपना और संघर्ष

तब एक साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले प्रेमराजन के पिता अब वन विभाग में एसडीओ के पद पर पदस्थ हैं और माता गृहिणी हैं। उनके छोटे भाई और बहन वर्तमान में अपनी पढ़ाई पूरी कर रहे हैं। बचपन से ही खेलों में असाधारण रुचि रखने वाले प्रेमराजन की प्रतिभा को देखते हुए उनका चयन स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफइंडिया (SAI) की वेटलिफ्टिंग अकादमी में हुआ था, जहां से उनके पेशेवर खेल सफर की शुरुआत हुई।

जब टूटीं 11 हड्डियां, पर नहीं टूटा मनोबल

प्रेमराजन का यह मुकाम कांटों भरे रास्तों से होकर गुजरा है। अभ्यास और प्रतियोगिताओं के दौरान वे कई बार गंभीर हादसों का शिकार हुए। उनका हाथ 7 बार फ्रैक्चर हुआ, एक बार कमर में गंभीर फ्रैक्चर आया और कंधे की गंभीर चोट सहित शरीर की कुल 11 हड्डियां टूटीं। चोटों के असहनीय दर्द के चलते वर्ष 2018 में एक ऐसा दौर भी आया जब उन्हें खेल को अलविदा कहा । लेकिन खेल से यह दूरी उन्हें भीतर ही भीतर बेचैन करती रही। चोटों से पूरी तरह उबरने के बाद वर्ष 2022 में उन्होंने यह अटूट संकल्प लेकर वापसी की कि उनका जन्म इसी खेल के लिए हुआ है।

पदकों का स्वर्णिम सफर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परचम

वर्ष 2022 में खेल के मैदान में दमदार वापसी करते हुए उन्होंने इंडियन पावरलिफ्टिंग फेडरेशन (पंजाब) में गोल्ड मेडल सहित दो नेशनल गोल्ड अपने नाम किए। इसके बाद उनके पदकों का स्वर्णिम सफर लगातार जारी रहा वर्ष 2022 : इंडियन पावरलिफ्टिंग फेडरेशन (पंजाब) में गोल्ड सहित 2 नेशनल गोल्ड मेडल। वर्ष 2023 : 3 नेशनल गोल्ड मेडल। वर्ष 2024 : 2 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल। वर्ष 2025 (नेपाल, पोखरा) : भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए कुल 720 किलोग्राम भार उठाकर अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीता और तिरंगा लहराया।

युवाओं को दे रहे हैं निशुल्क प्रशिक्षण : अपनी सफलता का लाभ समाज के अन्य युवाओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रेमराजन महासमुंद स्थित अपने जिम 'के फिटनेस' में बच्चों और युवाओं को वेटलिफ्टिंग व पावरलिफ्टिंग का निशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं। उनका लक्ष्य है कि कोई भी प्रतिभा संसाधनों या आर्थिक तंगी के अभाव में पीछे न छूटे। खेल में करियर बनाने का सपना देखने वाले युवा उनसे सीधे मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। प्रेमराजन खेल के साथ सार्वजनिक जीवन मे भी सक्रिय रहे है वे न केवल खेल के मैदान में चैंपियन हैं, बल्कि सामाजिक व राजनीतिक पटल पर भी उनकी गहरी छाप है।

25 से 30 अक्टूबर तक थाईलैंड के पटाया में मुकाबला

संयुक्त भारतीय खेल फाउंडेशन द्वारा जारी आधिकारिक चयन पत्र के अनुसार, प्रेमराजन रौतिया का चयन उनके कड़े परिश्रम और उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। वे 25 से 30 अक्टूबर 2026 तक पटाया (थाईलैंड) में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग स्पर्धा में भारतीय टीम का हिस्सा होंगे। भारतीय दल मुंबई एयरपोर्ट से थाईलैंड के लिए उड़ान भरेगा।

न्यूज गैलरी

डायल 112 की गाड़ी ने युवक को अपनी चपेट में लिया

भाटापारा/नवप्रदेश। परशुराम वार्ड स्थित खप्पर बाबा लिंक रोड के पास रविवार देर रात लगभग 10.30 बजे शासन कि डायल 112 बोलेरो गाडी नम्बर छ्त्त 03 1311 ने पीडित कमलेश तिवारी को अपने चपेट मे ले लिया जो कि बुरी तरहा गम्भीर हालात होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद भाटापारा सिविल अस्पताल के डाक्टरों ने रिफर कर दिया प्रत्यक्षदर्शीयों के अनुसार चालक खप्पर बाबा मंदिर के दिशा से लापारवाह तरीके से आते हुये आदर्श कालोनी जाने वाले डिवाईडर मोड पर पीडित कमलेश तिवारी को अपने चपेट मे ले लिया। प्रत्यक्षदर्शीयों के अनुसार घटना चपेट मे बुरी तरहा आये कमलेश तिवारी उस वक्त अपने घर के लिये दूध लेकर जा रहा था तभी स्कूटी नम्बर छ्त्त22त्त 4840 सवार पीडित कमलेश तिवारी को घसीटते हुये डिवाईडर मे दे मारा जिसके कारण वह घटनास्थल मे अचैत अवस्था मे आ गये इस घटना मे उनकी स्कूटी भी बुरी तरहा से छतिग्रस्त हो गया जो की घटना कि गम्भीरता को दर्शाता है। प्रत्यक्षदर्शीयों के अनुसार चालक बुरी तरहा नशे कि स्थिति मे था। वही घटना स्थल मे मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शासन के डायल 112 मे 2 लोग मौजूद थे जिसमे घटना के समय जो चालक था वहा बुरी तरह नशे कि स्थिति मे देखा गया।

खालसा प्राइड महिला क्रिकेट टीम ने जीत के साथ बढ़ाया सिख समाज का गौरव

भाटापारा/नवप्रदेश। विगत दिनों आयोजित महिला क्रिकेट लीग में सिख समाज की महिला क्रिकेट टीम ÷खालसा प्राइड ने शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल मुकाबले में वंडर वुमेन टीम को 6 विकेट से पराजित कर अपनी खेल प्रतिभा, अनुशासन और टीम भावना का परिचय दिया। 7 ओवर के इस रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में वंडर वुमेन टीम ने 23 रन बनाकर 24 रन का लक्ष्य खालसा प्राइड के सामने रखा। खालसा प्राइड की खिलाड़ियों ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 5वें ओवर में ही 24 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया और 6 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। यह जीत केवल मैदान पर मिली सफलता नहीं, बल्कि समाज की बेटियों के आत्मविश्वास, मेहनत और खेल के प्रति समर्पण का प्रतीक है। महिला खिलाड़ियों ने यह संदेश दिया कि जब बेटियों को अवसर, प्रोत्साहन और विश्वास मिलता है, तो वे हर क्षेत्र में समाज का नाम रोशन कर सकती हैं। **महिला खिलाड़ियों का किया गया सम्मान :** महिलाओं का उत्साहवर्धन करने के उद्देश्य से गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा की ओर से खालसा प्राइड टीम की खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह, प्रमाण-पत्र एवं विजय कप प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष श्री बबलू चावला, सचिव श्री राजा गुम्बर, कोषाध्यक्ष श्री हर भगवान गुम्बर, संरक्षक श्री बलवंत सिंह सलूजा, श्री रंजीत चावला, श्री अमरजीत सिंह सलूजा, ज्ञानी निरंजन सिंह सहित सिख समाज के अनेक प्रमुख सदस्य एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

श्रमदान कर की गई पिपराहा तालाब सफाई

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। सेवा संकल्प अभियान एवं स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत सोमवार को नगर पालिका परिषद बलोदाबाजार के वार्ड क्रमांक 6 स्थित पिपराहा तालाब मे नगर पालिका द्वारा सतत सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान तालाब के किनारे एवं जल क्षेत्र में जमा जलीय खरपतवार एवं अन्य अवांछित सामग्री को जनप्रतिनिधि गण, पालिका अधिकारी-कर्मचारी द्वारा श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया गया , जिससे तालाब का स्वरूप स्वच्छ एवं व्यवस्थित हों। नगर पालिका परिषद बलोदाबाजार द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि तालाब में कचरा, प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट न डालें और इस ऐतिहासिक धरोहर को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने में नगर पालिका का सहयोग करें। शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिले मे 17 सितम्बर से सेवा मेरा योगदान अंतर्गत नगरीय निकायों मे शहर के तालाब परिसर,सड़क,चैरहो एवं जलभराव क्षेत्र में नियमित रूप से सफाई कार्य किया जा रहा है । इस अवसर पर वार्ड पार्षद हरजीत सिंह सलूजा,सतीश पटेल,जितेंद्र कुमार डडसेना, मनोज कांत पुरेना,मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष तिवारी व अन्य कार्यालयीन कर्मचारीगण एवं नागरिकगण उपस्थित थें।

पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय के नाम पर बड़ा काम, भुगतान के दस्तावेजों पर उठे सवाल

लेकिन संबंधित कार्य और लेबर चार्ज का स्पष्ट उल्लेख नहीं होने का आरोप

छुरा/ नवप्रदेश। विकासखंड छुरा के अकलवारा स्थित पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय में वर्ष 2024 के दौरान केंद्रीय एवं राज्य मद से किए गए विभिन्न भुगतानों को लेकर सवाल उठने लगे हैं। उपलब्ध बिल-वाउचर एवं कैशबुक में दर्ज प्रविष्टियों के आधार पर आरोप है कि कई भुगतानों में सामग्री खरीदी का उल्लेख तो किया गया है, लेकिन सामग्री का उपयोग किस कार्य में हुआ तथा संबंधित कार्य के लिए श्रम भुगतान किया गया या नहीं, इसका स्पष्ट विवरण दर्ज नहीं है। मामले में संबंधित अभिलेखों की निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है।

बताया गया है कि फरवरी 2024 में विद्यालय के नाम से 27 बैग सीमेंट, 19 ट्रैक्टर मिट्टी तथा चार ट्रैक्टर रेत की खरीदी का भुगतान दर्ज है। इन सामग्रियों का उपयोग विद्यालय में किस कार्य के लिए किया गया, इसका स्पष्ट उल्लेख संबंधित वाउचर अथवा कैशबुक में नहीं होने का दावा किया जा रहा है। इसी प्रकार विद्यालय में चित्रकारी के नाम पर करीब 30 हजार रुपये का भुगतान किए जाने की बात सामने आई है। आरोप है कि विद्यालय के चार छोटे कक्षों वाले भवन में कराई गई चित्रकारी के क्षेत्रफल और भुगतान राशि का आपसी मिलान भी जांच का विषय है। अभिलेखों में 82 लीटर प्लास्टिक पेंट, 75 किलोग्राम बिरला व्हाइट के साथ निरमा वाशिंग पाउडर, शक्कर, आलू, प्याज, लहसुन, उड़द दाल तथा चावल जैसी विभिन्न सामग्रियों की खरीदी का भी उल्लेख बताया जा रहा है।

वाहन किराये के भुगतान पर भी सवाल

विद्यालय के प्रभारी प्रधान पाठक कमल सिन्हा द्वारा अपने गृह ग्राम सोरिद से अकलवारा होते हुए गरियाबंद आने-जाने के लिए आर्टिका वाहन का करीब 80 किलोमीटर का किराया पांच हजार रुपये भुगतान किए जाने का आरोप है। इसी तरह वाहन किराये की निर्धारित दर तथा भुगतान की गई दर के बीच अंतर होने का भी दावा किया जा रहा है। इन भुगतानों में वाहन का वैध परमिट, लॉगबुक, यात्रा का उद्देश्य, स्वीकृति आदेश और वास्तविक दूरी का सत्यापन किया जाना आवश्यक है।

दुकान के बिल में मिस्त्री चार्ज का मामला

मुडागांव स्थित एक दुकान के बिल से जुड़ा मामला भी चर्चा में है। आरोप है कि छड़-सीमेंट के दुकानदार के फर्म बिल में करीब 6,900 रुपये का मिस्त्री चार्ज शामिल करते हुए भुगतान किया गया। सवाल यह है कि यदि सामग्री विद्यालय के लिए खरीदी गई थी तो मिस्त्री शुल्क किस कार्य के लिए था, कार्य किस स्थान पर हुआ और उसका माप अथवा कार्य पूर्णता प्रमाणपत्र किस अधिकारी ने जारी किया।

> कमलसिन्हा ने काल रिसीव नहीं किया एवं मैसेज का जवाब नहीं दिया।

> मामला गंभीर है शीघ्र जांच टीम गठित कर जांच उपरांत कार्यवाही किया जायेगा।
>
> **डीईओ राजेश चन्द्राकार एवं डीपीसी शिवेश शुक्ला**

अछोली जनसमस्या निवारण शिविर में 31 आवेदन प्राप्त, 6 का मौके पर निराकरण

नगरी/नवप्रदेश। जनसमस्या निवारण एवं ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से सोमवार, 28 सितंबर 2026 को विकासखंड नगरी के ग्राम पंचायत अछोली में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों से पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए। शिविर में जनप्रतिनिधियों के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे। शिविर में जनपद पंचायत नगरी के अध्यक्ष सहित क्षेत्र की 23 ग्राम पंचायतों के सरपंच, संबंधित जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत दिलाना तथा शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना रहा। शिविर के दौरान 23 ग्राम पंचायतों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, विद्युत, शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास सहित विभिन्न विषयों से संबंधित अपनी समस्याएं एवं मांगें अधिकारियों के सामने रखीं। शिविर में कुल 30 मांग संबंधी आवेदन तथा 1 शिकायत सहित कुल 31 आवेदन प्राप्त हुए।

अधिकारियों द्वारा प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा करते हुए मौके पर ही 6 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। वहीं 2 मांगों एवं 1 शिकायत को निर्धारित समय-सीमा में निराकरण के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। शेष आवेदनों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई एवं निराकरण के लिए प्रेषित किया गया।

जनपद पंचायत छुईखदान के कार्यालय भवन मरम्मत कार्य की जांच के आदेश

छुईखदान/नवप्रदेश। जनपद पंचायत छुईखदान के कार्यालय भवन में कराए जा रहे मरम्मत कार्य में कथित अनियमितता और बिना लेआउट एवं निर्धारित तकनीकी प्रक्रिया के कार्य कराए जाने की शिकायत सामने आने के बाद जिला पंचायत प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया है। इस संबंध में समाचार पत्रों में समाचार प्रकाशित होने के बाद मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत खैरागढ़-छुईखदान-गंडई प्रेम कुमार पटेल ने कार्य की जांच के लिए जांच दल का गठन किया है।

जारी आदेश के अनुसार मामले की जांच के लिए प्रकाश चंद्र तारम, परियोजना अधिकारी, जिला पंचायत केसीजी को जांच दल का प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं मनीष साहू, अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण सेवा संभाग, खैरागढ़ को जांच दल में सहायक अधिकारी के रूप में शामिल किया गया है। **सात दिन में मांगा जांच प्रतिवेदन :** मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा गठित जांच दल को संबंधित मरम्मत कार्य का स्थल निरीक्षण करने, कार्य में अपनाई गई तकनीकी प्रक्रिया, लेआउट, स्वीकृति, कार्यादेश तथा निर्माण कार्य से जुड़े अभिलेखों की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही शिकायत में लगाए गए आरोपों की वास्तविकता का परीक्षण कर सात दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है।

तकनीकी प्रक्रिया को लेकर उठे सवाल

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि जनपद पंचायत कार्यालय भवन के मरम्मत कार्य में निर्धारित तकनीकी प्रक्रिया और लेआउट का पालन नहीं किया गया। ऐसे में जांच दल द्वारा यह भी देखा जाएगा कि कार्य किस स्वीकृति और तकनीकी प्रावधानों के तहत कराया गया तथा कार्य शुरू करने से पहले आवश्यक प्रक्रिया पूरी की गई थी या नहीं। जांच दल द्वारा मौके का निरीक्षण एवं संबंधित दस्तावेजों की जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मरम्मत कार्य में वास्तव में किसी प्रकार की अनियमितता हुई है या नहीं। प्रशासन द्वारा जांच के आदेश से शिकायत की निष्पक्ष जांच और वास्तविक स्थिति सामने आने की उम्मीद है। अब जांच दल की रिपोर्ट पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। सात दिवस के भीतर प्रस्तुत होने वाले प्रतिवेदन में यदि शिकायत में लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की स्थिति भी स्पष्ट हो सकेगी।

सेवा संकल्प कार्यक्रम के तहत जिला पंचायत में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

■ स्वस्थ शरीर ही जनसेवा का आधार, नियमित स्वास्थ्य जांच जरुरी - जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार सार्वा

नगरी/नवप्रदेश। सेवा संकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को जिला पंचायत धमतरी के सभाकक्ष में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार सार्वा, जिला महामंत्री महेन्द्र पंडित, सदस्य टीकाराम कंवर, अजय ध्रुव, धनेश्वरी साहू, अनीता ध्रुव, उपसंचालक पंचायत विभाग पद्मनी वर्मा सहित जिला पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

शिविर का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करना तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व को रेखांकित करना था।

जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार सार्वा ने शिविर में सबसे पहले अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। उन्होंने बीपी, शुगर, रक्त जांच सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण कराकर अपने स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर ही जनसेवा का आधार है। जनसेवा के कार्यों के साथ-साथ स्वयं के स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी आवश्यक है। व्यस्त दिनचर्या के कारण स्वास्थ्य की अनदेखी नहीं करनी चाहिए। नियमित स्वास्थ्य जांच से बीमारियों की समय पर पहचान और उपचार संभव है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों से स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा समय-समय पर नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि नियमित जांच से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समय रहते पता लगाया जा सकता है और आवश्यक उपचार प्रारंभ किया जा सकता है। इस अवसर पर जिला महामंत्री महेन्द्र पंडित ने कहा कि स्वस्थ शरीर ही जनसेवा का आधार है। जनप्रतिनिधि समाज और आम जनता की सेवा के लिए निरंतर सक्रिय रहते हैं। विभिन्न कार्यक्रमों, बैठकों और जनसमस्याओं के निराकरण में व्यस्त रहने के कारण कई बार वे अपने स्वास्थ्य पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे पाते। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प कार्यक्रम के तहत आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एक सराहनीय पहल है।

वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन ज्ञानेश कुमार की गिरफ्तारी की मांग

पीएम, गृहमंत्री और मुख्य चुनाव आयुक्त का फूंका पुतला : कलेक्ट्रेट घेराव

धमतरी/नवप्रदेश। लोकतंत्र की रक्षा और कथित वोट चोरी के बड़े खुलासे के विरोध में आज धमतरी जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर में एक बड़ा और उग्र प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में एकत्रित कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने धमतरी जनपद चौक के पास एकत्रित होकर केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग के खिलाफजमकर नारेबाजी की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। इसके पश्चात आक्रोशित कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट का जोरदार घेराव किया और मुख्य चुनाव आयुक्त की तत्काल गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। कांग्रेस का यह विरोध प्रदर्शन जनपद चौक से शुरू हुआ, जहाँ भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। पुतला दहन के दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच काफी देर तक तीखी नोकझोंक और झूमाझटकी भी हुई, लेकिन आक्रोशित कार्यकर्ता पुतला फूंकने में सफल रहे। इसके बाद एक विशाल रैली के रूप में कांग्रेसी कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां बैरिकेड्स के सामने बैठकर भारी आक्रोश व्यक्त किया गया और मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा, ÷भाजपा सरकार ने चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था को अपनी कठपुतली बना दिया है। 'वोट चोरी' के खुलासों से साबित हो गया है कि जनता के जनादेश को सरेआम लूटा जा रहा है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने देश के करोड़ों मतदाताओं के भरोसे का कत्ल किया है, उन्हें तत्काल पद से हटाकर गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

विधायक ओंकार साहू ने केंद्र सरकार पर प्रहार करते हुए कहा, भाजपा अब सीधे तौर पर जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों पर डाका डाल रही है। जब देश की सर्वोच्च चुनाव संस्था ही संदेह के घेरे में हो, तो निष्पक्षता की उम्मीद कैसे की जा सकती है? जब तक मुख्य चुनाव आयुक्त की गिरफ्तारी नहीं होती, कांग्रेस का आंदोलन थमेगा नहीं। वरिष्ठ नेताओं ने कहा बाबा साहेब के संविधान ने हमें जो वोट की ताकत दी थी, उसे यह सरकार 'वोट चोरी' के जरिए छीनना चाहती है। कलेक्ट्रेट का यह घेराव सिर्फ एक चेतावनी है। यदि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई, तो आगामी दिनों में इससे भी बड़ा उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी, पूर्व जिला अध्यक्ष शरद लोहाना, पूर्व महापौर विजय देवांगन, पूर्व दुग्ध महासंघ अध्यक्ष विपिन साहू, जिला संगठन महामंत्री अरविंद दोषी, जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर, कविता बाबर, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शिक्षकों के सम्मान में सजा बालोद, गुरु गौरव समारोह में 152 शिक्षक सम्मानित

- **बारिश के बावजूद राज्य के कोने-कोने से पहुंचे शिक्षक, दर्शन बालोद के शिक्षक दिवस विशेषांक का हुआ विमोचन**

बालोद/नवप्रदेश। दर्शन बालोद एवं एनटीसीएफ (नोवेल टीचर्स क्रिएटिव फाउंडेशन) छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में 27 सितंबर रविवार को बालोद स्थित कला केंद्र संगीत महाविद्यालय में राज्य स्तरीय गुरु गौरव सम्मान समारोह 2026 का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से पहुंचे उत्कृष्ट एवं नवाचारी कार्य करने वाले 152 शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। लगातार बारिश के बावजूद राज्य के कोने-कोने से चयनित शिक्षक बालोद पहुंचे और समारोह में शामिल हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अखिल भारतीय तेली साहू महासभा एवं सीनियर पैसेंजर ट्रेन मैनेजर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे दुर्ग बेनु राम साहू थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनटीसीएफ छत्तीसगढ़ के संस्थापक अरुण कुमार साहू ने की। विशेष अतिथियों में जिला पंचायत सदस्य पूजा वैभव साहू, जनपद पंचायत सभापति दमयंती सुभाष हरदेल, इतिहासकार अरमान अश्क, प्रोफेसर के. मुरारी दास, प्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष तामेश्वर प्रसाद कौशल सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि बेनु राम साहू ने गुरु गौरव सम्मान समारोह को शिक्षकों के सम्मान की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया। उन्होंने अपने सेवा कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज में जरूरतमंदों की सेवा और सकारात्मक कार्यों को बढ़ावा देने से समाज आगे बढ़ता है। उन्होंने शिक्षकों को समाज निर्माण की महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए सम्मानित शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अरुण कुमार साहू ने एनटीसीएफ की अवधारणा, स्थापना और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों की भूमिका और उनके नवाचारों को सामने लाने की आवश्यकता पर बात रखी।

शैक्षिक संगोष्ठी में शिक्षाविदों ने रखे विचार

मुख्य सम्मान समारोह से पहले शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त वरिष्ठ शिक्षाविद डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी, बालोद जिले के सम्मानित शिक्षक ईश्वरी कुमार सिन्हा, राजनांदगांव की शिक्षिका सुश्री लीला माणिक, प्रोफेसर के. मुरारी दास तथा प्रोफेसर कुबेर गुरुपंच, दुर्ग सहित अन्य शिक्षाविद शामिल हुए।संगोष्ठी में वक्ताओं ने वर्तमान शिक्षण व्यवस्था, शिक्षा के बदलते स्वरूप, नवाचार और शिक्षकों की भूमिका पर अपने विचार रखे। उन्होंने शिक्षकों के सामने मौजूद चुनौतियों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षक की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। वक्ताओं ने गुरु गौरव सम्मान जैसे आयोजनों की सराहना करते हुए इसे शिक्षकों के कार्यों को पहचान देने वाला आयोजन बताया।

बाढ़ राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी 12 लोगों को सुरक्षित निकाला गया

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले में पिछले दिनों हुई लगातार अतिवृष्टि के कारण कई नदी-नाले उफान पर हैं और निचली बस्तियों में बाढ़ जैसे हालात निर्मित हो गया था। जिला प्रशासन पूरी सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ राहत एवं बचाव कार्य में जुटा हुआ है।एसडीआरएफकी टीम ने दो अलग-अलग स्थानों पर साहसिक रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया। ग्राम पांसुरी-सोनपुरी में शिवनाथ नदी के बढ़ते जलस्तर के बीच टापू में फंसे 9 ग्रामीणों को कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसी प्रकार ग्राम अमलीडीह में खेत में काम करने के दौरान अचानक पानी में घिरे 3 लोगों को रस्सी एवं नाव की सहायता से सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू किए गए सभी 12 लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाकर भोजन एवं प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई गई है। ग्राम लाटा में बाढ़ से प्रभावित परिवारों को एहतियात के तौर पर शासकीय प्राथमिक शाला में शिफ्ट किया गया है। प्रशासन द्वारा वहां ठहरने, भोजन, स्वच्छ पेयजल, बिजली एवं दवाइयों की समुचित व्यवस्था की गई है। राजस्व अमला लगातार जलस्तर पर नजर बनाए हुए है।

जनदर्शन में 35 आवेदन मिले

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्ट्रेट स्थित दृष्टि सभा कक्ष में साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज ने जिले से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें निराश्रित पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बैटरी चलित ट्रायसायकल की मांग, राजस्व से संबंधित कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा हटाने, आम रास्ता खुलवाने सहित विभिन्न जनहित से जुड़े मामले शामिल थे। श्री भारद्वाज ने अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

फुल बाड़ी फार्म हाउस में फंसे 09 लोगों को सुरक्षित निकाला

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले में अत्यधिक बारिश के कारण शिवनाथ नदी सहित विभिन्न नदी-नालों का जलस्तर बढ़ गया है। कई स्थानों पर नदी-नाले उफान पर होने से आवागमन प्रभावित हुआ है तथा निचली बस्तियों में बाढ़ जैसे हालात निर्मित हुए हैं। बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन एवं बेमेतरा पुलिस द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी रखते हुए स्थिति की सतत निगरानी की जा रही है। ग्राम पौसरी-सोनपुरी में शिवनाथ नदी के बढ़ते जलस्तर के बीच फुल बाड़ी फार्म हाउस, सोनपुरी में टापू पर फंसे 09 व्यक्तियों को बेमेतरा पुलिस एवं जिला आपदा प्रबंधन की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला। सभी को सुरक्षार्थ शासकीय प्राथमिक शाला, पौसरी में ठहराया गया है। बाढ़ प्रभावित ग्रामों में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों एवं राहत शिविरों तक पहुंचाने का कार्य लगातार जारी है।

सरल रहना एवं सरल लिखना बहुत कठिन डॉ चितरंजन

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा आयोजित साहित्यिक महासंगम के प्रथम दिवस भाषाविद डॉ चितरंजन कर ने कहा कि सरल रहना एवं सरल लिखना बहुत कठिन है। कविता की भाषा मौन है बोली से भाषा बनती है। हास्य के पीछे करुणा रहती है। रात 1 बजे तक कवि सम्मेलन चलता रहा जिसमे लगभग 160 कवियों ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुति छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के मंच से भिन्न भिन्न विधाओं मे दिया।अगले दिन छत्तीसगढ़ी व्याकरण और शब्दकोष को लेकर चर्चा प्रारम्भ हुई जिसमे भाषा विज्ञान पर कार्य करने वाले देवधर महंत,डॉ. संध्या रानी शुक्ला, अरविन्द मिश्र, डॉ विनोद वर्मा, जैसे विद्वानों ने सरगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया। सातवें सत्र मे छत्तीसगढ़ी गद्य साहित्य और अनुवाद परंपरा को लेकर काफी गहन एवं विस्तार पूर्वक चर्चा हुई जिसकी अध्यक्षता सरला शर्मा के द्वारा किया गया। संचालन अजय अमृतांशु ने किया। साहित्य के महासंगम मे दूसरे दिवस भी छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा, सचिव डॉ अभिलाषा बेहार, आदर्श दुबे, सुषमा गौराहा, पदम्लोचन शर्मा, रामानंद त्रिपाठी, गोकुल बंजारे रहे।

सिटी कोतवाली और एएनटीएफ की संयुक्त कार्रवाई, 5.10 लाख रुपये का मशरूका जब्त

10 किलो 98 ग्राम गांजा के साथ अंतरराज्यीय तस्कर हुआ गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नया बस स्टैंड से छिरहा जाने वाले मार्ग पर यादव होटल के पास एक युवक को 10 किलो 98 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी काले रंग के बैग में गांजा छिपाकर बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 5 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल फोन भी जब्त किया है। कुल जब्त मशरूका की कीमत करीब 5 लाख 10 हजार रुपये है।

पुलिस के मुताबिक 27 सितंबर 2026 को सिटी कोतवाली पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि नया बस स्टैंड से छिरहा मार्ग पर यादव होटल के पास एक युवक काले रंग के बैग में बड़ी मात्रा में गांजा लेकर खड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम ने आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूरी कर मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध युवक को पकड़ा।

पूछताछ में युवक ने अपना नाम रामू सिंह पिता नेम सिंह, उम्र 22 वर्ष, निवासी शिव मंदिर के पास करनौली, थाना छिबरामऊ नौगोई, जिला कन्नौज, उत्तरप्रदेश बताया। तलाशी के दौरान उसके पास रखे काले रंग के सफारी बैग के भीतर खाकी रंग की झिल्ली और टेप से लिपटा एक पैकेट मिला। जांच करने पर पैकेट में गांजा पाया

तस्करी के नेटवर्क की जांच जारी

पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि गांजा आरोपी तक कहां से पहुंचा और इसे कहां खपाया जाना था। साथ ही संभावित खरीदारों और मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है।

5.10 लाख रुपये का मशरूका जब्त

सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 10 किलो 98 ग्राम गांजा, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 5 लाख रुपये, तथा घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन, जिसकी कीमत करीब 10 हजार रुपये बताई गई है, जब्त किया। इस प्रकार कुल जब्त मशरूका की कीमत करीब 5 लाख 10 हजार रुपये है।

एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

आरोपी रामू सिंह के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 419/2026, धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

1 किलो से अधिक गांजा बेचते आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। साइबर सेल व थाना बेमेतरा की संयुक्त पुलिस टीम ने मादक पदार्थों की अवैध बिक्री में संलिप्त पर कार्रवाई तेज करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 18 हजार रूपये से भी अधिक की 01 किलो 556 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं 01 नग मोबाईल कीमती करीब 500 रूपये, जुमला कीमती लगभग 18,500 रूपये को जप्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

ठेलों की भीड़ से छिप गया पीजी कॉलेज का भवन

बेमेतरा/नवप्रदेश। एक समय कोबिया की पहचान शासकीय पीजी कॉलेज से हुआ करती थी, लेकिन बदलते शहर और विकास के साथ अब कॉलेज की पहचान धीरे-धीरे फीकी पड़ती जा रही है। नेशनल हाईवे के चौड़ीकरण के बाद सड़क का स्तर ऊंचा हो गया, जबकि कॉलेज परिसर अपेक्षाकृत नीचे रह गया। इसके साथ ही कॉलेज के आसपास हाथठेलों और अन्य अस्थायी दुकानों की संख्या बढ़ने से मुख्य सड़क से कॉलेज का भवन आसानी से नजर नहीं आता।

जनवरी 2012 में बेमेतरा जिला अस्तित्व में आने के बाद शहर के विकास की गति तेज हुई। शहर में बड़े-बड़े शोरूम, होटल और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान तेजी से विकसित हुए। विकास के इस विस्तार के बीच कोबिया क्षेत्र में स्थित पीजी कॉलेज का स्वरूप और आसपास का दृश्य भी बदल गया। हाईवे चौड़ीकरण के कारण सड़क ऊंची होने से कॉलेज नीचे दिखाई देने लगा है।

बारिश में तालाब का पानी भी भरता है-कॉलेज परिसर के आसपास अधिक बारिश होने पर तालाब का पानी भरने की समस्या भी सामने आती है। इससे परिसर और आसपास के क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बन जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कॉलेज शहर की पुरानी पहचान का हिस्सा है, इसलिए इसकी ओर ध्यान देकर आसपास के अतिक्रमण, जलभराव और सड़क के स्तर से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जाना चाहिए।

साव ने सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों की समीक्षा की

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज बेमेतरा प्रवास के दौरान न्यू सर्किट हाउस सभाकक्ष में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में निर्धारित गतिविधियों और कार्यक्रमों के नोडल अधिकारियों ने सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में प्रस्तावित समस्त गतिविधियों एवं अब तक की तैयारियों का पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी की मंशा के अनुरूप सेवा संकल्प अभियान केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह शासन-प्रशासन को जनता के प्रति और अधिक संवेदनशील, जवाबदेह और सेवाभावी बनाने का संकल्प है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस अभियान में सभी विभागों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए और निर्धारित सभी गतिविधियों को सर्वोच्च प्राथमिकता से सफल बनाया जाए। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले के चारों विकासखंडों - बेमेतरा, बेरला, नवागढ़ और साजा में सेवा ज्योति कलश यात्रा का आयोजन किया जाए। यह कलश यात्रा प्रत्येक ग्राम पंचायत से होते हुए सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण का संदेश लेकर जाएगी। यात्रा के दौरान स्वच्छता, जनसेवा और सुशासन की अलख जगाई जाएगी।

सेवा संकल्प अभियान -विकासखंड स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता हुआ आयोजन

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बेमेतरा में विकासखंड स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्रतियोगिता में प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने 'विकसित भारत' के संकल्प को केंद्र में रखते हुए अपने विचार भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किए। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने कागज पर अपनी कल्पनाओं और रचनात्मकता को उकेरते हुए विकसित भारत की परिकल्पना, देश के विकास और नागरिकों की भूमिका को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुगम आवागमन के लिए पुख्ता इंतजाम के निर्देश

- **कलेक्टर ने माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में क्वांर नवरात्रि मेले में यात्रियों की सुविधा एवं कानून व्यवस्था के संबंध में ली बैठक**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में क्वांर नवरात्रि पर्व के अवसर पर 11 अक्टूबर 2026 से डोंगरगढ़ स्थित माँ बम्लेश्वरी मंदिर में आयोजित होने वाले मेले की तैयारियों को लेकर कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्रद्धालुओं एवं पदयात्रियों की सुविधा, सुरक्षा, यातायात, स्वास्थ्य सेवाओं, पेयजल, स्वच्छता, पार्किंग तथा कानून व्यवस्था सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता बघेल, पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा उपस्थित थे।कलेक्टर ने कहा कि नवरात्रि पर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु डोंगरगढ़ पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, मंदिर ट्रस्ट तथा सामाजिक संस्थाओं की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समय-सीमा में तैयारियां पूर्ण करने तथा स्वयं मौके पर जाकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने रामदरबार चौक से डोंगरगढ़ की ओर पदयात्रियों के आवागमन को व्यवस्थित करने के लिए पृथक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कांग्रेस ने किया मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ प्रदर्शन

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा अध्यक्ष आशीष छाबड़ा के नेतृत्व में वोट चोरी के आरोपों की निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की गिरफ्तारी की मांग तथा उनके कार्यकाल में लिए गए निर्णयों एवं मतदाता सूची में हुए बदलावों की स्वतंत्र समीक्षा की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा द्वारा आज जिला कलेक्टोरेट तक विरोध मार्च निकाला गया तथा हाथों में काली पट्टी बांधकर कांग्रेसजनों ने लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज करा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री का पुतला दहन किया।कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि चुनाव आयोग की एक संवैधानिक संस्था है, उसका जिस तरह दुरुपयोग भारतीय जनता पार्टी के द्वारा किया गया है और विशेष रूप से मुख्य चुनाव आयुक्त के द्वारा जिस तरीके से चुनाव आयोग को संचालित किया गया है वह बहुत ही दुर्भाग्य जनक है, साथ ही साथ यह भारत के लोकतंत्र के लिए खतरनाक है।

मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

- **एसआईआर और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग को लेकर कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन**

कवर्धा/नवप्रदेश। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के अध्यक्ष नवीन जायसवाल के नेतृत्व में सोमवार को हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए स्ढक्र सहित चुनावी प्रक्रिया से जुड़े निर्णयों पर सवाल उठाए तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस्तीफे और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि आज देश की जनता के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि केंद्र और भाजपा शासित राज्य सरकारों को लगातार जनविरोधी और किसान, युवा एवं आम जनता से जुड़े फैसले लेने का आत्मविश्वास आखिर कहां से मिल रहा है।

रांका-कठिया कांग्रेस मंडल की हुई बैठक

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बेरला ब्लॉक के ग्राम पंचायत तिवरैया में कांग्रेस कमेटी रांका-कठिया मंडल की संगठनात्मक बैठक हुई जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। बैठक में मंडल कांग्रेस के पदाधिकारीगण, ग्राम पंचायत अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, वरिष्ठ कांग्रेसी एवं समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने, आपसी समन्वय बढ़ाने तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर विस्तार से चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया।

इस अवसर पर आशीष छाबड़ा ने कहा कि कांग्रेस संगठन की असली ताकत उसके जमीनी और समर्पित कार्यकर्ता हैं।

गांव, पंचायत और बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता ही संगठन को मजबूती प्रदान करती है। बैठक में उपस्थित कांग्रेसजनों ने संगठन को जमीनी स्तर पर और प्रभावी बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। बैठक में सिद्धक खान, महावीर साहू, लक्ष्मण साहू, शेख शरीफ कुरैशी, कविलाश साहू, यशवंत साहू, ऋषि साहू, डॉ सज्जाद खान, चमपेश कोठारी, संत राम रात्रे, कमलेश निषाद, बाजारू यादव, लेढ़गा साहू, भूखन साहू, ईश्वरी साहू, नन्द कुमार बंजारे, गणेश साहू, नारायण साहू, रूपलाल निषाद, राकेश साहू, गेंद राम साहू, तामेश साहू, मनहरन साहू, दुर्गेश रात्रे, धूलचंद बंजारे, महेंद्र साहू, रवि साहू, रोशन साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकता उपस्थित रहे।

अटल आरोग्य लैब का लोकार्पण किया अजय चंद्राकर ने

स्वास्थ्य, सड़क और शिक्षा को मजबूत करना ही प्राथमिकता : अजय चंद्राकर

कुरुद/नवप्रदेश। छोटी-सी जांच के लिए धमतरी या रायपुर की दौड़ अब भखारा अंचल के नागरिकों के लिए अतीत की बात बनने जा रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भखारा में बुधवार को नवनिर्मित अटल आरोग्य लैब का लोकार्पण हुआ और इसके साथ ही क्षेत्र को स्वास्थ्य सुविधाओं के मोर्चे पर एक बड़ी सौगात मिल गई। क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में हुए इस आयोजन की अध्यक्षता नगर पंचायत भखारा-भठेली की अध्यक्ष ज्योति हरख जैन ने की। कार्यक्रम में जनपद पंचायत कुरूद की अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, जिला पंचायत सदस्य पूजा सिन्हा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विष्णु साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सतीश जैन, भाजपा जिला मंत्री

आनंद यदु, भाजपा भखारा मंडल अध्यक्ष रवि सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, रामस्वरूप साहू, रामगोपाल देवांगन और छत्रपाल बैस सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व नागरिक मौजूद रहे। लैब के लोकार्पण के साथ वृक्षारोपण भी किया गया, जिसने आयोजन को स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण के संदेश से भी जोड़ दिया। अटल आरोग्य लैब के माध्यम से सरकारी स्वास्थ्य संस्थान पहुंचने वाले मरीजों को अब स्थानीय स्तर पर ही करीब 133 से 136 प्रकार की जांच निःशुल्क उपलब्ध होगी। सबसे बड़ी राहत यह रहेगी कि जांच रिपोर्ट के लिए मरीजों को इंतजार या दौड़भाग नहीं करनी होगी। रिपोर्ट डिजिटल रूप से तैयार होकर एसएमएस और व्हाट्सअप के जरिए सीधे मरीज के मोबाइल पर पहुंचेगी। इससे निजी लैब या दूसरे शहरों पर निर्भरता काफी हद तक कम हो जाएगी।

गोरेलाल सिन्हा व ऋतिक सिन्हा सहित कई नेताओं की हुई विधिवत वापसी, पुष्पमाला और गुलाल से किया सम्मान

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला मुख्यालय में आयोजित एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस संगठन ने गरियाबंद जिले के निष्कासन समाप्त कर वापस लिए गए नेताओं का आत्मीय स्वागत किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा अनुशासन समिति की अनुशंसा पर निष्कासन समाप्त किए जाने के बाद जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा की मौजूदगी में गोरेलाल सिन्हा, ऋतिक सिन्हा सहित अन्य नेताओं की

जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा कि

कुछ कारणों से पार्टी से बाहर हुए नेताओं का निष्कासन जिला कांग्रेस कमेटी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशंसा पर समाप्त किया गया है। उन्होंने कहा कि इन नेताओं की वापसी से संगठन को मजबूती मिलेगी और आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को इसका लाभ मिलेगा। उनके अनुसार वापस लौटे सभी नेताओं की अपने-अपने क्षेत्रों में मजबूत पकड़ है, जिससे संगठन का जनाधार और सशक्त होगा।

विधिवत पार्टी में वापसी कराई गई। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला पहनाकर और गुलाल लगाकर उनका जोशीला स्वागत किया। कांग्रेस नेता शैलेन्द्र साहू ने प्रदेश कांग्रेस के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि निष्ठावान कार्यकर्ताओं की घर वापसी संगठन को नई ऊर्जा देगी।

वहीं कांग्रेस नेता विकास तिवारी ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव में पार्टी की कुछ रणनीतिक कमियों का असर परिणामों में दिखाई दिया।

न्यूज गैलरी

सेवा संकल्प अभियान में प्रतियोगिताएं आयोजित

धरसींवा/नवप्रदेश। शासकीय पंडित श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय धरसीवां में दिनांक 28.09.2026 को छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार ?सेवा संकल्प अभियान? के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता, भाषण, एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियागिता में सभी संकाय के लगभग 65 प्रतिभागियों ने अपनी सहभागिता प्रदान की सेवा ,समर्पण और जनभागीदारी की भावना को मजबूत करने का यह विषेष आयोजन जिसका उद्देष्य षासकीय योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमो की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने और पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है इसी भावना के साथ महाविद्यालय में इन कार्यक्रम का आयोजन हुआ । महाविद्यालय के प्राचार्य कौशल किशोर के मार्गदर्शन में सेवा संकल्प अभियान? के तहत अन्य कार्यक्रम छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालयीन स्टाफ की सहभागिता के साथ 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर के मध्य आयोजित हैं उसी कड़ी में आज निबंध प्रतियोगिता, भाषण, एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

खेल और संस्कृति से जुड़ी गतिविधियों में शामिल हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष

महासमुंद/नवप्रदेश। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र एवं जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-06 में आयोजित विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में जिला पंचायत महासमुंद के उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने वनांचल ग्राम टेंगराही (गुलझर) एवं ग्राम पंचायत भोथा (कोमाखान) में आयोजित रात्रिकालीन एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ श्री ठाकुर ने पूजा-अर्चना, रिबन काटने, खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने और टॉस कर किया। उद्घाटन मुकाबला टेंगराही और गुलझर की टीमों के बीच खेला गया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कबड्डी हमारी माटी और ग्रामीण जीवन से जुड़ा पारंपरिक खेल है। यह युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना, संयम और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ पूरे उत्साह से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

नगरी शहर फोरलेन मार्ग की वित्त विभाग से मिली स्वीकृति : अरुण

नगरी/नवप्रदेश। सिहावा विधानसभा क्षेत्र में सड़क एवं आवागमन की सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल सामने आई है। सांकरा-जैतपुरी मार्ग तथा नगरी में मार्ग के चौड़ीकरण एवं फोरलेन निर्माण की मांग को वित्त विभाग से स्वीकृति मिल गई है। इसकी जानकारी लोक निर्माण विभाग कार्यालय जिला धमतरी के ई ने दूरभाष के माध्यम से जिला पंचायत धमतरी के अध्यक्ष अरुण सार्वा को दी, इसकी जानकारी जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गई। उल्लेखनीय है कि 10 सितंबर को जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा एवं स्थानीय आदिवासी परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने रायपुर में छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर सिहावा विधानसभा क्षेत्र की महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को लेकर चर्चा की थी। इस दौरान सांकरा-जैतपुरी मार्ग के निर्माण एवं मजबूतीकरण तथा नगरी क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण/फोरलेन की मांग प्रमुखता से रखी गई थी।

बाढ़ पीड़ित किसान का फसल मुआवजा के साथ धान खरीदी भी करे सरकार : माहेश्वरी

सिमगा/नवप्रदेश। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के बीच क्षेत्र की नदियों में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए भाटपारा के पूर्व विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी सुनील माहेश्वरी ने बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा कर जमीनी हालात का जायजा लिया। बाढ़ पीड़ितों के साथ भाजपा सरकार को उदारता एवं संवेदनशीलता दिखाना होगा।

कृषक प्रताप निषाद ने बताया की किसानों के फसल का राजस्व के अधिकारियों के द्वारा मुआवजा प्रकरण बनाया जाता है लेकिन जो किसान मुआवजा लेते हैं उनका सरकार धान खरीदी नहीं करती । इस पर माहेश्वरी ने कहा कि बाढ़ के बाद फसल में जो बिमारी आती है, उसके दवाई छिड़काव में ही मुआवजा से ज्यादा राशि लग जाती है। अतः शासन एवं प्रशासन संवेदनशील होकर ऐसी व्यवस्था बनाएं कि किसानों को पर्याप्त मुआवजा भी मिले और उनके फसल की खरीदी भी की जाए। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में से ग्राम कुलीपोटा पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा किया। ग्रामीणों ने बताया की गांव में सामुदायिक भवन और स्कूल में अतिरिक्त कमरे की कमी से बाढ़ के समय सुरक्षित रूप से राहत कैंप में रहने में बहुत परेशानी आती है।

कैंपस में अज्ञात युवक के प्रवेश और छात्राओं को आपत्तिजनक इशारे करने का आरोप

केंद्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल

छात्राओं की शिकायत के बाद अभिभावकों ने भी युवक को देखने की कही बात

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। छात्राओं द्वारा एक अज्ञात युवक के स्कूल परिसर के आसपास और कथित तौर पर कैंपस के अंदर आने तथा छात्राओं की ओर आपत्तिजनक इशारे किए जाने की शिकायत सामने आई है। इस घटना को लेकर छात्राओं और अभिभावकों में चिंता का माहौल बताया जा रहा है।

छात्राओं ने बताई पूरी घटना

छात्राओं के अनुसार, एक अज्ञात युवक कथित रूप से स्कूल कैंपस के अंदर प्रवेश करता है और वहां मौजूद छात्राओं की ओर आपत्तिजनक एवं अशोभनीय

इशारे करता है। छात्राओं का कहना है कि युवक अपनी पहचान छिपाने का प्रयास करता है और झाड़ियों के आसपास जाकर चेहरा छिपा लेता है।

छात्राओं द्वारा बताया गया कि इस तरह की गतिविधि से उन्हें असहजता और सुरक्षा को लेकर चिंता महसूस हुई। मामले की जानकारी सामने आने के बाद कुछ अभिभावक भी बच्चों की शिकायत को लेकर मौके पर पहुंचे और आसपास युवक की तलाश अथवा स्थिति को देखने का प्रयास किया।

अभिभावकों को देखकर पहाड़ी की ओर भागने की बात

अभिभावकों के अनुसार, जब उन्होंने संदिग्ध युवक को देखा तो युवक उन्हें देखकर स्कूल कैंपस की दिशा से पहाड़ी की ओर भाग गया। हालांकि, युवक की पहचान अभी सामने नहीं आई है और उसके संबंध में किसी प्रकार की आधिकारिक पुष्टि भी नहीं हुई है।

घटना को लेकर सबसे बड़ा सवाल स्कूल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उठ रहा है कि आखिर कोई बाहरी व्यक्ति कथित तौर पर कैंपस के अंदर तक कैसे पहुंचा और यदि छात्राओं की शिकायत सही पाई जाती है तो ऐसी स्थिति दोबारा न हो, इसके लिए स्कूल प्रबंधन की ओर से क्या कदम उठाए जाएंगे।

प्राचार्य से की गई शिकायत

बताया गया है कि छात्राओं ने पूरे मामले की शिकायत स्कूल के प्राचार्य से कर दी है। शिकायत के बाद अब स्कूल प्रबंधन की ओर से मामले की जांच और आवश्यक कार्रवाई किए जाने की उम्मीद है। साथ ही यह भी महत्वपूर्ण होगा कि स्कूल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश व्यवस्था और आसपास के क्षेत्र में निगरानी को लेकर क्या कदम उठाए जाते हैं।

अभिभावकों की चिंता बढ़ी

स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों ने भी चिंता जताई है। उनका कहना है कि विद्यालय परिसर बच्चों के लिए सुरक्षित स्थान होना चाहिए और किसी भी बाहरी व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधि को गंभीरता से लिया जाना आवश्यक है। अभिभावकों की मांग है कि पूरे मामले की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए और यदि शिकायत सही पाई जाती है तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

आगे की कार्रवाई पर नजर

फिलहाल युवक की पहचान और घटना की वास्तविक परिस्थितियों की स्वतंत्र पुष्टि होना बाकी है। स्कूल प्रबंधन अथवा संबंधित अधिकारियों की ओर से आधिकारिक रूप से आगे क्या कार्रवाई की जाती है।

प्रोफेसर पर छात्राओं ने आपत्तिजनक एवं अश्लील संदेश भेजने का लगाया आरोप

कलेक्टर से की गई कार्रवाई की मांग

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा पीजी कॉलेज के एक अतिथि प्रोफेसर पर छात्राओं ने कथित तौर पर अशोभनीय व्यवहार करने तथा फोन और वाट्सऐप के माध्यम से आपत्तिजनक एवं अश्लील संदेश भेजने के आरोप लगाया हैं। मामले को लेकर महाविद्यालय की छात्राओं एवं छात्रों ने जिला कलेक्टर को लिखित शिकायत सौंपकर मामले की जांच कर संबंधित शिक्षक के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत में महाविद्यालय के अतिथि प्रोफेसर जे.पी. राणा पर छात्राओं के साथ कथित अमानवीय एवं आपत्तिजनक व्यवहार किए जाने का आरोप लगाया गया है। छात्रों का कहना है कि उन्होंने मामले की शिकायत महाविद्यालय की प्राचार्य से भी की थी। प्राचार्य से शिकायत की बाद भी कार्यवाही नहीं होने से छात्राओं ने कलेक्टर से शिकायत करने पहुँचें।

कलेक्टर से शीघ्र जांच और कार्रवाई की मांग: छात्राओं ने जिला कलेक्टर से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने व संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है । मामले में लगाए गए आरोपों की वास्तविकता जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। शिकायत में यदि फोन कॉल, वाट्सऐप संदेश या अन्य डिजिटल साक्ष्य प्रस्तुत किए गए हैं तो उनकी भी जांच महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अब देखना होगा कि जिला प्रशासन इस शिकायत पर क्या कार्रवाई करता है। खबर यह भी मिली है कि शिकायत के बाद अतिथि शिक्षक ने अपना त्यागपत्र प्राचार्य को सौंप दिया है।

कांग्रेस का रायपुर में प्रदर्शन, पीएम मोदी, अमित शाह व मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग

राजीव गांधी चौक से कलेक्टोरेट तक पैदल मार्च, पुलिस से झूमाझटकी; पुतला दहन कर जताया विरोध

अभनपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर सोमवार को राजधानी रायपुर में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार तथा चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन किया। राजीव गांधी चौक पर आयोजित सभा में प्रदेश प्रभारी सुखदेव भगत, दीपक बैज, मोहन मरकाम, चरणदास महंत, टी.एस. सिंहदेव, फूलोदेवी नेताम, संगीता सिन्हा सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने अपनी बात रखी।

प्रदर्शन में इंटक प्रदेश अध्यक्ष टिकेंद्र सिंह ठाकुर, भरत देवांगन, चंद्रहास साहू, टेकचंद साहू, विकास उपाध्याय, पप्पू राजेन्द्र बंजारे, श्री कुमार मेमन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

सभा के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी चौक से रायपुर कलेक्टर कार्यालय तक पैदल मार्च किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस प्रशासन के बीच बैरिकेडिंग को लेकर काफी देर तक झूमाझटकी की स्थिति बनी रही। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास किया, वहीं कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्टोरेट की ओर बढ़ने का प्रयास करते रहे।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पुतले जलाकर विरोध जताया तथा तीनों के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर सवाल उठाए।

गड्ढे से बचाने के फेर में बेकाबू हुई कार सड़क किनारे गिरी; महिला की मौत

■ गणेश विसर्जन की झांकियां देखने जा रहा था परिवार, तीन बच्चे घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। भुरकोनी मार्ग पर रविवार रात सड़क के गड्ढे से बचने के प्रयास में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर कई बार पलट गई। हादसे में कार सवार ईश्वरी सोनी (36) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके तीन बच्चे घायल हो गए। हादसे के बाद कार में परिवार के सदस्य फंस गए। उनकी चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद कार का शीशा तोड़कर सभी को बाहर निकाला और उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। पुलिस के अनुसार भीखापाली निवासी

शीशा तोड़कर ग्रामीणों ने निकाला बाहर

कार पलटने की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त थी और परिवार के सदस्य उसके अंदर फंसे हुए थे। ग्रामीणों ने तत्काल बचाव कार्य शुरू किया और काफी मशक्कत के बाद कार का शीशा तोड़कर अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला। इसके बाद घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

मुकेश सोनी का परिवार रात में खाना खाने के बाद कार से भुरकोनी मार्ग स्थित सोलर प्लांट की ओर गणेश विसर्जन की झांकियां देखने जा रहा था।

कार की रफ्तार तेज होने के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और कार अनियंत्रित होकर कई पलटियां खाते हुए सड़क किनारे जा गिरी। हादसे में मुकेश सोनी की पत्नी ईश्वरी सोनी को गंभीर चोटें आईं और उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, कार में सवार उनकी दो बेटियां और एक बेटा भी घायल हो गए।

पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा : सूचना मिलने पर तेंदूकोना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और हादसे की जानकारी ली। तेंदूकोना थाना प्रभारी ओमकार सिंह दीवान ने बताया कि मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

एसआईआर पर भाजपा का कांग्रेस पर हमला

चुनाव आयोग और देश से माफी मांगें राहुल गांधी : भाजपा

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग के तीनों आयुक्तों द्वारा स्द्धक्र (विशेष गहन पुनरीक्षण) को लेकर दिए गए संयुक्त बयान के बाद भाजपा ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर संवैधानिक संस्थाओं को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि चुनाव आयोग के स्पष्ट बयान से कांग्रेस और विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोपों की वास्तविकता सामने आ गई है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को चुनाव आयोग और देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। इस दौरान गरियाबंद जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, जिला महामंत्री

आशीष शर्मा, मंत्री सुरेन्द्र सोनटेके, बिंद्रानवागढ़ मंडल अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा भी उपस्थित थे। भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि स्द्धक्र से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय तीनों चुनाव आयुक्तों की सर्वसम्मति से लिए गए थे। भारत के चुनाव आयोग की दुनिया भर में साख है। उसके निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाना विपक्ष की हताशा का प्रतीक है। कांग्रेस को ऐसी हरकतों से बाज आना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाकर संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है। भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस को अब आरोपों और भ्रम की राजनीति से आगे बढ़कर तथ्यों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि जब कांग्रेस को राजनीतिक स्तर पर अपेक्षित समर्थन नहीं मिलता, तब वह चुनाव आयोग सहित संवैधानिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाकर अपनी राजनीति को आगे बढ़ाने का प्रयास करती है।

पेज 1 का शेष...

बाढ़ प्रभावित परिवारों...

पहुंचा है, उन्हें नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराने के साथ राहत और पुनर्वास के लिए हर आवश्यक कदम उठाया जाएगा। मुख्यमंत्री साय ने शबरीनगर में स्थापित राहत एवं स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, भोजन, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री राहत शिविर में रह रहे प्रभावित लोगों के बीच पहुंचे और उन्हें स्वयं भोजन परोसकर आत्मीयता के साथ उनका हालचाल जाना।

कांग्रेसियों व पुलिस...

के नेतृत्व में सोमवार को हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए स्द्धक्र सहित चुनावी प्रक्रिया से जुड़े निर्णयों पर सवाल उठाए तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस्तीफे और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

रायगढ़ में भी कांग्रेस का प्रदर्शन खत्म हो गया। कलेक्ट्रेट से कुछ दूर पुलिस ने बैरिकेड्स तोड़कर आगे बढ़ रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोक दिया। इसके बाद कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह और ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त करने की मांग की।

पूर्व सीएम भूपेश की याचिका...

उल्लंघन किया गया। याचिका में भूपेश बघेल के निर्वाचन को शून्य घोषित करने की मांग की गई है। मामले में आरोपों की सत्यता का अंतिम फैसला ट्रायल और साक्ष्यों के आधार पर होना है। चीफ जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच ने भूपेश बघेल की याचिका पर विचार करने से मना कर दिया। जजों ने कहा कि बघेल को हाई कोर्ट में चुनाव याचिका की सुनवाई में अपनी कानूनी और तथ्यात्मक दलीलें देनी चाहिए। धारा 126 के कथित उल्लंघन का चुनाव नतीजों पर कोई असर पड़ा था या नहीं, यह तथ्यों का सवाल है। इसे साक्ष्यों के आधार पर ही तय किया जा सकता है।

टीएमसी के नाम और चिन्ह...

विवाद पर अंतिम फैसला लेने के लिए तीन महीने का समय दिया है। बता दें, टीएमसी सिंबल विवाद पर चुनाव आयोग ने सबूतों और हलफनामों की संख्या को देखते हुए, दलीलें पूरी होने के बाद कम से कम छह महीने का समय मांगा था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने तीन महीने का समय दिया। मामले में जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने कहा, 'तीन महीने काफी हैं। बता दें कि बीते दिनों उपचुनाव के लिए चुनाव आयोग ने टीएमसी के दोनों प्रतिद्वंद्वी गुटों को चुनाव चिह्न आवंटित किए गए थे।

सीएम विष्णुदेव साय...

सिंगापुर के उद्योगपतियों, निवेशकों और कारोबारी प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। इन बैठकों में छत्तीसगढ़ में उद्योग स्थापित करने, नई परियोजनाएं शुरू करने और निवेश के अवसरों पर चर्चा होगी। सरकार की ओर से प्रदेश में उपलब्ध संसाधनों, औद्योगिक क्षमता और निवेश की संभावनाओं की जानकारी भी निवेशकों के साथ साझा की जाएगी।

उज्जैन में मस्जिद तोड़े जाने...

हालांकि, नमाज के समय इसे रोक दिया गया। इसके बाद मामला शांत हो गया। पुलिस ने 15 लोगों को हिरासत में लिया है। 7 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, इनमें सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शामिल हैं। इन पर माहौल बिगाड़ने का आरोप है।

सेंसेक्स में 1,124 अंकों की...

के आखिर तक ये 1.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,771 के लेवल पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 50 ने सोमवार को 23,064 के लेवल पर ओपनिंग दी और दिन के आखिर तक ये 1.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,780 के लेवल पर बंद हुआ।

एशियन गेम्स की स्वर्ण पदक...

और पूरे देश का गौरव बढ़ाया है। उनकी यह उपलब्धि प्रदेश की बेटियों और युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की प्रतिभाओं में अपार सामर्थ्य है। राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए बेहतर प्रशिक्षण, संसाधन और प्रोत्साहन मिले, ताकि वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदेश और देश का नाम रोशन करें।

डॉक्टरों पर हमले बर्दाश्त नहीं शिवसेना पार्षद की जमानत रद्द

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को डॉक्टरों पर कथित हमले के मामले में शिवसेना पार्षद रमेश म्हात्रे को मिली जमानत रद्द कर दी। मामला महाराष्ट्र के ठाणे जिले के एक नगर निगम अस्पताल में डॉक्टरों पर कथित हमले से जुड़ा है। कोर्ट ने म्हात्रे को तीन दिन के भीतर आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने महाराष्ट्र सरकार की ओर से दायर अपील को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया।

विपक्ष के आरोपों पर नड्डा का पलटवार

नई दिल्ली/ए.। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सोमवार को चुनाव आयोग पर विपक्ष के आरोपों की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने विपक्ष के सभी झूठों का पर्दाफाश कर दिया है। विपक्षी नेताओं पर जनता को गुमराह करने और देश में भ्रम पैदा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

जेपी नड्डा ने क्या कहा?

पत्रकारों से बात करते हुए नड्डा ने कहा कि तथ्यों की कसौटी पर परखने पर विपक्ष के आरोप बार-बार खारिज किए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि उनके आरोपों की सच्चाई चुनाव आयोग और देश की सर्वोच्च अदालतों के सामने भी आ चुकी है। नड्डा ने कहा, 'अब चुनाव आयोग ने सारे झूठ बेनकाब कर दिए हैं।' उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि चुनाव आयोग के सभी सदस्यों के जवाब देने के बावजूद वे आरोप लगाते रहते हैं।

उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल आरोप लगाते हैं और चले जाते हैं।

कार्यालय नगर पंचायत डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)

क्रमांक/ 970/प्र.मं.आ.यो. 2.0/न.पं. / 2025-26 डभरा, दिनांक 28/09/2026

// दावा आपत्ति आमंत्रण सूचना //

राज्य शहरी विकास अभिकरण छत्तीसगढ़ इंद्रावती भवन अटल नगर नवा रायपुर अटल नगर जिला - रायपुर (छ.ग.) का पत्र क्रमांक /09/ सूडा / प्र.मं.आ. यो. 2.0/2024-25/8794 अटल नगर नवा रायपुर दिनांक 13.03.2025 के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 सबके लिए आवास मिशन बीएलसी घटक अंतर्गत स्वयं की भूमि पर काबिज हितग्राहियों को निर्धारित दिशा-निर्देश अनुसार कट-ऑफ तिथि दिनांक 31 अगस्त 2024 के पूर्व काबिज हितग्राहियों से नगर पंचायत डभरा द्वारा आवेदन प्राप्त कर सर्वेकर्ता द्वारा सत्यापन कर पटटाधारी, नजूल, बी-1, पी-2, कुल 65 हितग्राहियों की प्रथम सूची तैयार की गई है (सूची संलग्न) उक्त हितग्राहियों का काबिज, विवाद मुक्त होने पर उक्त हितग्राहियों का डीपीआर तैयार कर आवास स्वीकृत किया जाना है।

अतः जिस किसी व्यक्ति को प्रकाशित सूची में किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर नगर पंचायत डभरा कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में दस्तावेज आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है। उक्त तिथि उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी।

संलग्न :- उपरोक्तानुसार हितग्राहियों की सूची।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत डभरा

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर
(जोन क्रं - 8)
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID - rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 35742 रायपुर, दिनांक 28.09.2026
वार्ड का नाम - 70 - संत रविदास वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 70 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR870F00124** जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती **AVINASH PANDEY** पिता / पति श्री/श्रीमती **C.B. PANDEY** के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती **SMT PRACHI SHARMA AND SHRI HITESH KUMAR GUPTA** पिता/पति श्री/श्रीमती **SHRI PRADEEP KUMAR SHARMA AND SHRI RAJENDRA KUMAR GUPTA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र , शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "

श्रीमती राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर
(जोन क्रं - 8)
मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID - rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 35589 रायपुर, दिनांक 28.09.2026
वार्ड का नाम - 70 - संत रविदास वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 70 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR870I00057** जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती **NAGESHWAR JAISWAL S/O BUDHI JAISWAL, PRITI JAISWAL W/O MAGESHWAR JAISWAL** पिता / पति श्री/श्रीमती ...... के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती **SHRI CHANDRABHAN AGRAWAL S/O SHRI RAMDHAN AGRAWAL AND SUNITA AGRAWAL W/O SHRI CHANDRABHAN AGRAWAL** पिता/पति श्री/श्रीमती .... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र , शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "

श्रीमती राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलेश्वर साहू आ. सुखराम साहू निवासी बोरीगारका दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भाई दिलीप कुमार की जन्म/मृत्यु दिनांक 24.01.2018 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07.10.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.09.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार भिलाई-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- भिलाई-3 प.ह.न. 00001 जामुल ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण आर.डी. 202526430102800045

तहसील भिलाई-3 के प.ह.न. 00001 के अंतर्गत ग्राम जामुल के वर्तमान भूमिस्वामी अमीत यादव पिता/पति जिलेदार यादव पता-ई डब्लू एस 1882 हाउसिंग बोर्ड वार्ड नं 16 इंडस्ट्रियल एस्टेट आई ई भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छग, अमरजीत सिंह पिता/पति-स्व प्यारा सिंह पता-मकान नंबर डी 13 बटा 6 वार्ड नंबर 16 गुरुद्वारा के पास हाउसिंग बोर्ड अ ई भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 86/2(0.3400) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अमरजीत सिंह पिता/पति स्व प्यारा सिंह पता-मकान नंबर डी 13 बटा 6 वार्ड नंबर 16 गुरुद्वारा के पास हाउसिंग बोर्ड अई भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़, अमीत यादव पिता/पति-जिलेदार यादव पता-ई डब्लू एस 1882 हाउसिंग बोर्ड वार्ड नं 16 इंडस्ट्रियल एस्टेट आई ई भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.10.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28.09.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
उपतहसील भिलाई-03 (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202509103800050
/अ-20(1)/ वर्ष 2025-26

आवेदिका नीना लाल पति लाल के.व्ही. पि. शंकरन एन.के. निवासी 3/2 प्रियदर्शनी परिसर नेहरू नगर भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित खसरा नं. 1/2, 2/2 का टु, प्लाट नं. एम.आई.जी.-2/183 क्षेत्रफल 160 वर्गमीटर भूगि आवेदक के पिता शंकरन एन.के.आ. कुमारन को भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई द्वारा आबंटित किया गया है। आबंटिती शंकरन एन.के. आ. कुमारन की मृत्यु दिनांक 28.10.2023 को एवं मृतक की पत्नी पदमा पति शंकरन एन.के. की मृत्यु दिनांक 12.10.2007 को हो चुकी है। मृतक आर्बटिती के घारिशान उनके पुत्र-पुत्री संदीप एन.एस., नीना लाल पिस. शंकरन एन.के. है। इसके अतिरिक्त अन्य वारिसान नहीं है। आवेदक द्वारा प्रश्नाधीन भूखण्ड को मृतक आबंटिती के वारिसान के नाम पर नामान्तरण करते हुए नवीन पटटा जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10.10.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.09.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202509103800049
/अ-20(3)/ वर्ष 2025-26

आमसभा में प्रतिनिधियों ने समितियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को रखा। पवन जैन (समिति अहिवारा) ने निवेश ऋण की ब्याज दर 12 से घटाकर 3 प्रतिशत करने, समितियों में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत सोलर पैनल लगाने, खाद गोदाम ऋण पर 50 प्रतिशत अनुदान तथा धान खरीदी से पहले त्रिपक्षीय अनुबंध कराने की मांग की। योगेन्द्र दिल्लीवार (दाऊ ब्राल सिंह साव समिति) ने निवेश ऋण की सीमा बढ़ाने, ब्याज पर समितियों को 2 प्रतिशत कमीशन, व्यापारिक गतिविधियों के लिए ऋण तथा दैनिक वेतन कर्मचारियों के बोनस एवं

नियमितीकरण की मांग रखी। संजीव तिवारी (देवरबीजा समिति) ने प्रबंधकीय शुल्क 2.50 से घटाकर 1.50 प्रतिशत करने, कालातीत ऋणों की वसूली के लिए विशेष प्रयास तथा धान परिवहन समय पर कराने की मांग की। रउफ कुरैशी (अल्पसंख्यक समिति दुर्ग) ने क्रेडिट समितियों को रियायती दर पर ऋण और फिक्स डिपॉजिट पर प्रचलित दर से एक प्रतिशत अधिक ब्याज देने की मांग की। हरदेव लाल सार्वा ने हल्दी बीमा कमीशन समितियों को देने तथा केसीसी चेकबुक के पन्ने 10 से बढ़ाकर 25 करने की मांग रखी। नथमल कोठारी (चेचानमेटा समिति) ने गोदाम अनुदान की बैंक में जमा राशि समितियों को देने, धान सूखत का लाभ दिलाने तथा एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन निरंतर जारी रखने की मांग की। कृष्णा साहू (पीपरछेड़ी समिति) ने एकमुश्त समझौता योजना लागू करने की मांग की। वहीं पूरण सिंह राजपूत (घोटिया समिति) ने धान परिवहन समय पर कराने, पवन सोनबरसा (खुरसुनी समिति) ने परिवहन एवं संग्रहण केंद्र में धान की मात्रा में अंतर की समस्या, मणीकांत बघेल (डौण्डी समिति) ने ब्याज अनुदान समय पर देने तथा नोहर साहू (बेलौदी समिति) ने खाद वितरण में विलंब की समस्या उठाई।

विष्णु प्रसाद साहू (भंडेरा समिति) ने धान खरीदी पंजीयन में 21 क्विंटल प्रति एकड़ के भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया पर आपत्ति जताई। प्रेमलाल नायक (ननकट्ठी समिति) ने खाद कमीशन बढ़ाने, परिवहन भाड़े की समस्या दूर करने तथा केसीसी शाखा स्तर पर करने की मांग की। भागवत चंद्राकर (जामगांव आर समिति) ने एग्रीस्टेक में सहखातेदार के अनुपस्थित रहने की स्थिति में पंजीयन के विकल्प पर मार्गदर्शन मांगा। प्रबल सिंह (जेवरा समिति) ने घरेलू गैस सिलेंडर व्यवसाय के लिए समिति को आर्थिक सहायता देने की मांग रखी।

प्रतिनिधियों की मांगों पर बैंक प्रबंधन ने बैंक स्तर की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने तथा शासन स्तर की मांगों को शासन को भेजने की बात कही। आमसभा में बैंक उपाध्यक्ष नरेश यदु, उप पंजीयक दुर्ग सतीश पाटले, उप संचालक कृषि संदीप भोई, बैंक अधिकारी एस.के. निवसरकर, हृदेश शर्मा, कुसुम ठाकुर, के.के. नायक, ए.एस. खान, एस.पी. वाहने, धीरेन्द्र देवांगन, आर.के. मोहनमाला, चंद्रशेखर मानिकपुरी, विष्णु देवांगन सहित अन्य उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

डॉ. उदय को मिला भिलाई रत्न सम्मान कई समितियां भी सम्मानित

भिलाई/नवप्रदेश। आस्था-रथ सांस्कृतिक मंच की ओर से 25 सितंबर को सेल परिवार (आस्था) चौक, सिविक सेंटर में गणेश विसर्जन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए डॉ. उदय कुमार को स्मृति चिन्ह एवं सम्मान अलंकरण प्रदान कर 'भिलाई रत्न सम्मान 2026' से नवाजा गया। समारोह में दुर्ग सांसद विजय बघेल, खादी एवं ग्रामोद्योग विकास बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पांडेय, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, श्रीरामजन्मोत्सव समिति युवा विंग अध्यक्ष मनीष पांडेय, पार्षद सुभद्रा सिंह, अभिनेत्री श्वेता पड्डा, डॉ. सुशोवन रॉय एवं डॉ. मंजू रॉय सहित सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े लोग मौजूद रहे। गणेश विसर्जन महोत्सव में शहर की विभिन्न समितियों की 51 झांकियां सेंट्रल एवेन्यू से होते हुए सेल परिवार चौक पहुंचीं। सभी झांकियों को सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ आयोजन का 11वें वर्ष का खिताब न्यू आजाद गणेशोत्सव समिति को मिला, जबकि सर्वश्रेष्ठ थीम का प्रथम पुरस्कार शिव मानस गणेशोत्सव समिति, सेक्टर-10 को प्रदान किया गया। इसके अलावा वरिष्ठ एवं जूनियर वर्ग में सर्वश्रेष्ठ पंडाल, प्रतिमा और पूजन समिति सहित विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की झलक भी देखने को मिली। बस्तर के कलाकारों ने बस्तरिया नृत्य तथा डॉ. राधेश्याम बारले की टीम ने पंथी नृत्य प्रस्तुत किया। आयोजन में छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान से शौर्य चक्र प्राप्त इंस्पेक्टर लक्ष्मण केवट एवं रामेश्वर प्रसाद देशमुख को भी सम्मानित किया गया। मंच द्वारा धार्मिक आयोजनों के साथ सामाजिक सहभागिता, सांस्कृतिक परंपराओं एवं जरूरतमंदों की सहायता को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

बीएसपी में 'बेसिक प्रोजेक्ट मैनेजमेंट' पर चार दिवसीय प्रशिक्षण

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन-लर्निंग एवं डेवलपमेंट विभाग ने सेल-एमटीआई, रांची के सहयोग से बीएमडीसी, सेक्टर-7 में 'बेसिक प्रोजेक्ट मैनेजमेंट' विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को परियोजना नियोजन, क्रियान्वयन, संसाधन प्रबंधन एवं समीक्षा तंत्र की व्यावहारिक जानकारी देना रहा। प्रशिक्षण में बीएसपी के विभिन्न विभागों के 31 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन सत्र में कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं), बीएसपी प्रबीर कुमार सरकार मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने समयबद्ध परियोजना क्रियान्वयन, संसाधनों के प्रभावी उपयोग एवं बेहतर परिणामों के लिए सुव्यवस्थित परियोजना प्रबंधन प्रक्रिया के महत्व पर जोर दिया। महाप्रबंधक प्रभारी एवं विभागाध्यक्ष (एचआर-एलएंडडी) एस.के. श्रीवास्तव ने निरंतर क्षमता निर्माण को संगठनात्मक प्रभावशीलता के लिए महत्वपूर्ण बताया। पूर्व कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं), आईएसपी एवं डीएसपी अमित रंजन दासगुप्ता ने बड़े प्रोजेक्ट्स के अपने अनुभव साझा किए। तकनीकी सत्रों का संचालन अमित रंजन दासगुप्ता, सुधीर कुमार (महाप्रबंधक, परियोजनाएं, बीएसएल), अनुराग उपाध्याय (मुख्य महाप्रबंधक, परियोजनाएं, बीएसपी) एवं ए. नागेंद्र (सहायक प्रबंधक, सुरक्षा, प्रोपेन प्लांट, बीएसपी) ने किया।

कांग्रेस का प्रदर्शन: भूपेश बघेल की मौजूदगी में कलेक्टर कार्यालय तक पहुंचा मार्च, पुलिस बैरिकेडिंग के दौरान हुई झूमाझटकी, एसआईआर को लेकर आक्रोश

मतदाता सूची में पारदर्शिता की मांग को लेकर कांग्रेस का विरोध मार्च

दुर्ग/नवप्रदेश। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर एवं भिलाई नगर के संयुक्त तत्वावधान में 28 सितंबर को कांग्रेस भवन से कलेक्टर कार्यालय तक विरोध मार्च निकाला गया। कांग्रेस नेताओं ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर मतदाता सूची और निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी शिकायतों की निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रदर्शन में पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस दौरान राकेश ठाकुर, धीरज बाकलीवाल, मुकेश चंद्राकर, पूर्व विधायक अरुण वोरा और महापौर निर्मल कोसरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे। प्रदर्शन की जानकारी की स्थानीय रिपोर्टों में भी पुष्टि हुई है।

कांग्रेस भवन से निकला मार्च पटेल चौक होते हुए कलेक्टर कार्यालय की ओर बढ़ा। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास किया, जिसके दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झूमाझटकी हुई। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नाम के प्रतीकात्मक पुतले भी जलाए।

ज्ञापन में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन की प्रक्रिया, दावों-आपत्तियों, फॉर्म-6 तथा संबंधित रिकॉर्ड की निगमानुसार जांच कराने की मांग की गई। कांग्रेस ने 'वोट चोरी' से जुड़े आरोपों की निष्पक्ष तथ्यात्मक जांच और जांच में किसी प्रकार की अनियमितता प्रमाणित होने पर संबंधित कानून के तहत कार्रवाई की मांग भी रखी।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मतदाता सूची और निर्वाचन प्रक्रिया लोकतांत्रिक व्यवस्था से सीधे जुड़ी है, इसलिए इनसे संबंधित शिकायतों का समाधान पारदर्शी और निर्धारित नियमों के अनुसार होना चाहिए। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ एफआईआर और गिरफ्तारी की मांग की। यह मांग कांग्रेस के व्यापक विरोध कार्यक्रम का हिस्सा रही है।

प्रदर्शन में राजीव गुप्ता, रायसिंह ढिकोला, विक्रांत अग्रवाल, संजय कोहले, आर.एन. वर्मा, नासिर खोखर, महेंद्र वर्मा, अशोक साहू, राजेश ठाकुर, रोहित कुर्रे, शमशीर कुरैशी, सुनीत घोष, संतलाल बंजारे, पुकेश चंद्राकर, विशाल देशमुख, निरंजन राजपूत, कमलेश साहू, उमेश साहू, संतोष बाफना, श्रीकांत वर्मा, मनहरण यादव, मोहन साहू, शिवकुमार वर्मा, टिकेश्वरी देशमुख, लक्ष्मी साहू, योगिता चंद्राकर, जामवंत गजपाल, जयप्रकाश साहू, वीरेंद्र साहू, राजेश यादव, अल्ताफ अहमद, अजय शर्मा, सुशील भारद्वाज, आनंद कपूर ताम्रकर, प्रकाश ठाकुर, रज्जाक खान, राम सूर्यवंशी, सुमित नागंग, लोचन यादव, रोहित यादव, अभिषेक जांगड़े, महेंद्र निषाद, राजेश मानिकपुरी, संगीता ठाकुर, गज्जू साहू, युगल साहू, मनीष बघेल, विजेंद्र भारद्वाज, संतोष सोनी, हिमांशु शर्मा, ईश्वर साहू, यशवंत दिल्लीवार, बैकुंठ महानंद, हरीश सिन्हा, वाहिद चौहान, ललित यूके, निशांत, सचिन पाटने, विमल यादव, देव सिंहा, गौरव उमरे, संदीप वोरा, आयुष शर्मा, बृजमोहन तिवारी, कन्या ढीमर, शकुनी ढीमर, मोहित वालदे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सेवा, संस्कार और शिक्षा से सकारात्मक बदलाव संभव : शिक्षा मंत्री गजेन्द्र

चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

भिलाई/नवप्रदेश। सेवा संकल्प अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुआबांधा में विकासखंड स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुआ। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर एवं भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा तैयार चित्रों का अवलोकन किया। विद्यार्थियों ने विकसित भारत, स्वच्छता एवं संस्कृति सहित विभिन्न विषयों को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े के रूप में सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति एवं सृजनशीलता बढ़ाने में सहायक हैं। विधायक ललित चंद्राकर ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि प्रतियोगिताएं बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देती हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं और सेवा एवं संस्कार से जुड़कर विकसित भारत के संकल्प में योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम में राजू जंघेल, अनुपम साहू, शीतला राजपूत, कमलेश फेकर, पार्षद सारिका साहू, सविता धवज, शकुंतला दास, संस्कृति वर्मा, कौशल यादव, दशरथ साहू, प्रवीण यदु, स्कूल शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह एवं प्राचार्य दीप्ती गुप्ता सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

कातुलबोर्ड में आंगन मिलन कार्यक्रम, सहायिकाओं व मितानिनों का सम्मान

महापौर बाघमार ने कहा– कुपोषण के खिलाफ जनभागीदारी से लड़ाई को बनाना होगा मजबूत

दुर्ग/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत परियोजना वार्ड क्रमांक 60 कातुलबोर्ड स्थित आंगनबाड़ी भवन में आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि महापौर अलका बाघमार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं मितानिनों के कार्यों की सराहना करते हुए उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में बच्चों एवं गर्भवती माताओं के पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग की नींव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और मितानिन हैं। इनके माध्यम से स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, पौष्टिक आहार, न्योता भोज सहित विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि गर्भवती माता के स्वस्थ रहने से आने वाली पीढ़ी भी स्वस्थ होगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानिन घर-घर पहुंचकर कुपोषण के खिलाफ जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने सभी से बच्चों के लिए पौष्टिक आहार को प्राथमिकता देने और सुपोषण के लिए मिलकर कार्य करने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में गर्भवती माताओं की गोदभराई तथा छह माह पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। माताओं एवं बच्चों को पौष्टिक आहार के महत्व की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में वार्ड पार्षद नीरा खिचरिया, रंजीता पाटिल, लोकेश्वरी ठाकुर, महिला एवं बाल विकास अधिकारी अनिता सिंह सहित विभागीय कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका, मितानिन एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

सविता देवांगन को मिली पीएचडी की उपाधि

कुम्हारी/नवप्रदेश। जंजगीरी निवासी एवं सेजेस जंजगीरी, जिला दुर्ग में व्याख्याता सविता देवांगन को मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा शिक्षा विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने ÷हाई स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों की पाठ्य सहगामी क्रियाओं का सामाजिक कौशल एवं भावनात्मक परिपक्वता पर प्रभाव का अध्ययन÷ विषय पर शोध कार्य पूर्ण किया। उन्होंने अपना शोध कार्य स्कूल ऑफ एजुकेशन, मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर की प्रोफेसर डॉ. प्रज्ञा झा के मार्गदर्शन में पूरा किया। सविता देवांगन ने अपनी सफलता का श्रेय शोध निर्देशिका डॉ. प्रज्ञा झा, पति सेठ करोड़ीमल, पुत्र लाभेश एवं पुत्री गरिमा को दिया। उन्होंने अपना संपूर्ण शोध प्रबंध अपने स्वर्गीय पिता कृपाराम देवांगन एवं स्वर्गीय माता श्रीमती चंद्रावती देवांगन को समर्पित किया। उनकी इस उपलब्धि पर परिवारजनों, शुभचिंतकों एवं विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विधायक ललित ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं, अधिकारियों को दिए निर्देश

रिसाली/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रिसाली द्वारा नगरीय निकाय स्तर पर आयोजित सेवा संकल्प शिविर में नागरिकों की मांगों एवं शिकायतों से जुड़े 135 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 129 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया। पुरैना के वार्ड 38 स्टोर पारा, वार्ड 39 एनएसपीसीएल और वार्ड 40 पुरैना बस्ती के नागरिकों के लिए सामुदायिक भवन में शिविर लगाया गया। शिविर में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, पार्षद रंजीता बेनुआ एवं पार्वती महानंद

मौजूद रहीं। विधायक ललित चंद्राकर ने नागरिकों से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के लगातार 25 वर्ष के जनसेवा कार्य के उपलक्ष्य में सेवा संकल्प शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में आयोजित इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का गंभीरता से निराकरण किया जाएगा। विधायक ने निगम द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। इस दौरान मंच पर रिसाली मंडल अध्यक्ष अनूपम साहू, पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आयोजन : पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति 11वें व्याख्यान में भारतीय बौद्धिक विरासत पर हुआ विमर्श

भारतीय ज्ञान परंपरा की जड़ें अत्यंत गहरी : डॉ. सच्चिदानंद जोशी

भिलाई नगर/नवप्रदेश। संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से ग्रामोदय एवं प्रबुद्ध परिषद छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति 11वें व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, नई दिल्ली के सदस्य सचिव, लेखक एवं शिक्षाविद डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा की जड़ें अत्यंत गहरी हैं। यह वेद, उपनिषद, शास्त्र और लोक साहित्य पर आधारित समृद्ध ज्ञान प्रणाली है, जो जीवन, प्रकृति, समाज और ब्रह्मांड को जोड़कर देखने का दर्शन प्रस्तुत करती है।

छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में धर्म और अध्यात्म के साथ दर्शन, विज्ञान, वेद, पुराण एवं खगोल शास्त्र सहित अनेक ज्ञान-विज्ञान की परंपराएं शामिल हैं। अतिथि वक्ता लेखक एवं संपादक विनोद मिश्र ने भारतीय ज्ञान परंपरा को सांस्कृतिक एकता, साहित्यिक विरासत और जीवन दर्शन का आधार बताया। प्रबुद्ध परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष अतुल नागले ने कहा कि ऐसे वैचारिक आयोजन राष्ट्रीय चेतना को मजबूत करते हैं। डॉ. सुधीर लाल भी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से ग्रामोदय एवं प्रबुद्ध परिषद छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति 11वें व्याख्यान का आयोजन किया गया।

समारोह की शुरुआत पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि से हुई। अतिथियों का स्वागत डी.वी. गिरी, सुमन कनौजे, हेमंत नायडू, अनिल वशिष्ठ, श्वेता उपाध्याय एवं डॉ. हंसा शुक्ला ने किया। लोकगायिका रजनी रजक ने राजगीत प्रस्तुत किया। नयनदीप विद्यालय के दृष्टिबाधित विद्यार्थियों ने वंदेमातरम् की प्रस्तुति दी। संचालन रचना नायडू एवं आभार प्रदर्शन सुमन कनौजे ने किया।

समारोह में पद्मश्री उषा बारले, एन.पी. दीक्षित, ई.वी. मुरली, राजेंद्र सोनबोईर, डॉ. सुनीता वर्मा, राजीव रंजन, विजय येचुरी, अजय सिंह, मोरध्वज चंद्राकर, घनश्याम देवांगन, श्वेता पड्डा, शंकर चरण पाण्डेय, उपासना साहू, प्रदीप भट्टाचार्य, वी.एन. पाण्डेय, श्वेता उपाध्याय, नीलम जायसवाल, डॉ. संजय दानी, जमील अहमद, नौशाद सिद्दीकी, अजय डांगे, प्रभुनाथ मिश्रा एवं दिनेश वाजपेयी सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

गुजरात के बड़नगर से शुरू हुई यात्रा 32 बंगला

भिलाई/नवप्रदेश। गुजरात के बड़नगर से शुरू हुई जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा के दुर्ग जिले में प्रवेश को लेकर भाजपा और भारतीय जनता युवा मोर्चा ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सोमवार को भिलाई भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में यात्रा के रूट, स्वागत कार्यक्रम और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई।यात्रा के भिलाई पहुंचने पर युवा मोर्चा की ओर से करीब 400 बाइक के साथ स्वागत किया जाएगा। 32 बंगला क्षेत्र में विशेष स्वागत कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके बाद यात्रा सेंट्रल एवेन्यू, पावर हाउस, भिलाई-3 और चरोदा होते हुए आगे रवाना होगी।

न्यायालय नायब तहसीलदार तुमगांव, जिला-महासमुन्द (छ.ग.)

रा.मा.क्र.202409122600014 / अ-19 वर्ष 2023-24
ग्राम अछोली प.ह.नं. 31
रा.नि.म. सिरपुर
तहसील व जिला-महासमुन्द

// ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता समस्त ग्रामवासी अछोली को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर महासमुन्द के पत्र क्र. 1433/क/वाचक / 2024 महासमुन्द दिनांक 14.02.2024 एवं कार्या. अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुन्द के पत्र क्र. 13/अ.वि.अ./वा-01/2024 महासमुन्द दिनांक 28.08.2024 महासमुन्द समोदा-अछोला समूह जल प्रदाय योजना हेतु ग्राम अछोली शासकीय भूमि खसरा नंबर 1820 का चयन कर आबंटन हेतु कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.स्वा.यां. विभाग एवं सदस्य सचिव जिला एवं स्वच्छता मिशन महासमुन्द के नाम पर आबंटित किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को उजर/दावा/आपत्ति पेश करना है तो वह नियत पेशी तिथि दिनांक 01/10/2026 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर नियत तिथि तक आपत्ति/दावा पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नही किया जायेंगा।

आज दिनांक 17/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
तुमगांव, जिला महासमुन्द

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)

फार्म - अ
सार्वजनिक सूचना
(नियम- 6 देखिये)

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक राहुल कुमार सोनकर आ. श्री बिसंभर सिंह सोनकर, उम्र 37 वर्ष, जाति सोनकर, साकिन मकान नं. 53 वार्ड 07 शिवनगर कांकेर, थाना व तह. कांकेर, जिला कांकेर (छ.ग.) एवं आवेदिका टिकेश्वरी साहू आ. श्री खोरबाहरा रा साहू उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम खुंदनी, थाना व तह. गुरूर, जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05. के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 01/10/2026 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 02/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

अगामी तिथि 01/10/2026

मुहर

अपर कलेक्टर,
एवं विशेष विवाह। अधिकारी
जिला बालोद (छ.ग.)

भारी बारिश: मल्लीगुड़ा-छत्रीपुट के बीच भूस्खलन से रेललाइन क्षतिग्रस्त, जीएम ने मौके पर पहुंचकर लिया जायजा, मुख्यमंत्री साय ने किया बस्तर क्षेत्र का दौरा

बारिश ने रोकी बस्तर की रेल रफ्तार, पटरी हवा में लटकी

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर और ओडिशा में लगातार हुई भारी बारिश ने रेल यातायात की रफ्तार थाम दी है। मल्लीगुड़ा और छत्रीपुट रेलवे स्टेशन के बीच भूस्खलन से रेलपटरी क्षतिग्रस्त होने के बाद रेलवे ने राहत और सुधार कार्य तेज कर दिया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भुवनेश्वर रेल जोन मुख्यालय से महाप्रबंधक परमेश्वर पुंकवाल स्वयं घटनास्थल पहुंचे और क्षतिग्रस्त रेललाइन का निरीक्षण किया।

रेलपटरी के नीचे से मिट्टी खिसकने के कारण कई स्थानों पर ट्रैक हवा में लटक गया है। पहाड़ी हिस्सों से लगातार मलबा गिरने के कारण सुधार कार्य में भी चुनौती बनी हुई है। बारिश थमने के बाद रेलवे के अधिकारी,कर्मचारी और श्रमिक बड़ी मशीनों के साथ मलबा हटाने तथा रेललाइन को सुरक्षित बनाने में जुटे हैं। महाप्रबंधक दीपक कुमार के निरीक्षण के दौरान रायगड़ा रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अमिताभ सिंघल सहित रेल मंडल मुख्यालय के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। रेलवे का पूरा अमला क्षतिग्रस्त हिस्से से मलबा हटाने और पटरी को दोबारा सुरक्षित स्थिति में लाने में जुटा है।

कई यात्री ट्रेनें रद्द, मालगाड़ियों का परिचालन भी बंद

भारी बारिश और भूस्खलन के चलते जगदलपुर से चलने वाली विशाखापत्तनम एक्सप्रेस, नाइट एक्सप्रेस और राउरकेला जाने वाली ट्रेनें अगले आदेश तक रद्द कर दी गई हैं। केके रेलमार्ग पर भी स्थिति सामान्य नहीं होने के कारण मालगाड़ियों का परिचालन बंद है। इससे लौह अयस्क परिवहन प्रभावित होने के साथ रेलवे को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है।

> लगातार बारिश के कारण हमारे कई जिले प्रभावित हुए हैं। आज हम सुकमा और बस्तर जिले का निरीक्षण कर बाढ़ प्रभावित परिवारों से मिले हैं। बाढ़ से प्रदेश के 571 गांवों के 22,377 लोग प्रभावित हुए हैं। 173 राहत शिविरों में प्रभावित परिवारों को आश्रय दिया गया है। अब तक 16,000 लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।
>
> **– विष्णु देव साय,** मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

फिलहाल लगातार मिट्टी धंसने और ट्रैक पर मलबा गिरने के कारण रेललाइन बहाल करने में समय लगने की संभावना है। रेलवे की प्राथमिकता पहले ट्रैक को सुरक्षित बनाना और इसके बाद यात्री व मालगाड़ियों का परिचालन सामान्य करना है।

छत्तीसगढ़ में बदला मौसम का सिस्टम, रायपुर-दुर्ग, बिलासपुर, जगदलपुर में अब बढ़ेगा तापमान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में पिछले 24 घंटे के दौरान कई स्थानों पर हल्की से मध्यम और एक-दो स्थानों पर भारी बारिश हुई। सबसे ज्यादा 70 मिलीमीटर बारिश रेंगाखार कला में दर्ज की गई। मनोरा में 5, पाली और चिरमिरी में 30-30 मिलीमीटर, जबकि मरवाही, बोदारी, बेलगहना, भैयाथान, बेलतरा, रतनपुर, बैकुंठपुर, अकलतरा, खड़गवां, सोनहत, मनेंद्रगढ़, रामानुजनगर, केल्हारी और नवागढ़ में 20-20 मिलीमीटर बारिश हुई।

अगले 24 घंटे में कम होगी बारिश: मौसम विभाग के अनुसार अब प्रदेश में बारिश की तीव्रता और फैलाव कम होने की संभावना है। अगले 24 घंटे में एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

रायपुर में 33 डिग्री तक पहुंचेगा तापमान: राजधानी में शनिवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम 23 डिग्री दर्ज हुआ। दोनों तापमान सामान्य से 1.3 डिग्री कम रहे। 28 सितंबर को आंशिक बादल छाए रहने और एक-दो बार बारिश या गरज-चमक के साथ बौछार पड़ने की संभावना है। अधिकतम तापमान 33 और न्यूनतम 25 डिग्री के आसपास रह सकता है।

बारिश सामान्य से छह प्रतिशत अधिक

पिछले 24 घंटे की बारिश के साथ मौसमी उपखंड में वर्षा सामान्य से छह प्रतिशत अधिक रही। विभाग के अनुसार 27 सितंबर से प्रदेश में बारिश की तीव्रता और फैलाव कम होने की संभावना है।

दुर्ग सबसे गर्म, पेंड्रारोड सबसे ठंडा

प्रदेश में सबसे अधिक अधिकतम तापमान दुर्ग में 31.6 डिग्री दर्ज किया गया। सबसे कम न्यूनतम तापमान पेंड्रारोड और अंबिकापुर में 19 डिग्री रहा। माना विमानतल में अधिकतम 31.4 और न्यूनतम 22.5, बिलासपुर में 30.7 और 22.7 तथा जगदलपुर में 31.4 और 21.6 डिग्री तापमान दर्ज हुआ।

उत्तर प्रदेश पर कम दबाव का क्षेत्र

मौसम विभाग के अनुसार मध्य उत्तर प्रदेश के उत्तरी हिस्सों पर बना कम दबाव का क्षेत्र 27 सितंबर सुबह 8.30 बजे भी उसी क्षेत्र में था। इससे जुड़ा चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 5.8 किलोमीटर की ऊंचाई तक फैला है। इसके उत्तर-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और अगले 12 घंटे में कमजोर होने की संभावना है।

गिधौरी में बाढ़ का पानी उतरा तो सामने आई तबाही

■ 50 से ज्यादा दुकानों में घुसा नदी का पानी, लाखों के नुकसान की आशंका

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिले के गिधौरी क्षेत्र में महानदी का जलस्तर कम होने के बाद बाढ़ से हुए नुकसान की तस्वीर सामने आने लगी है। पानी कई दुकानों के भीतर तक पहुंचने से व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक 50 से अधिक दुकानें प्रभावित हुई हैं, जबकि दो दर्जन से ज्यादा कारोबारी सीधे तौर पर बाढ़ की चपेट में आए हैं।

दुकानें खुलीं तो बर्बादी का मंजर सामने आया

बाढ़ का पानी उतरने के बाद कारोबारी अपनी दुकानों में पहुंचकर सामान बाहर निकालने में जुटे हैं। दुकानों में रखा खाद्य पदार्थ, इलेक्ट्रॉनिक सामान, कपड़े और अन्य व्यापारिक सामग्री पानी में भीगकर खराब हो गई है। व्यापारियों के मुताबिक नुकसान लाखों रुपये तक पहुंच सकता है। हालांकि फिलहाल नुकसान का सटीक आंकड़ा सामने नहीं आया है। पानी पूरी तरह निकलने और दुकानों का विस्तृत जायजा लेने के बाद ही वास्तविक क्षति का आकलन हो सकेगा।

शबरी सेतु पर अब भी पानी का बहाव: बाढ़ का असर शबरी सेतु पर भी बना हुआ है। पुल के ऊपर पानी का बहाव जारी होने के कारण प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा के मद्देनजर यहां से आवागमन बंद कर रखा है। पुल बंद होने से जांजगीर-चांपा, बिलासपुर और सारंगढ़-बिलाईगढ़ की ओर आने-जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन की नजर जलस्तर और पुल की स्थिति पर बनी हुई है।

जलस्तर घटा, लेकिन कारोबारियों की चिंता बढ़ी: महानदी का जलस्तर अब धीरे-धीरे नीचे आने लगा है, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है। हालांकि बाढ़ का पानी उतरने के बाद कारोबारियों के सामने अपनी दुकानों को दोबारा व्यवस्थित करने और कारोबार शुरू करने की चुनौती खड़ी हो गई है।

इलाकों की स्थिति पर नजर बनाए हुए है प्रशासन: प्रशासनिक टीमें प्रभावित इलाकों की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। जब तक पुल पर पानी का बहाव पूरी तरह समाप्त नहीं हो जाता, तब तक लोगों से सावधानी बरतने और प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की जा रही है।

तर्री गांव तक घुसा महानदी का पानी: सॉ मिल में भरा पानी, बह गई लाखों की लकड़ियां व प्लाईवुड

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नवापारा-राजिम में महानदी की बाढ़ ने नवापारा से लगे तर्री गांव में स्थित अरोड़ा सॉ मिल को भारी नुकसान पहुंचाया है। बाढ़ का पानी मिल परिसर में घुसने के बाद वहां रखी बड़ी मात्रा में लकड़ियां और प्लाईवुड तेज बहाव में बह गए। लकड़ियों के पानी में तैरकर दूर तक जाने का वीडियो भी सामने आया है।

पानी के साथ बह गया लाखों का कच्चा माल: सॉ मिल संचालक कुलदीप अरोड़ा के मुताबिक मिल परिसर में मिक्स प्रजाति की लकड़ियां और दरवाजा बनाने के लिए रखा प्लाईवुड समेत अन्य सामग्री मौजूद थी। बाढ़ का पानी बढ़ने के बाद यह पूरा कच्चा माल पानी की चपेट में आ गया और तेज बहाव के साथ बह गया। इसके अलावा दरवाजे तैयार करने के लिए रखा गया सामान भी बर्बाद हो गया है। मिल की मोटर को भी नुकसान पहुंचा है, जबकि राहत की बात यह रही कि परिसर में लगा बॉयलर सुरक्षित बच गया।

प्रशासन से राहत की उम्मीद

मिल संचालक ने बताया कि बाढ़ से हुए नुकसान की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है। उन्होंने प्रशासन से नुकसान का सर्वे कराकर राहत और उचित सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। महानदी की बाढ़ से क्षेत्र में पहले ही कई कारोबार और दुकानों को नुकसान पहुंचा है। अब तर्री गांव की आरा मिल में लाखों रुपये की लकड़ी और प्लाईवुड बहने से कारोबारियों की चिंता और बढ़ गई है।

बाढ़ से 10 लाख रुपये से ज्यादा नुकसान का दावा

कुलदीप अरोड़ा ने बताया कि बाढ़ के कारण उन्हें शुरुआती अनुमान के मुताबिक 10 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्षों से कारोबार में जुटाई गई सामग्री कुछ ही समय में बाढ़ के पानी की भेंट चढ़ गई। बाढ़ का पानी कम होने के बाद मिल परिसर में नुकसान का जायजा लिया जा रहा है। बह चुकी लकड़ियों और खराब हुए सामान के कारण वास्तविक नुकसान इससे अधिक होने की संभावना भी जताई जा रही है।

एमसीबी में 4.60 करोड़ का गांजा जब्त, दो महिलाओं समेत 6 गिरफ्तार

■ दो पिकअप वाहनों में कपड़ों के गठरों के नीचे छिपाकर ले जा रहे थे खेप 9.19 क्विंटल गांजा, ओडिशा से कटनी पहुंचाने की थी तैयारी

अम्बिकापुर/मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) जिले में पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो पिकअप वाहनों से करीब 9 क्विंटल 19 किलो गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत करीब 4 करोड़ 59 लाख रुपए बताई गई है। मामले में पुलिस ने दो महिलाओं समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में खेप को ओडिशा से मध्यप्रदेश के कटनी ले जाने की बात सामने आई है।

पुलिस के अनुसार रविवार सुबह करीब 10.30 बजे नागपुर चौकी के सामने कटनी-गुमला नेशनल हाईवे पर वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान ओडिशा नंबर के दो पिकअप वाहनों को संदेह के आधार पर रोककर तलाशी ली गई। दोनों वाहनों के नंबर ओडी 14 एए-3468 और ओडी 14 एएल-9682 बताए गए हैं।

कपड़ों के गठरों के नीचे छिपाए थे पैकेट: तलाशी के दौरान पुलिस को वाहनों में कपड़ों के बड़े-बड़े गठर दिखाई दिए। संदेह होने पर जब पुलिस ने गठरों को हटाकर जांच की तो उनके नीचे गांजे के पैकेट छिपाकर रखे मिले। दोनों वाहनों से 200 से अधिक पैकेटों में भरा करीब 9.19 क्विंटल गांजा बरामद किया गया। सूचना मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और जब्त गांजे की तौल कराई गई।

ओडिशा से कटनी जा रही थी गांजे की खेप

पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गांजा ओडिशा से लोड किया गया था और इसे मध्यप्रदेश के कटनी में पहुंचाया जाना था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि गांजा ओडिशा में कहां से खरीदा गया और कटनी में इसे किस व्यक्ति को सौंपा जाना था। इसके साथ ही तस्करी के पूरे नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी भी जुटाई जा रही है।

प्रदेश के कई जिलों से गुजरकर पहुंची थी खेप

पुलिस के मुताबिक गांजे की खेप ओडिशा से छत्तीसगढ़ लाई गई थी। तस्कर छत्तीसगढ़ के रास्ते मध्यप्रदेश की ओर बढ़ रहे थे। पुलिस की कार्रवाई में दोनों पिकअप वाहन भी जब्त किए गए हैं। मामले की जांच जारी है और आरोपियों से पूछताछ के आधार पर तस्करी से जुड़े अन्य लोगों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

ये आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने मामले में मध्यप्रदेश के कटनी जिले के बरही थाना क्षेत्र की सुनीता (25) और अलबेरनी (28) सहित ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के बिरमित्रापुर क्षेत्र के अनिल टोपनो (26), राजीत इंदवार (20), विनय टेटे (33) तथा हातिबारी थाना क्षेत्र के अरूप मिरधा (22) को गिरफ्तार किया है।

__गणेशोत्सव झांकी:__ छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सोमवार रात भव्य गणेश विसर्जन और चल झांकी निकाली निकाली गई। शारदा चौक, जयस्तंभ चौक, मालवीय रोड, कोतवाली चौक, सदर बाजार, कंकालीपारा चौक, पुरानी बस्ती थाना तिराहा, लाखेनगर चौक, सुंदरनगर रोड, रायपुरा चौक होते हुए महादेव घाट विसर्जन स्थल पहुंची। इसमें रायपुर के अलावा दुर्ग और राजनांदगांव जिले की झांकियां भी शामिल हुईं। झांकियों को देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। –(फोटो- महादेव तिवारी)

कबाड़ से भरा ट्रक जब्त, फरार मुख्य रिसीवर गिरफ्तार

मनेंद्रगढ़/एमसीबी /नवप्रदेश। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट मनेन्द्रगढ़ में सुनीता मिंज थाना प्रभारी अंबिकापुर और अनूपपुर की संयुक्त टास्क टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए नेशनल हाईवे से कबाड़ से लदे एक ट्रक को पकड़ा है। इस कार्रवाई में रेलवे की चोरी की गई संपत्ति के साथ-साथ मामले के फरार मुख्य रिसीवर (कबाड़ खरीदार) को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। रेलवे सुरक्षा बल, अंबिकापुर की थाना प्रभारी सुनीता मिंज ने बताया कि 17 सितंबर 2026 को नेशनल हाईवे पर एक संदिग्ध ट्रक को पकड़ा गया था।

बाढ़ प्रभावितों को 35 किलो चावल की राहत

■ नपा के वार्ड 15 से 19 तक प्रभावित परिवारों को नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण

नवापारा राजिम। बाढ़ की विषम परिस्थितियों में प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा खाद्यान्न सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह के दिशा-निर्देशन एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित वार्ड क्रमांक 15, 16, 17, 18 एवं 19 में प्रभावित परिवारों को प्रति परिवार 35 किलो चावल नि:शुल्क वितरित किया जा रहा है।

बाढ़ के कारण जिन परिवारों के मकान प्रभावित हुए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर यह खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि संकट की इस घड़ी में परिवारों को भोजन की व्यवस्था के लिए परेशानी न उठानी पड़े। प्रशासन की इस राहत पहल से बाढ़ प्रभावित परिवारों को तत्काल खाद्य सहायता मिल रही है। नपा के सीएमओ लवकेश पैकराने बताया राहत व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए नगर पालिका परिषद एवं राजस्व विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में परिवारों की जानकारी जुटाने तथा जरूरत के अनुसार सहायता पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। जिला प्रशासन के निर्देश पर संबंधित विभाग आपसी समन्वय से राहत कार्यों में जुटे हैं। प्रशासन का कहना है कि बाढ़ प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए राहत कार्य लगातार जारी रहेंगे।

ग्रेड पे की मांग: नर्सिंग संवर्ग का आंदोलन तेज

रायपुर/नवप्रदेश। ग्रेड पे वेतनमान से जुड़े प्रस्ताव को लागू करने की मांग को लेकर नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ ने आंदोलन तेज करने का ऐलान किया है। एसोसिएशन के अनुसार शासन स्तर पर अब तक मांग को लेकर कोई ठोस पहल नहीं होने से प्रदेशभर के नर्सिंग संवर्ग में नाराजगी है। मांग पूरी नहीं होने पर 18 नवंबर से प्रदेश के सभी 10 मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत नियमित, संविदा और दैनिक वेतनभोगी नर्सिंग कर्मचारी अनिश्चितकालीन आंदोलन पर जाने की तैयारी में हैं। सोमवार को कोरबा, अंबिकापुर और महासमुंद मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पतालों के नर्सिंग संवर्ग ने अस्पताल परिसर में दो घंटे का सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि.शेड नं.74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 फोन: 0771-3526755, 6262188999